3 राजधानी
विश्वस्तरीय बनेंगी दिल्ली की सड़कें

6 अभिमत
महिलानीत रूपांतरण का आह्वान

10 विदेश
रूस पहुंचे उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन

12 स्पोर्ट्स
भारत ने श्रीलंका को 41 रन से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 305
नई दिल्ली, बुधवार, 13 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



भारत की समृद्ध कृषि-जैव विविधता अनुपम निधि
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# सनातन पर भाजपा-विपक्ष में जुबानी जंग तेज

● सत्तापक्ष ने कहा विपक्षी गठबंधन इंडिया का वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म पर हमला गुप्त एजेंडा है

● सनातन और राष्ट्रवाद पर किसी से प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सनातन** धर्म पर जारी विवाद को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। सत्ता पक्ष सनातन धर्म के अपमान का आरोप लगा रहा है, जबकि विपक्ष का कहना है कि ये इंडिया को बदनाम करने की कोशिश है।

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म पर हमला विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) का गुप्त एजेंडा है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के कुछ नेताओं द्वारा सनातन धर्म को लेकर की गई टिप्पणियों पर भाजपा के हमलावर रूख पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने कहा कि उसे सनातन और राष्ट्रवाद पर किसी के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की पार्टी की रणनीति की कमान संभालते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आरोप लगाया कि आईएनडीआई गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म के विरोध में किया गया है और यह कांग्रेस तथा उसके पूर्व अध्यक्षों सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। भाजपा ने विपक्षी गठबंधन पर हमला करने के लिए द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के नेता और तमिलनाडु सरकार में मंत्री के पोनमुंडी के उस बयान को आधार बनाया है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर दावा किया था कि इंडिया का गठन सनातनी विचारधारा के विरोध में किया गया है। एक वायरल वीडियो में पोनमुडी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, यह इंडिया गठबंधन सनातन विचारधारा के विरोध में बनाया गया है।

इंडिया के अलग-अलग दलों के विचारों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन सनातन विरोध को लेकर कोई असहमति नहीं है। इस गठबंधन में शामिल दल समानता लाना चाहते हैं, अल्पसंख्यकों और लैंगिक समानता की रक्षा करना चाहते हैं। नड्डा ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, आईएनडीआई गठबंधन की मुम्बई बैठक के दो दिन बाद उदयनिधि स्टालिन का बयान आना, फिर प्रियांक खरगे का सनातन पर आघात और आज द्रमुक के मंत्री द्वारा ए स्वीकार करना कि आईएनडीआई गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म के विरोध में किया गया था, यह सोनिया गांधी, राहुल और कांग्रेस की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन को इस बयान पर अपना मत स्पष्ट करना चाहिए और उन्हें बताना चाहिए कि क्या संविधान में किसी धर्म के बारे में आपत्तिजनक बयान देने का अधिकार है। उन्होंने यह सवाल भी किया कि क्या विपक्षी गठबंधन के लोगों को संविधान के प्रावधानों की जानकारी नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, आईएनडीआई गठबंधन, कांग्रेस, सोनिया और राहुल बताएं कि मोहब्बत की दुकान के नाम पर सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान क्यों बेचा जा रहा है। यह नफरत का मेगा मॉल सिर्फ सत्ता के लिए है।



नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते रविशंकर प्रसाद

बांटो और राज करो। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर रुख जारी रखते हुए भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा और कहा कि सोनिया गांधी इस मामले पर अगर चुप्पी साधे रहेंगी तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सनातन धर्म का विरोध करना इंडिया के न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा है। प्रसाद ने द्रमुक के एक नेता की उस हालिया टिप्पणी का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म का विरोध करना संगठन का एजेंडा है। इस बारे में प्रसाद ने कहा कि तमिलनाडु के नेता ने जो कहा, वह विपक्षी गठबंधन के बारे में सही ही है। उन्होंने कहा, भाजपा इस गठबंधन से एक स्पष्ट प्रस्ताव लाने का आग्रह करेगी कि वह इससे खुद को (द्रमुक की आलोचना से) पूरी तरह अलग करता है और यह उनका एजेंडा नहीं है।

द्रमुक द्वारा अपने बयान को सही ठहराने के लिए सनातन धर्म को हिंदुओं के बीच जातिगत भेदभाव की प्रथा से जोड़ने पर भाजपा नेता ने कहा कि शबरी, केवट और संत रविदास जैसे पिछड़ी जातियों के श्रद्धेय लोगों को समर्पित मंदिर बनाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि सनातन धर्म का मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति और समुदाय की पृष्ठभूमि के बावजूद अपनी भक्ति से भगवान को प्राप्त कर सकता है। कांग्रेस ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट तौर पर कहा कि वह हर धर्म का सम्मान करने में विश्वास करती है। कांग्रेस पर पलटवार करते हुए प्रसाद ने कहा कि द्रमुक से लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और समाजवादी पार्टी (सपा) जैसे दलों के कुछ नेता सनातन धर्म और हिंदू धर्म से जुड़े पवित्र ग्रंथों की आलोचना करने में मुखर रहे ( शेष पेज 9 )

# एलएसी पर रणनीतिक स्थिति को और मजबूत कर रहा भारत

● रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 11 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 2,900 करोड़ की 90 बीआरओ परियोजनाओं को राष्ट्र को किया समर्पित

**मोहित कंधारी।** जम्मू



जम्मू में मंगलवार को सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित देवक पुल का उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के बढ़ते कदम को रोकने व माकूल जवाब देने के लिए भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे नव निर्मित सड़कों, पुलों, सुरंगों, हवाई क्षेत्रों और हेलीपैडों को बढ़ावा देने के साथ कमर कस रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू प्रांत के सांबा जिले में 2,941 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई सीमा सड़क संगठन की 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। बीआरओ परियोजनाओं में 22 सड़कें, 63 पुल, एक सुरंग, दो हवाई पट्टियां और 10 सीमावर्ती राज्यों और उत्तरी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के केंद्र शासित प्रदेशों में दो हेलीपैड शामिल हैं। बीआरओ ने इसका निर्माण अधिकांश दुर्गम इलाकों में चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में किया है। बीआरओ प्रवक्ता ने कहा कि इस अवसर पर रक्षामंत्री ने पूर्वी लद्दाख में न्योमा हवाई क्षेत्र की ऑनलाइन नींव भी रखी, जिसे व्यापक रणनीतिक हवाई संपत्तियों के लिए 218 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। इस हवाई क्षेत्र के निर्माण से लद्दाख में हवाई बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा और उत्तरी सीमाओं पर भारतीय वायुसेना की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि बीआरओ द्वारा पिछले तीन वर्षों में सड़क और पुल निर्माण में बढ़ोतरी करने से कई महत्वपूर्ण और रणनीतिक परियोजनाएं पूरी हुई हैं, जिससे रक्षा तैयारियों को मजबूती मिली है। बीआरओ ने अरुणाचल प्रदेश के हुरी जैसे देश के सबसे दूर-दराज के गांवों को भी मुख्य मार्ग से जोड़ दिया है।

इस कनेक्टिविटी ने सीमावर्ती गांवों में पुन: वापसी (रिवर्स माइग्रेशन) को गति दी है। पिछले दो वर्षों में, बीआरओ ने 5,100 करोड़ रुपये की लागत से रिकॉर्ड 205 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की हैं। बीआरओ ने पिछले साल, 2,897 करोड़ रुपये की लागत से 103 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी की, जबकि 2021 में, 2,229 करोड़ रुपये की लागत से 102 बीआरओ ( शेष पेज 9 )

# राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की बेंच करेगी सुनवाई

● मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र के अनुरोध को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजद्रोह** कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर अब उच्चतम न्यायालय की बड़ी बेंच सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने भारतीय दंड संहिता 124ए के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेज दिया है।

कोर्ट ने इस आधार पर बड़ी पीठ को मामला सौंपने का फैसला टालने के केंद्र की मांग ठुकरा दी कि संसद दंड संहिता के प्रावधानों को फिर से लागू कर रही है। इससे एक महीने पहले ही केंद्र सरकार ने औपनिवेशिक काल के इन कानूनों को बदलने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया था और आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने के लिए संसद में विधेयक पेश किए थे। इनमें राजद्रोह कानून को रद्द करने की बात की गई है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस आधार पर वृहद पीठ को मामला सौंपने का फैसला टालने के केंद्र के अनुरोध को खारिज कर दिया कि संसद दंड संहिता के प्रावधानों को फिर से लागू कर रही है और विधेयक को स्थाई समिति के समक्ष रखा गया है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी इस पीठ में शामिल थे। पीठ ने कहा, हम इन मामलों में संवैधानिक चुनौती पर सुनवाई को टालने का अनुरोध कई कारणों से स्वीकार करने के इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि आईपीसी की धारा 124ए (राजद्रोह) कानून की किताब में बरकरार है और नया विधेयक भले ही कानून बन जाए, तो भी यह धारणा है कि कोई भी नया दंडात्मक कानून पूर्वव्यापी प्रभाव से नहीं, अपितु भविष्य में लागू होगा।

उसने कहा कि जब तक 124ए कानून बना रहता है, उस बीच शुरू किए गए अभियोजन की वैधता का उस आधार पर आकलन करना होगा। अदालत ने कहा कि केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य संबंधी 1962 के फैसले में आईपीसी की धारा 124ए की संवैधानिक वैधता की समीक्षा शीर्ष अदालत ने इस दलील के आधार पर की थी कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के अनुसार नहीं है। अनुच्छेद 19 (1) (ए) भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित है। वर्ष 1962 के फैसले में धारा ( शेष पेज 9 )

# इंडिया की समन्वय समिति की बैठक आज

● सीटों के तालमेल, चुनाव अभियान पर चर्चा संभव

**भाषा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की 14-सदस्यीय समन्वय समिति की बुधवार को पहली बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति, सीटों के तालमेल, चुनाव अभियान कार्यक्रम और जनसभाओं पर चर्चा होने की संभावना है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के नई दिल्ली स्थित आवास पर यह बैठक होगी।

सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में आगे की रणनीति और चुनाव अभियान कार्यक्रमों के अलावा सीटों के तालमेल पर भी चर्चा संभव है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता मनोज झा ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा था कि समन्वय समिति की पहली बैठक आगे के चुनाव अभियान और जनसभाओं के कार्यक्रम तय करने पर केंद्रित होगी। अगले लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इंडिया का गठन किया है। इंडिया के घटक दलों के नेताओं की पिछले दिनों मुंबई में हुई बैठक में गठबंधन के भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14-सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया था। समन्वय समिति विपक्षी गठबंधन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में कार्य करेगी। इस समिति के एक और सदस्य तृणमूल ( शेष पेज 9 )

## भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज होने की संभावना

**नई दिल्ली( भाषा )।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक बुधवार को होने की संभावना है। इसमें आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीईसी के सदस्यों में पीएम नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह व राजनाथ सिंह तथा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। सीईसी ने पिछले महीने बैठक की थी और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 39 सीट पर और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए 21 सीट पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। भाजपा ने जिन सीट पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी, उनमें अधिकांश सीट ऐसी थी, जहां भाजपा के मौजूदा विधायक नहीं हैं। अपनी परंपरा से हटते हुए भाजपा ने इस बार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने से काफी पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, जो 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनावों का अंतिम दौर है।

# उप्र के किसानों को योगी सरकार ने दिया उपहार

● नई धान क्रय नीति मंजूर, न्यूनतम समर्थन मूल्य 7% बढ़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मंगलवार को कृषि, पर्यटन व पुलिस महकमों के उत्थान के साथ ही कई महत्वपूर्ण योजनाओं को हरी झंडी मिल गई। मंत्रिपरिषद ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय नीति को अनुमोदित कर दिया है। कामन धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति कुन्तल से बढ़ा कर 2183 रुपए प्रति कुन्तल कर दिया गया है तथा ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित है, जिसमें 143 प्रति कुंतल की दर से 7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू, मंडी परिषद, यूपीएसएस एवं भारतीय खाद्य निगम कुल 6 क्रय एजेन्सियों तथा 4000 क्रय केन्द्रों के माध्यम से 70 लाख मीट्रिक टन धान क्रय का प्रस्तावित अनन्तिम लक्ष्य रखा गया है। सभी क्रय एजेन्सियों द्वारा धान के मूल्य का भुगतान भारत सरकार के पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से धान क्रय के 48 घंटे के अन्दर किया जायेगा। खाद्य विभाग की विपणन शाखा द्वारा 1350, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ द्वारा 1600, उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड द्वारा 550, यूपी उपभोक्ता सहकारी संघ द्वारा 200, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा 100 तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा 200 क्रय केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में लखनऊ सम्भाग के जनपद हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर तथा सम्भाग बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी में धान क्रय की अवधि एक अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक तथा लखनऊ सम्भाग के जनपद लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, व सम्भाग चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर एवं प्रयागराज में 1 नवम्बर 2023 से 29 फरवरी 2024 तक होगी। धान विक्रय से पूर्व कृषक पंजीयन तथा समस्त क्रय एजेन्सियों पर ऑनलाइन धान क्रय की प्रक्रिया अनिवार्य की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ परचेज मशीन के ( शेष पेज 9 )



## नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में बसेगा नया औद्योगिक शहर

**पायनियर समचार सेवा।** लखनऊ

**बुंदेलखंड** के सतत विकास के साथ-साथ वन ट्रिलियन इकॉनमी की अर्थव्यवस्था बनने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लोकभवन में सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से बुंदेलखंड के जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां रोजगार की असीमित सुविधाओं का सृजन संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में इससे पूर्व 1976 में औद्योगिक शहर नोएडा के गठन का निर्णय लिया गया था और अब 47 वर्षों के बाद एक नए शहर की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पारित हुए प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### ईडी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद नुसरत जहां से छह घंटे पूछताछ की

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के स्थानीय कार्यालय पहुंचीं, जहां उनसे छह घंटे पूछताछ हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। शहर के पूर्वी छोर पर स्थित न्यू टाउन में फ्लैट देने का वादा कर वरिष्ठ नागरिकों को कथित रूप से ठगने के मामले में पूछताछ के लिए नुसरत को बुलाया गया था। एजेंसी ने नुसरत जहां (33) से जांच से संबंधित अन्य सवालों के अलावा रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक के रूप में उनकी भूमिका स्पष्ट करने के लिए कहा गया था। शाम को ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद पत्रकारों के सवालों का संक्षिप्त जवाब देते हुए नुसरत ने कहा, मुझसे पूछे गए सभी सवालों के जवाब मैंने दिए। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान नुसरत जहां से उस भारी कर्ज (एक करोड़ रुपए से अधिक) के बारे में भी पूछा गया जो उन्होंने कथित तौर पर कंपनी से लिया था। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, उनसे पूछा गया कि उन्होंने कर्ज कैसे चुकाया।

# जी20 के मेहमानों को मोदी ने दिए नायाब तोहफे

● उपहार में बनारसी साड़ी, रेड गोल्ड, सुंदर वन के शहद, कन्नौज का इत्र, कश्मीर का केसर, दार्जिलिंग की चाय की पत्ती शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**जी20** शिखर सम्मेलन में शामिल हुए राष्ट्राध्यक्षों और अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं को नायाब तोहफे दिए गए हैं। इस गिफ्ट हैंपर्स में हस्तनिर्मित कलाकृतियों और इत्र के साथ-साथ खादी के बनी शानदार साड़ियां और स्टोल शामिल हैं।

इसके अलावा बनारसी साड़ी, रेड गोल्ड, सुंदर वन के शहद,कन्नौज का इत्र, कश्मीर का केसर, दार्जिलिंग की चाय की पत्ती शामिल ये सभी चीजें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाती है। इन्हें कुशल कारीगरों के हाथों से सावधानीपूर्वक बनाया गया था। अमेरिका सहित जी 20 के सभी सदस्य देशों ने भारत की मेहमान नवाजी की जमकर प्रशंसा की है। केंद्र सरकार के अधिकारियों के अनुसार, विदेशी मेहमानों को उपहार में दी गई वस्तुओं में कश्मीर के केसर, पेको दार्जिलिंग और नीलगिरि चाय, अराकू कॉफी, कश्मीरी पश्मीना शॉल, सुंदरबन मल्टीफ्लोरा मैंग्रोव शहद और उत्तर प्रदेश के कन्नौज के जिघराना इत्र शामिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रगति मैदान के नवनिर्मित भारत मंडपम में नौ से दस सितंबर तक जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित विश्व के कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया था।

अधिकारियों ने कहा कि भारत सरकार ने विभिन्न देशों से आए नेताओं को हस्तनिर्मित कलाकृतियों और उत्पादों के विशेष रूप से तैयार संग्रह उपहार में दिए, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में बताता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उन्हें उपहार में दिए गए कुछ उत्पाद सदियों पुरानी परंपरा के हैं और अपनी अद्वितीय कारीगरी और गुणवत्ता के लिए दुनिया भर में पसंद किए जाते हैं। सुंदरवन मल्टीफ्लोरा मैंग्रोव शहद बंगाल की खाड़ी में गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के डेल्टा पर स्थित दुनिया के सबसे बड़े मैंग्रोव वन से प्राप्त किया जाता है। शहद कम चिपचिपा होता है और क्षेत्र की जैव-विविधता को प्रतिबिंबित करता है। इसमें खलीशा, ( शेष पेज 9 )

# किसानों ने प्राधिकरण के दफ्तर पर किया कब्जा

## अन्नदाताओं के धैर्य का बांध टूटा, गेट पर लगाया ताला, मौके पर भारी सुरक्षा बल तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



किसानों ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के कार्यालय पर अपना कब्जा कर लिया है। किसानों ने प्राधिकरण के दोनों गेटों पर अपने ताले जड़ दिए हैं। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के किसानों ने जैसा ऐलान किया था, वैसा ही मंगलवार को उन्होंने कर दिखाया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों का सब्र का बांध टूट गया है और किसानों ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के कार्यालय पर अपना कब्जा कर लिया है।

किसानों ने प्राधिकरण के दोनों गेटों पर अपने ताले जड़ दिए हैं। अब प्राधिकरण कार्यालय के भीतर से न तो कोई बाहर आ सकेगा और न ही बाहर का कोई व्यक्ति अंदर जा सकेगा। आपको बता दें कि किसान सभा के बैनर तले ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के किसान पिछले तीन माह से अधिक समय से अपनी मांगों को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इन किसानों ने प्राधिकरण अफसरों को चेतावनी देते हुए ऐलान किया था कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह प्राधिकरण कार्यालय के दोनों गेटों पर तालाबंदी कर देंगे। मंगलवार की दोहपर बाद किसानों ने ऐसा ही किया। ग्रेटर नोएडा कार्यालय पर तालाबंदी करने के लिए सैकड़ों गांवों से हजारों किसान आज एकजुट हुए और नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे।

प्राधिकरण कार्यालय की ओर बढ़ रहे किसानों को रोकने के लिए नोएडा पुलिस कमिश्नरी में तैनात कई बड़े अफसरों और कई थानों की पुलिस को यहां पर तैनात किया गया था। प्राधिकरण कार्यालय के बाहर भारी भरकम बैरिकेडिंग भी की गई थीए लेकिन किसानों ने बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए और पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की करते हुए प्राधिकरण कार्यालय पर अपना कब्जा कर लिया है। किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के दोनों गेटों पर अपने ताले जड़ दिए हैं। किसानों के इस उग्र आंदोलन से प्राधिकरण कार्यालय के तमाम अफसरों में हड़कंप मच गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी उनके इस कदम से हैरत में हैं। फिलहाल किसान प्राधिकरण कार्यालय के बाहर जमा हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। किसानों द्वारा तालाबंदी किए जाने से न केवल जनता बल्कि प्राधिकरण के कर्मचारियों और अधिकारियों का आवागमन भी बंद हो गया है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, दम घुटने से हुई थी महिला वकील की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● संपति को लेकर पति -पत्नी में चल रहा था विवाद



नोएडा के सेक्टर-30 में हुई महिला वकील रेनू सिन्हा की निर्मम हत्या के मामले में प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। महिला वकील के गले पर निशान मिले हैं और उसके चेहरे पर भी चोट के निशान थे। चिकित्सकों के मुताबिक महिला की मौत दम घुटने के कारण हुई है। पुलिस महिला वकील की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए उसके पति की कॉल डिटेल खंगालकर इस मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि महिला की प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है।

इस रिपोर्ट में चिकित्सकों ने हत्या का कारण दम घुटना बताया है। इसके अलावा महिला के सिर में भी गिरने के कारण चोट लगी थी। इस मामले में सोमवार को रेनू सिन्हा के पति नितिन नाथ सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में नितिन ने अपनी पत्नी की तकिए से गला दबाकर हत्या करने का गुनाह कबूल कर लिया है। आपको बता दें कि नितिन नाथ सिन्हा अपनी पत्नी रेनू सिन्हा के साथ सेक्टर-30 के डी-40 में रह रहे थे। रेनू सिन्हा सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता थी। रविवार को रेनू के भाई अजय ने उसे कई बार फोन किया लेकिन फोन पिक नहीं हुआ। किसी अनहोनी की आशंका के चलते अजय ने इसकी सूचना नोएडा पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस सेक्टर-30 स्थित डी-40 कोठी पर पहुंची। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो बाथरूम में रेनू सिन्हा का शव पड़ा हुआ मिला।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को इस घटना में किसी परिचित के शामिल होने का सुराग मिला। इस दौरान पुलिस को पता चला कि रेनू सिन्हा का अपने पति से भी विवाद चल रहा था। नितिन सिन्हा डी-40 की कोठी को बेचना चाहता था जबकि रेनू इसका विरोध कर रही थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच कई बार वाद-विवाद व मारपीट हो चुकी थी। नितिन ने कुछ समय पूर्व अपनी पत्नी को बिना बताए करीब 4.50 करोड़ में अपनी कोठी का सौदा तय कर दिया था और 55 लाख बयाना भी ले लिया था। रेनू सिन्हा को हुई तो उसने विरोध किया, जिस पर नितिन भड़क उठा। विवाद के दौरान तकिया से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# सोसाइटी की लिफ्ट अटकी, देखरेख करने वाली कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

ग्रेटर नोएडा सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस नोएडा। सोसाइटी में लिफ्ट में फंसने के मामले में दो महिलाओं ने थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया है। एक महिला ने जेपी ग्रीन प्रबंधन सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने पुलिस से की शिकायत कर बताया कि वह अपने परिवार सहित 17वीं मंजिल पर रहती हैं। करीब दो माह पूर्व वह लिफ्ट से नीचे आ रही थी। इस दौरान अचानक लिफ्ट झटके से रुक गई और वह काफी देर तक लिफ्ट में फंसे रही। महिला का आरोप है कि लिफ्ट में जा रहे उसके बच्चे के साथ भी मेंटेनेंस स्टाफ ने अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने जेपी ग्रीन प्रबंधन, लिफ्ट कंपनी, सौरभ व सोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसी सोसायटी की एक अन्य महिला ने भी लिफ्ट खराबी को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है।

लिफ्ट में होने वाले हादसों से बचने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल करते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं क्या है लिफ्ट इस्तेमाल करने के नियम किसी भी लिफ्ट की भार सहन करने की क्षमता होती है, लिफ्ट का इस्तेमाल करते समय इस बात का ध्यान अवश्य दें कि लिफ्ट ओवरलोडिंग न होए, क्योंकि ओवरलोडिंग की स्थिति में लिफ्ट के फंसने के चांसेज बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं। लिफ्ट का दरवाजा ठीक तरह से बंद हो रहा है, दरवाजा ठीक तरह से बंद ना होने की स्थिति में भी लिफ्ट के फंसने के चांसेस बढ़ जाते हैं।

## गाजियाबाद में रबर बनाने की फैक्ट्री में लगी आग

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद इलाके में मंगलवार दोपहर रबर बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। आग पर करीब 30 मिनट में काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक काफी सामान जलकर राख हो चुका था।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे फायर स्टेशन साहिबाबाद पर सूचना मिली कि राजेंद्रनगर गली नंबर-5 में इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में आग लग गई है। इस फैक्ट्री में रबर बनाने का कार्य किया जाता है। सूचना पर साहिबाबाद स्टेशन से अग्निशमन अधिकारी और दो फायर टेंडर रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग की लपटें और काला धुआं बहुत तेज था।



यमुना एक्सप्रेसवे स्थित बीआईसी ( बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट ) में होने वाले मोटो जीपी इंटरनेशनल बाइक रेस इवेंट के लिए ट्रैक तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार



महिंद्रा पिकअप मिनी ट्रक में तस्करी करके लाई गई अंग्रेजी शराब की खेप।

### पुलिस व आबकारी विभाग ने पकड़ी 6 लाख की शराब

**गाजियाबाद।** मसूरी थाने के एसएचओ रविंद्रचंद्र पंत की टीम ने आबकारी विभाग के साथ ईस्टर्न पेरीफेरल पर चेकिंग करते हुए एक महिंद्रा पिकअप मिनी ट्रक में तस्करी करके लाई गई अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद कर ली। एसीपी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान जो शराब पकड़ी गई है उसकी कीमत लगभग 6 लाख है। जिस गाड़ी में छुपाकर शराब लाई जा रही थी उसके कागज देखने के बाद यह पता चला है कि इस गाड़ी का मालिक शारूख निवासी नई बस्ती शामली है। पुलिस अब तस्कर की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

### संभव दिवस में नगर आयुक्त ने सुनीं शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में संभव दिवस का आयोजन हुआ। संभव दिवस में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने समस्याओं को सुना। इस दौरान नगर निगम में अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, चीफइंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ0 संजीव सिन्हा, हेल्थ अफसर डॉ. मिथिलेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे। सुबह करीब दस बजे से लेकर संभव दिवस शुरू हुआ जो दो बजे तक चला। नगर आयुक्त ने स्वयं ही शिकायतकर्ताओं के साथ समस्या सुनी। नगर आयुक्त ने इस दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करे। साथ ही जो भी शिकायतकर्ता है उसे भी बात करे। ताकी शिकायतकर्ता भी इससे संतुष्ट रहे।

### नोएडा में मोबाइल छीनकर भागा लुटेरा

**नोएडा।** सेक्टर-34 में एक बदमाश ने एक महिला से सरेराह मोबाइल छीन ली। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। सेक्टर-34 में रहने वाली एक महिला सोमवार को मुख्य रास्ता से होते हुए पैदल अपने घर जा रही थी। तभी पीछे से पैदल आए हाफपैंट पहने एक बदमाश ने उनका मोबाइल लूट लिया और पीछे की तरफदौड़ता हुआ भाग गया। पुलिस का कहना है कि बदमाश के हुलिया से लग रहा है कि वह नशेड़ी है। पुलिस बदमाश को पकड़ने का प्रयास कर रही है। ये वीडियो आठ सेकेंड का है। जिसमें एक युवक पीछे से आता है, महिला मोबाइल पर बात कर रही होती है, तभी छीनकर भाग जाता है। महिला उसके पीछे भागती है। तब तक वह फरार हो जाता है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है।

### मॉल में फायरिंग होने की सूचना पर दौड़ी पुलिस



**गाजियाबाद।** देर रात कौशांबी थाना क्षेत्र अंतर्गत एंजल मॉल में स्थित दा ब्लू मून कैफे में फायरिंग हुई है, इस सूचना के मिलते ही जहां कौशांबी थाने के एसओ अंकित तरार फोर्स के साथ एंजल मॉल पहुंच गये वहीं पुलिस के आला अफसरों ने भी मौके पर पहुंचकर वहां का मौका मुआयना किया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों का कहना था कि मॉल में फायरिंग नहीं हुई। हां किसी युवक ने पत्थर मारकर शीशे जरूर तोड़ दिये थे। आधा रात के बाद हुई इस घटना की जानकारी देते हुए डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि कोई युवक जबरन दा ब्लू मून कैफे में घुसने का प्रयास कर रहा था। जब वहां के कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों ने युवक को अंदर नहीं जाने दिया तो आरोपित ने पहले तो कर्मचारियों से अभद्रता की और फिर इमारत में लगे शीशे पर पत्थर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ्य महिला इमारत से कूदी, मौत

● शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मामले की चल रही जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-119 स्थित आम्र पाली प्लेटिनम सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान रीना उम्र करीब 41 साल हुई है।

घटना के समय परिवार के सभी लोग घर में मौजूद थे। डीसीपी प्रथम हरीश चंदर ने बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थी। काफी समय से उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से मामले में पूछताछ की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि सेक्टर.119 के एफटावर के 17वीं मंजिल पर महिला परिवार के साथ रहती थी। महिला के चार बच्चे है। सभी लोग एक साथ उसी फ्लैट में रहते है। पुलिस ने बताया कि सभी लोग रात में खाना खाकर सो गए।

सुबह करीब छह बजे महिला बालकनी में आई। इसके बाद वहां से छलांग लगा दी। महिला कॉमन एरिया में गिरी। आवाज सुनकर वहां सैर सपाटा कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

डीसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि महिला मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थी। इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा में पति-पत्नी के बीच हुआ झगड़ा इतना दर्दनाक मोड़ ले लेगा किसी ने नहीं सोचा था । सेक्टर.81 स्थित शिवशक्ति एनक्लेव कॉलोनी में पत्नी से विवाद के बाद एक व्यक्ति ने निर्माणाधीन मकान में जाकर फांसी लगा ली। थाना फेस.2 पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि शिव शक्ति एनक्लेव में निर्माणाधीन मकान के बाहर प्लास्टर के लिए लगाई गई बल्लियों से बंधे फंदे पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। मृतक की राजेश पुत्र गोपाल के रूप में हुई।

# सेक्टर-47 में सेनेटरी कारोबारी ने फांसी लगाकर दी जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक कारोबारी ने फांसी लगा कर अत्महत्या कर ली । बताया जा रहा है कि व्यवसायी कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और मानसिक परेशानी के चलते ही उन्होने इतना बड़ा कदम उठा लिया।

नोएडा के सेक्टर-47 में सेनेटरी कारोबारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें कारोबारी ने मानसिक रूप से परेशान होने की वजह से आत्महत्या करने की बात लिखी है। आत्महत्या के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया है। सेक्टर.47 के डी ब्लॉक में रहने वाले 54 वर्षीय पवन बंसल सैनेटरी के सामान का कारोबार करते थे। रविवार को उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पवन बंसल की आत्महत्या की खबर से उनके जानने वाले और रिश्तेदार हैरान है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट मिला है।

## कहासुनी और मारपीट के मामले में युवक की मौत

**नोएडा।** कस्बा जेवर में स्थित एक दुकान पर काम करने वाले दो युवकों के बीच आपस में मारपीट हो गई। इस दौरान एक युवक ने दूसरे पर लोहे की राड से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा जेवर में संजय पाराशर की कन्फेक्शनरी की दुकान है। वहां पर काम करने वाले 32 वर्षीय धीरेंद्र और 35 वर्षीय बनारसी के बीच बीती रात को किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। बनारसी ने धीरेंद्र के ऊपर लोहे की राड से हमला कर दिया। इस घटना में धीरेंद्र को गंभीर चोट आई, तथा उसकी मौत हो गई।

# पुलिस ने गुरुकुल से भागे बच्चे को परिजनों से मिलाया

**पायनियर समाचर सेवा।** नोएडा

मुरशदपुर गांव के गुरुकुल से भागे 11 वर्षीय बच्चे को थाना ईकोटेक.1 पुलिस ने सकुशल ढूंढ निकाला है। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया।

थाना प्रभारी अनुज पवार ने बताया कि सोमवार को ऊंचा गांव जनपद बुलंदशहर निवासी ओमेंद्र ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका 11 वर्षीय बेटा संदिग्ध स्थिति में लापता हो गया है। ओमेंद्र के मुताबिक उसने कुछ दिनों पूर्व अपने बेटे का दाखिला ग्राम मुर्शीदपुर स्थित चिम्मन आर्य आर्ष वेद गुरुकुल में कराया था। 10 सितंबर के दोपहर को उसका बेटा गुरुकुल से लापता हो गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत दो टीमों का गठन कर बच्चे की तलाश शुरू की गई। करीब 8 घंटे की मशक्कत के बाद लापता बच्चों को लुक्सर स्थित तिरंगा होटल के पास से ढूंढ निकाला है। बच्चों ने बताया कि उसका गुरुकुल में मन नहीं लग रहा था इसलिए वह अपने घर जाने के लिए निकला था।

# गाजियाबाद में दो पक्षों में पथराव, स्कॉर्पियो तोड़ी

● मौके पर पुलिस बल तैनात, कई लोगों को हिरासत में लिया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में सोमवार रात रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। खूब पथराव हुआ। पुलिस के सामने भी पत्थर बरसाए गए। एक स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ दिए। एक-दूसरे पर बोतलें तक फेंकी गईं। पुलिस ने बामुश्किल मामला संभाला।

इस मामले में एक युवक की गिरफ्तारी हुई है और कइयों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, अफजल नामक व्यक्ति ने दिलावर मलिक को कुछ रुपए उधार दिए थे। इन्हीं रुपयों को लेकर कहासुनी हुई। इसी बीच दोनों तरफ से कुछ लोग जुट गए और मारपीट शुरू हो गई। दरअसल, खोड़ा में वार्ड.31 के सभासद अफजल और दिलावर मलिक के बीच दो लाख रुपए का लेनदेन काफी दिनों से चल रहा है। पहले भी दोनों पक्षों में कहासुनी हो चुकी है। सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे दोनों पक्षों के लोग एक डेंटिस्ट की दुकान के पास बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उनमें विवाद बढ़ गया। जिसके बाद खूब मारपीट, पत्थरबाजी हुई। इससे बाजार में भगदड़ मच गई।

# 12 कॉमर्शियल परियोजना देगी 48 हजार को नौकरी




| कंपनी | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|
| 1.इंजका | 4300 | 400 |
| 2.आईस बर्ग लिमिटेड | 800 | 200 |
| 3.धर्मपाल सतपाल लिमिटेड | 100 | 200 |
| 4.एम3एम इंडिया | 7500 | 14000 |
| 5.क्लियर लेक | 4000 | 20000 |
| 6.क्लियर लेक | 1000 | 10000 |
| 7.पूर्वांचल प्रोजेक्ट | 450 | 500 |
| 8.एवेन्यू सुपर मार्ट | 250 | 500 |
| 9.आदित्य इन कॉर्पोरेशन | 200 | 175 |
| 10.ईटी डेवलपर्स | 1500 | 1250 |
| 11.आदित्य इंफ्रा | 101.5 | 500 |
| 12.अग्रवाल एसोशिएट प्रमोटर्स | 101.5 | 500 |

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● सभी को भूखंड अलॉट हो चुके, 2025 तक इनका निर्माण पूरा करना होगाः अरूण शर्मा

नोएडा के 12 कॉमर्शियल प्रोजेक्ट से 2025 तक 48 हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। इन प्रोजेक्ट में 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश तैयार किया गया है। जिनका ग्राउंड तैयार कर लिया गया है।

इन 12 कंपनियों को अक्टूबर लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भेजा जा रहा है। प्राधिकरण ओएसडी अरुण शर्मा ने बताया कि इन सभी को भूखंड अलॉट हो चुके है। 2025 तक इनको निर्माण पूरा करना होगा। इसमें से कुछ प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू हो चुका है। लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नोएडा को करीब 90 हजार करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था। जिसमें से करीब 85 हजार करोड़ रुपए का ग्राउंड प्राधिकरण तैयार कर चुका है। यहां ग्राउंड का मतलब कंपनी के सभी कागजी कार्यवाही पूरी करते हुए उनको प्लाट आवंटित करना और निर्माण कार्य शुरू होना।

इस क्रम में प्राधिकरण के कॉमर्शियल विभाग ने करीब 20 हजार 303 करोड़ का ग्राउंड तैयार किया। इसमें कुल 12 कंपनियां आई है। ये कंपनियां नोएडा में आलीशान होटल, 1 सुपर मार्ट, 1 इंडस्ट्रियल टाउन शिप, 3 कॉमर्शियल कंप्लैक्स, रेजिडेंशियल ऑफिस, रेंटल ऑफिस और रिटेल शॉप के अलावा 4 रियल स्टेट के प्रोजेक्ट है। ग्रांउड ब्रेकिंग में सबसे बड़ा निवेश दो कंपनियां कर रही है। इसमें एक एम3एम है।

# इंडिया गठबंधन के तहत पूरे प्रदेश में लोस चुनाव लड़ेगी रालोदः जयंत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गुर्जर सोध संस्थान, परी चौक, ग्रेटर नोएडा मे एक पश्चिम उत्तर प्रदेश संगठनात्मक बैठक हुई। जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी उपस्थित रहे।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल को बूथ लेवल तक मजबूत करेंगे और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को पूरी मजबूती के साथ पूरे उत्तर प्रदेश मे चुनाव लड़ेंगे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि स्व चौधरी चरण सिंह जी के विचारों और चौधरी अजीत सिंह के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए सभी कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत और परिश्रम से बनी ये पार्टी नहीं, अपना परिवार है। संगठन से ही पार्टी मजबूत होगी, आप सभी लोग पार्टी के संगठन का विस्तार करें। पार्टी के स्थापना दिवस पर एक वेबसाइट लांच की। पार्टी सहयोग राशि के रुप मे जिला गौतमबुद्धनगर के राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता के द्वारा 1ए01000 गए। संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने कहा कि हर विधान सभा पर 5.5 युवा को जोड़े जो पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करें।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा यशवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, विधायक चंदन चौहान, विधायक मंडल नेता राजपाल बालियान, विधायक मदन भाईया, जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी, इंद्रवीर भाटी, अजीत दोला, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक गुड्डु सिंह, विधायक प्रदीप गुड्डू, विधायक अनिल कुमार, विधायक अशरफअली, आदि हजारों की तादाद मे उपस्थित रहे।


अपनी मां की गोद में मासूम कनव से मुलाकात करते सीएम अरविंद केजरीवाल।

# अनुवांशिक बीमारी 'एसएमए' से पीड़ित कनव की सेहत में सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नजफगढ़ में अपने माता-पिता के साथ रहने वाला 18 महीने के बच्चा कनव गंभीर बीमारी से पीड़ित है। बच्चे को 17.5 करोड़ रुपए का एक इंजेक्शन लगना था, जो अमेरिका से आना था। परिवार बच्चे के इलाज को लेकर चिंतित था। ऐसे में आदमी पार्टी से सांसदों मिलकर मदद की।

बच्चे की हालत में सुधार होने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को नजफगढ़ के नंगली सकरावती स्थित उनके घर पहुंचे और उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। दरअसल, 18 महीने के बच्चे कनव को एसएमए-1 यानी स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी टाइप 1 बीमारी है। ये दुनिया के 10,000 बच्चों में से किसी एक में पाई जाती है। ये बीमारी जितनी दुर्लभ है, इसका इलाज भी उतना ही मंहगा है।

कनव के माता-पिता के साथ लंबी बातचीत के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनको जन्म से ही एसएमए नामक गंभीर बीमारी है। इसके चलते उनके पैरों में बिल्कुल जान नहीं थी। अगर 24 महीने के अंदर बीमारी का इलाज नहीं होता तो जान को खतरा हो सकता था। इसके लिए कनव को 17.5 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगना था, जो अमेरिका से आना था। कनव को नई जिदंगी देने के लिए आम आदमी पार्टी के सांसद संजीव अरोड़ा और संजय सिंह के प्रयासों और जनता के सहयोग से वो इंजेक्शन लग गया है और अब कनव के हाथ काम करने लगे हैं और पैरों में भी सुधार है।

इस नेक काम में परिवार की मदद करने वाले सभी सेलिब्रिटीज, नेताओं और मीडिया संस्थानों का आभार जताया है। इस दौरान पंजाब से आप के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा और स्थानीय विधायक गुलाब सिंह भी पहुंचे थे।केजरीवाल ने कहा कि कनव डेढ़ साल का बच्चा है। कनव जब पैदा हुआ था तो जेनेटिक बीमारी थी। इसकी वजह से उसके पैरों में बिल्कुल जान नहीं थी। वह खड़े नहीं हो सकते थे। पैर काम नहीं कर रहे थे। यह बीमारी धीरे-धीरे पैरों से उपर शरीर में जाने लगी और कनव को बैठने में दिक्कत होने लगी। कनव के माता-पिता ने बहुत सारे टेस्ट करवाए। टेस्ट से पता चला कि कनव को आनुवंशिक बीमारी है। अगर 24 महीने के अंदर इस बीमारी का इलाज नहीं कराया गया तो ये बीमारी धीरे-धीरे पूरे शरीर में फैल जाएगी।

### लोगों की मदद से 10.50 करोड़ जुटाये

कनव के माता-पिता मध्यम वर्गीय परिवार से हैं। इनके लिए 17.5 करोड रुपए का इंतजाम करना आसान नहीं था। इस पैसे के इंतजाम के लिए पीड़ित परिवार ने पंजाब से आप के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा से संपर्क किया। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि बच्चे को बचाने के लिए डोनेशन को कहा। उनकी अपील पर बहुत सारे लोगों ने डोनेशन दिया। इससे 10.50 करोड़ रुपए इकट्ठा हुए। इसके बाद 10.50 करोड रुपए में इंजेक्शन देने की अपील की।

# वायु प्रदूषण रोकने को कराएंगे कृत्रिम बारिश : गोपाल

## मंत्री ने कहा, सर्दी में क्लाउड सीडिंग तकनीक इस्तेमाल करने पर विचार कर रही सरकार

- आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने दी प्रस्तुति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि सर्दी के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार कृत्रिम बारिश कराने के लिए क्लाउड सीडिंग तकनीक के इस्तेमाल पर विचार कर रही है। राय ने कहा कि सरकार शहर के प्रत्येक वायु प्रदूषण प्रभावित क्षेत्र के लिए एक अलग कार्य योजना तैयार कर रही है।

राय ने शीतकालीन कार्य योजना पर 24 पर्यावरण विशेषज्ञों के साथ हुई बैठक के बाद यह घोषणा की। बैठक में आईआईटी-कानपुर के वैज्ञानिकों ने दिल्ली में कृत्रिम बारिश के बारे में एक प्रस्तुति दी थी। इस बैठक में ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद (सीईईडब्ल्यू), सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायरनमेंट (सीएसई) और पर्यावरण रक्षा कोष के 24 सदस्यों और शोधकर्ताओं से भी सुझाव लिए गए। राय ने कहा,विशेषज्ञों ने वाहन प्रदूषण, धूल प्रदूषण, बायोमास जलाने और अन्य प्रकार के प्रदूषण को कम करने के तरीकों पर विचार-मंथन किया। आईआईटी-कानपुर के वैज्ञानिकों ने दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने और इसपर होने वाले खर्च को लेकर एक प्रस्तुति दी। हमने उनसे एक विस्तृत प्रस्तुति तैयार करने का अनुरोध किया है, जिसे मुख्यमंत्री को दिखाया जाएगा। हम निश्चित रूप से इसपर विचार करेंगे।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ पहले भी कृत्रिम बारिश पर इसी तरह के प्रस्ताव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंप चुके हैं। मंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट पर संबंधित प्रदूषण स्रोतों से निपटने के लिए एक अलग शीतकालीन कार्य योजना तैयार करने का भी सुझाव दिया है। दिल्ली में प्रदूषण के हॉटस्पॉट आनंद विहार, वजीराबाद, विवेक विहार, वजीरपुर, अशोक विहार, द्वारका, जहांगीरपुरी, रोहिणी, बवाना, नरेला, मुंडका, पंजाबी बाग, आरके पुरम और ओखला फेज 2 हैं।


शीतकालीन कार्य योजना को लेकर 24 पर्यावरण विशेषज्ञों के साथ बैठक में मंत्री गोपाल राय व अन्य।

## केजरीवाल सरकार प्रदूषण से नहीं दिवाली से लड़ रही: कपिल मिश्रा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार द्वारा पटाखों के बैन को तुष्टिकरण की राजनीति करार देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से अरविंद केजरीवाल सरकार प्रदूषण से नहीं बल्कि दिवाली के उत्साह से लड़ रही है। उन्होंने कहा कि अचानक लाया गया प्रतिबंध दिल्ली के पटाखा व्यापारियों के साथ धोखा है और एक आर्थिक चोट है। भाजपा उपाध्यक्ष ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि दिवाली नजदीक आते ही सरकार पटाखों पर बैन कर देती है। जबकि आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट के अनुसार पटाखों से सिर्फ 2 फीसदी प्रदूषण फैलता है। इसलिए सबसे पहले अरविंद केजरीवाल 98 फीसदी प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए गए कदम का ब्यौरा दिल्ली की जनता को दिखाए। कपिल मिश्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर को भी दरकिनार किया है और दिवाली पर पटाखों पर बैन लगाकर अपनी नियत एक बार फिर से साफ कर दी है। भाजपा ग्रीन पटाखों को चलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को लागू करने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव से पहले पराली से प्रदूषण रोकने की मैजिक सोल्यूशन की बात करने वाले केजरीवाल ने आखिर अब तक क्या किया।

# धनशोधन मामले में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 25 सितंबर तक बढ़ी

- रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के लिए छह हफ्तों की मिली थी राहत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्एंद्र जैन की अंतरिम जमानत मंगलवार को 25 सितंबर तक बढ़ा दी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू द्वारा सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किए जाने पर न्यायमूर्ति ये एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने जैन को यह राहत दी।

जैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी भी मामले की सुनवाई टालने के लिए सहमत हो गए। इसके बाद, शीर्ष अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता की अंतरिम जमानत की अवधि विस्तारित करने के बाद सुनवाई 25 सितंबर के लिए टाल दी। न्यायालय ने एक अन्य आरोपी अंकुश जैन को भी मेडिकल आधार पर चार हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। पीठ ने उल्लेख किया कि उसके बच्चे की सर्जरी होनी है। शीर्ष न्यायालय ने 26 मई को जैन को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के लिए छह हफ्तों की अंतरिम जमानत दी थी। इसने 24 जुलाई को अंतरिम जमानत पांच हफ्ते और बढ़ा दी थी। ईडी ने आप नेता को कथित तौर पर उनसे संबद्ध चार कंपनियों के जरिए धनशोधन करने के आरोप में पिछले साल 30 मई को गिरफ्तार किया था।

# तीर्थयात्रा योजना: रामेश्वरम-मदुरै के लिए रवाना हुई रेल, केजरीवाल ने सौंपे टिकट

- त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या के दौरान सीएम ने श्रद्धालुओं के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मंगलवार को 780 बुजुर्गों को लेकर 76वीं ट्रेन दिलली से रामेश्वरम व मदुरै के लिए रवाना हुई। यह यात्रा 8 दिन की होगी। इससे पहले, तीर्थ यात्रियों के लिए त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ राजस्व मंत्री आतिशी ने हिस्सा लिया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को टिकट सौंप कर कहा कि आज एक और तीर्थ यात्रा ट्रेन हमारे बुजुर्गों को लेकर रामेश्वरम् के दर्शन कराने के लिए जा रही है। सभी बुजुर्ग बेहद खुश हैं। जैसे श्रवण कुमार अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर लेकर गए थे, वैसे ही दिल्ली के बुजुर्ग भी मेरे मां-बाप की तरह ही हैं। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार दिल्ली में हमने तीर्थयात्रा योजना बनाई गई, ताकि सभी बुजुर्गों को एक बार तीर्थ यात्रा कराई जा सके। अभी तक 75 ट्रेनों के जरिए दिल्ली के करीब 73 हजार बुजुर्ग विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा कर चुके हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तीर्थ यात्रा शुरू करने के पीछे दो भाव थे। कई लोग ऐसे हैं, जिनको भगवान ने साधन नहीं दिए और गरीबी की वजह से वो अपना पैसा खर्च करके कहीं तीर्थ यात्रा पर नहीं जा सकते। कई लोग ऐसे हैं, जिनको भगवान ने साधन तो दिए, लेकिन उनके साथ कोई जाने वाला नहीं है। तब हमने तीर्थ यात्रा शुरू करने के बारे में सोचा। इसमें किस्म-किस्म के लोग जा रहे हैं। रामेश्वरम् की यात्रा पांच दिन ट्रेन में ही गुजरेगी। ये पांच दिन कैसे गुजर जाएंगे, आपको पता ही नहीं चलेगा। पूरा दिन भजन गाते-गाते गुजर जाएगा। तीर्थ यात्री रामेश्वरम् के साथ मदुरै भी जा रहे हैं। ये बहुत ही खूबसूरत जगह है और खूबसूरत मंदिर भी है। मैं भी रामेश्वरम् गया हूं। सभी तीर्थ यात्री रामेश्वरम् खूब अच्छे से जाएं और सबके लिए आशीर्वाद लेकर आएं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कई लोग मुझसे पूछते हैं कि इतना पैसा कहां से आता है।

पैसा इसलिए आता है, क्योंकि अब दिल्ली में ईमानदार सरकार है। हम हर चीज में पैसा बचाते हैं। हम पैसा नहीं खाते हैं। जो पैसा बच जाता है, उससे बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करा देते हैं। ईमानदारी का जो पैसा बचा, उससे हमने आप लोगों को तीर्थ यात्रा करा दी। हम सबने श्रवण कुमार की कहानी सुनी है। जैसे श्रवण कुमार अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर लेकर गए थे, वैसे दिल्ली के बुजुर्ग भी मेरे मां-बाप की तरह ही हैं। मैं दिल्ली के बुजुर्गों को अपने मां-बाप की तरह ही मानता हूं। भगवान से प्रार्थना है कि आपकी यात्रा बहुत शुभ हो। सभी लोग अपने और अपने परिवार के साथ-साथ दिल्ली और देश के लिए आशीर्वाद लेकर आएं। दिल्ली और देश खूब तरक्की करे और सबके घर में खुशहाली हो।

### बुजुर्गों में सबसे अधिक महिलाएं: आतिशी

राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले दो-तीन महीने में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई है। मुझे ये खुशी है कि तीर्थ यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की है। उन्होंने कहा, एक महिला अपना पूरा जीवन अपने परिवार की देखभाल, बच्चों के पालन-पोषण में बिता देती है। जब वो उम्र की इस पढ़ाव में पहुंचती है तो ईश्वर की भक्ति में अपना समय बिताना चाहती है।


जी-20 के सफल आयोजन के बाद उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर उनके प्रयासों को सराहा।

## यमुना पार क्षेत्र विकास बोर्ड के पुनर्गठन की मांग संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यमुना पार क्षेत्र विकास बोर्ड (टीवाईएडीबी) के पुनर्गठन संबंधी भाजपा विधायक की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने इस बात का संज्ञान लेते हुए याचिका खारिज की कि सरकार की ओर से इस मुद्दे पर विचार-विमर्श अब भी जारी है।

उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार की ओर से दायर इस जवाब पर गौर किया कि टीवाईएबीडी एक प्रशासनिक निकाय है, न कि वैधानिक निकाय।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने कहा कि इस अदालत को बोर्ड के पुनर्गठन के लिए सरकार को आदेश जारी करने का कोई कारण नजर नहीं आता।

लिहाजा, जनहित याचिका खारिज की जाती है। अदालत का यह आदेश यमुना पार क्षेत्र स्थित लक्ष्मी नगर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा सदस्य अभय वर्मा की याचिका पर आया। उन्होंने टीवाईएडीबी के पुनर्गठन में देरी के कारण क्षेत्र के विकास में बाधा उत्पन्न होने की बात कही थी।

## दीप चंद अस्पताल में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के एक अस्पताल में मंगलवार को मामूली आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, दीप चंद अस्पताल में आग लगने संबंधी सूचना पूर्वाह्न 10 बजकर 20 मिनट पर प्राप्त हुई, जिसके बाद दमकल की चार से पांच गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। आग पर पूर्वाह्न 10 बजकर 35 मिनट पर काबू पा लिया गया और घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अस्पताल की पहली मंजिल पर एक फ्रिज के कंप्रेसर में खराबी को बताया जा रहा है।

## स्वयंभू बाबा के बैंक खातों के लेनदेन पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई को फरार स्वयंभू बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाने की मंगलवार को अनुमति दे दी। अदालत ने दीक्षित को गिरफ्तार करने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट पर गौर किया।

दीक्षित बलात्कार के मामलों का सामना कर रहा है और कई वर्षों से फरार है। अदालत ने उससे संबंधित कुछ बैंक खातों के उल्लेख पर भी गौर किया। अदालत ने कहा कि वह मामले में सीबीआई द्वारा किए गए प्रयासों और प्रगति से संतुष्ट है। इसने एजेंसी से अपने प्रयास जारी रखने को कहा। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने संघीय एजेंसी को आगे कदम उठाने के लिए छह सप्ताह का समय देते हुए कहा, सीबीआई निश्चित रूप से कानून के अनुसार कदम उठाकर बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाने के लिए स्वतंत्र है।

# दिल्ली की सड़कें बनेगी विश्वस्तरीय, नियमित रूप से होगा रखरखाव

- राजधानी को चमकाने के क्रम में ग्राउंड जीरो पर उतरी पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी की सड़कें खूबसूरत और यूजर फ्रेंडली बनेंगी। नरेला से तुगलकाबाद हो या नजफगढ़ से शहादरा की सड़कों को विश्वस्तरीय बनाएगी केजरीवाल सरकार।

इस कड़ी में मंगलवार को लोक निर्माण मंत्री आतिशी विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राउंड जीरो पर उतर दक्षिणी दिल्ली के साकेत में प्रेस एन्क्लेव रोड, मंदिर मार्ग सहित की 4 मुख्य सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सड़कों को रिडिजाइन कर स्वच्छ, सुंदर और यूजर फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिया। आतिशी ने कहा जैसे जी-20 के दौरान कुछ हिस्सों को चमकाया व नया स्वरुप दिया गया ठीक उसी तरह अब सभी सड़कों को शानदार बनाया जायेगा। इस बाबत सोमवार को विभागों के साथ समीक्षा की गई थी और आज पीडब्ल्यूडी विभाग ग्राउंड जीरो पर है और जमीनी स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है। इस क्रम में फूटपाथ को नया स्वरुप दिया जा सकता है, हॉर्टिकल्चर के साथ कैसे पूरे क्षेत्र को खूबसूरत बनाया जा सकता है। साथ ही जरुरत के अनुसार सड़करें को रिडिजाइन भी किया जाए।

इस दौरान आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों को बेहतर बनाने के क्रम में सभी बारीकियों का ध्यान रखा जाए और इसकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हर जरुरी कदम उठाया जाये।

साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जी-20 को लेकर सौंदर्यीकरण का जो भी काम किया गया है, उसे बरकरार रखने के लिए नियमित रूप से रखरखाव किया जाए। आतिशी ने अधिकारियों को सड़कों की ब्लैक टॉपिंग करने। जरुरत के अनुसार रिडिजाइन करने, स्टैंडर्ड पैमाने पर रोड मार्किंग, फूटपाथ को चमकाने और जरुरत के अनुसार मरम्मत करने को कहा। साथ ही हॉर्टिकल्चर का खास ख्याल रखा जाए।

सेन्ट्रल वर्ज को और खूबसूरत बनाने। डिजाइन व जगह के अनुसार स्ट्रीट फर्नीचर लगाया जाए। समय-समय पर पेड़ों की छंटाई की जाये। ड्रेनेज सिस्टम बेहतर बनाया जाए, जहां जरुरत कर्व स्टोन को बदला जाए और उन्हें पेंट किया जाए।

रेलिंग पेंट किया जाये, नियमित रूप से मकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों द्वारा सड़कों की साफ-सफाई की जाए। स्ट्रीट लाइट्स का बेहतर प्रबंध हो। साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।


लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने विभाग के अधिकारियों के साथ साकेत में प्रेस एन्क्लेव रोड, मंदिर मार्ग का लिया जायजा।

# दिल्ली दंगा मामला: उमर की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने जवाहरल लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की उस याचिका पर सुनवाई चार सप्ताह के लिए मंगलवार को स्थगित कर दी, जिसमें खालिद ने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्व दिल्ली में हुए दंगा मामले में आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में जमानत का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि मामले में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है। पीठ ने खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा, इस मामले में हमें एक-एक दस्तावेज देखना होगा। आप आरोपों के संबंध में उपलब्ध सबूतों से जुड़ी सामग्री दाखिल करें। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा ने खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को नौ अगस्त को अलग कर लिया था।

खालिद की याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के 18 अक्टूबर, 2022 के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसने मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी और याचिका सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ के समक्ष आई थी। उच्च न्यायालय ने खालिद की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वह अन्य सह-अभियुक्तों के साथ लगातार संपर्क में था।

# राजस्थान की जनता इस बार बीजेपी की सरकार बनाने को है तैयार: सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजस्थान** में एमएलए प्रवास कार्यक्रम के तहत बीकानेर जिला की नोखा विधानसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार-प्रसार के लिए पहुंचे गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने जनता की नब्ज टटोली है। जनता से मिले फीडबैक के आधार पर उन्होंने दावा किया है कि इस बार राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर हम जनता का दिल जीत रहे हैं। इसके बाद चुनाव भी जीतेंगे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि महिलाओं पर होने वाले

## सरकार की नीतियां सिर्फ कागजी हैं जनता परेशान

अत्याचारों, अपराधों में राजस्थान में कोई कमी नहीं आई है। सरेआम महिलाओं के साथ अपराध हो रहे हैं।

सरकार अपराधियों को सजा दिलाने में भी नाकाम रहती है। बहुत से केसों में तो अपराधी पकड़ से ही बाहर हैं। ऐसे में जनता राजस्थान की गहलोत सरकार से दुखी हो चुकी है। डैमेट कंट्रोल के लिए भले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गरीबों, पीड़ितों को



एमएलए प्रवास कार्यक्रम के तहत बीकानेर जिला की नोखा विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ विधायक सुधीर सिंगला।

आर्थिक मदद व योजनाओं का लाभ देने का ढोल पीटते हों, लेकिन उनकी सरकार पर जनता को विश्वास नहीं रहा। सरकार किसी भी तरह से जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही। इसी कारण से इस बार कांग्रेस सरकार का जाना और भारतीय जनता पार्टी की सरकार का आना तय है। विधायक सुधीर सिंगला ने आम जन से भाजपा की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के मजबूत नेतृत्व पर वोट देकर सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हाथ ने राजस्थान की जनता को अप्रत्यक्ष रूप से शोषण ही किया है।

अब कमल का फूल खिलाकर प्रदेश में विकासशील सरकार बनाएं। पहले भी भाजपा की सरकार ने राजस्थान के विकास को आगे बढ़ाया। भविष्य में भी यहां का समग्र विकास भाजपा सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, वहां के बारे में फीडबैक ली जा सकती है। हर राज्य में बीजेपी की सरकारों ने प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है।

# गुरुग्राम विवि से संबृद्ध कॉलेजों में सत्र 2024-25 से लागू होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति




गुरुग्राम विवि में पत्रकारों से बात करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अगले सत्र 2024-25 में विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के सभी यूजी पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार संचालित किया जायेगा। फिलहाल गुरुग्राम विवि से संबद्ध राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 गुरुग्राम में बैचलर ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (बीटीटीएम) कार्यक्रम में एनईपी 2020 को लागू किया गया है। यह जानकारी उन्होंने मंगलवार को विवि परिसर में पत्रकार वार्ता में दी।

## फिलहाल यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों को एनईपी-2020 के अनुसार संचालित किया जा रहा

## विवि परिसर में पत्रकार वार्ता के जरिए जानकारी

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए विवि द्वारा किए गए कार्य के संबंध में पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य बहु अनुशासनात्मक पाठ्यक्रम और एक समग्र शिक्षण माहौल का सृजन करने पर जोर देना है। प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि एनईपी-2020 के तहत छात्रों को अध्ययन के लिए विषयों के चयन को और अधिक आसान कर किया गया है। जिससे 21वीं सदी के कुशल और सर्वांगीण व्यक्तित्व का सृजन होता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की शिक्षा के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप एनईपी-2020 एक नई प्रणाली का निर्माण करेगी जो प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता के विकास पर विशेष रूप से जोर देगी। सत्र 2023-24 से एनईपी-2020 को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सभी यूजी कार्यक्रमों में लागू किया गया है। पीजी पाठ्यक्रमों में भी एनईपी-2020 के तहत संचालित किया जा रहा है। कुलपति ने बताया कि एनईपी-2020 पर काम करने और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों और संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के लिए एनईपी-2020 पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी द्वारा कई कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने भी जानकारी दी। जीयू के डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. सुभाष कुंडू ने चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से उच्च शिक्षा में समग्रता के नये अवसर देखने को मिलते हैं। साथ ही प्रत्येक छात्र की अद्वितीय क्षमता को सामने लाया जा रहा है। वैधानिक सोच को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गिरफ्तार मोनू मानेसर को नूंह की अदालत ने भेजा जेल

## सीआईए स्टाफ नूंह ने मानेसर से मोनू को किया गया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नूंह/गुरुग्राम

**नासिर-जुनैद** हत्याकांड के आरोपी मोनू मानेसर को मंगलवार को नूंह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सीआईए स्टाफ ने उसे गांव मानेसर से ही पकड़ा गया। मोनू मानेसर के खिलाफ हरियाणा में भी फरवरी 2023 में एक केस दर्ज किया गया था। चर्चा रही कि मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस नासिर-जुनैद हत्याकांड में पूछताछ के लिए राजस्थान पुलिस को सौंपेगी। नूंह पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से मोनू मानेसर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि सीआईए स्टाफ द्वारा हिरासत में लिए गए मोनू मानेसर पर भिवानी में राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। इसे लेकर काफी समय से मोनू मानेसर को राजस्थान पुलिस



मोनू मानेसर को गिरफ्तारी के बाद नूंह अदालत में पेश करने जाती पुलिस।



मोनू मानेसर।

पूछताछ के लिए बुला रही थी। वह पिछले 8 महीने से वहां पर जाने से बच रहे थे। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कई बार मोनू मानेसर को नोटिस भी दिए, लेकिन वे राजस्थान पुलिस के पास नहीं गए। बताया जा रहा है कि 28 जुलाई को आईटी एक्ट के तहत नूंह पुलिस ने केस दर्ज किया था, लेकिन यह केस सार्वजनिक नहीं हो पाया। मंगलवार को नूंह पुलिस ने मोनू मानेसर को उस समय हिरासत में लिया, जब वह मानेसर में ही एक पंचायत में भाग लेने गया था। मोनू को हिरासत में लेने के बाद स्थानीय पुलिस ने राजस्थान पुलिस को सूचित कर दिया गया है। मोनू मानेसर को हिरासत में लिए जाने के बाद नूंह के भीष्म मंदिर में उसके समर्थन में पंचायत आहुत की गई। पंचायत की सूचना पर सुरक्षा की दृष्टि से नूंह जिला पुलिस की तैनात कर दी गई। पुलिस को इनपुट मिले हैं कि पंचायत के लिए जुटने वाली भीड़ उग्र होकर थाने पर हमला करके मोनू मानेसर को छुड़वा सकते हैं। मंगलवार शाम को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच मोनू मानेसर को नूंह जिला अदालत में पेश किया गया। मोनू के वकील सोमनाथ शर्मा ने अदालत से जमानत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने मोनू मानेसर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**इस मामले में भी राजस्थान पुलिस को थी तलाश** : 16 फरवरी, 2023 को हरियाणा के भिवानी में बोलेरो गाड़ी में दो जली हुई लाशें मिलीं थीं। जांच में पता चला था कि ये लाशें राजस्थान के गोपालगढ़ के जुनैद और नासिर की हैं। हरियाणा के कई गो-रक्षकों पर उनकी हत्या का आरोप लगा। इनमें मोनू मानेसर उर्फ मोहित यादव का नाम भी सामने आया। इसके बाद राजस्थान के भरतपुर थाना में मोनू मानेसर सहित अन्य लोगों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करने की खबरें आई। पुलिस इस केस में फरार 8 आरोपियों की फोटो भी जारी कर चुकी है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत ड्यूटी पर घायल हुए होम गार्ड की मौत

**गुरुग्राम।** जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर लगी ड्यूटी पर तैनात एक स्कूटी की टक्कर से घायल हुए होम गार्ड के जवान की घटना के चार दिन बाद मौत हो गई। चिकित्सकों ने उसे ब्रेन डेड घोषित किया। जवान के परिजनों, ग्रामीणों की मांग है कि योगेश ड्यूटी के दौरान घायल हुआ था और उसकी मौत हो गई है। उसे शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए। फिलहाल प्रशासन, सरकार की ओर से इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पुलिस ने सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराने की बात कही है।

गौरतलब है कि नूंह जिला का रहने वाला होम गार्ड जवान योगेश की जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर सुरक्षा की ड्यूटी लगी थी। वह इफको चौक पर लगाए गए पुलिस नाके पर वाहनों की चेकिंग करने में पुलिस की मदद कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने योगेश में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया,



मृतक योगेश का फाइल फोटो।

जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। योगेश की सेहत लगातार बिगड़ ही रही थी। उसे गहरी चोटें लगी थी। चिकित्सकों ने योगेश को बेहतर उपचार देकर ठीक होने के सारे यत्न किए, लेकिन योगेश की सेहत में कोई सुधार नहीं आ रहा था। जवान योगेश को बीती रात चिकित्सकों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

**योगेश की 8 महीने पहले हुई थी शादी** : करीब 5 साल पूर्व योगेश की बतौर होम गार्ड नौकरी लगी थी। होम गार्ड के जवान योगेश की 8 महीने पर ही शादी हुई थी।

# शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था, नप ने पुरानी एजेंसी का लिया सहारा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद प्रशासन ने डोर टू डोर कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी एक बार फिर से पुरानी एजेंसी को सौंपी है। लेकिन यह एजेंसी को मात्र 3 माह के लिए रखा गया है। तब तक नई एजेंसी को लाने की सभी प्रक्रिया पूरी कर लेने के बाद उक्त एजेंसी को बॉय-बॉय कह दिया जाएगा।

शहर में पिछले 11 दिन से चरमराई सफाई व्यवस्था को एक बार फिर से पटरी पर लाने के लिए नगर परिषद प्रशासन ने पूरानी ही एजेंसी पूजा कंश्यूलनेशन को तीन माह का अवसर दे दिया है। ताकि शहर में सफाई व्यवस्था बनी रहे। वहीं पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी ने मंगलवार को अपनी पूरी टीम को मैदान में उतारते हुए डोर टू डोर कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी संभाल ली है। मंगलवार को पूंजा एजेंसी के वाहनों सड़कों पर उतारते हुए घर-घर जाकर कूड़ा उठाने के कार्य की शुरुआत कर दी है।



मंगलवार को सोहना में डोर टू डोर वाहन कूड़ा उठाता हुआ।

**गंदगी को लेकर मचा हाहाकार** : पिछले करीब 11 दिन से शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों से परेशान शहरवासियों में नगर परिषद प्रशसन कोसना शुरु कर दिया था। शहर में कूड़ा न उठाने से परेशान शहरवासियों ने चारों तरफ हाहाकार मचा दिया।

आम नागरिकों सोहना विधायक संजय सिंह से भी शहर में चरमर्रा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाएं रखनें के लिए पूरानी एजेंसी को की ही समाधान करने के लिए परिषद अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए थे। विधायक संजय सिंह के आदेशों की पालना करते हुए परिषद प्रशासन ने पुरानी एजेंसी का वापस बुलाया और डरे टू डो कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

घर-घर से कूड़ा उठने के लिए नई एजेंसी की खोज शुरु कर दी है। जिसके के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरु कर दी है।

**( राजपाल खटाना-एसडीओ नप सोहना )**

# शाहिद 22 साल से लगातार वाहन चोरी की वारदातों को दे रहा है अंजाम

**गुरुग्राम।** कहावत है चोर चोरी छोड़ सकता है लेकिन हेरा-फेरी नहीं, लेकिन चोर शाहिद ने इस कहावत के भी मायने बदल दिए। वाहन चोरी की अनेकों वारदात करने के बाद वह जेल भी गया, लेकिन जेल से बाहर आते ही उसे वाहनों की फिर से चोरियां शुरू कर दीं। पिछले 22 साल से शाहिद वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता आ रहा है। वह अपने एक साथी के साथ गुरुग्राम पुलिस के हत्थे चढ़ा है। जुलाई में वह जेल से बाहर आया था।

जानकारी के अनुसार 20 अगस्त 2023 को सनसिटी सोसायटी सेक्टर-102 से एक वेगनआर कार चोरी कर ली गई। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। इस शिकायत पर राजेंद्रा पार्क पुलिस थाना में केस दर्ज किया गया। पुलिस गाड़ी चोरी के आरोपियों की पकड़ में जुट गई। अपराध शाखा प्रभारी सेक्टर-10 के निरीक्षक कुलदीप की टीम ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों शाहिद व मुजाहिद को गिरफ्तार किया। शाहिद



गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में अंतरराज्यीय वाहन चोर।

को कचहरी रोड मैनपुरी उत्तर प्रदेश से और मुजाहिद को मिंडकोला गांव मोड़ गुरुग्राम से काबू किया गया। एक पांच पास है और दूसरा अनपढ़ है।

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी शाहिद वर्ष 2001 से लगातार वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता आ रहा है। उसके खिलाफ चोरी के लगभग 80 केस दिल्ली, उत्तर प्रदेश, फरीदाबाद व गुरुग्राम में दर्ज हैं।चोरी किए वाहनों को वह साथी के साथ मिलकर उझानी, बदायूं, हाथरस व अन्य जगहों पर बेच देता था। वह पहले भी चोरी के मामलों में कई बार जेल जा चुका है। बीते जुलाई महीने में ही वह जेल से बाहर आया था।

# हिंडाल्को ने भारत में हाई-स्पीड एल्यूमीनियम रेल कोच के लिए इटली की से किया करार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम रॉलिंग व रीसाइक्लिंग कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इटली की मेट्रा एसपीए के साथ एक टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप की है। मेट्रा एसपीए स्ट्रक्चर्ड और वैल्यू-ऐडेड एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन का उत्पादन करने में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है। इस पार्टनरशिप का उद्देश्य भारत में हाई-स्पीड एल्यूमीनियम रेल कोच बनाने के लिए बड़े साइज के एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन और फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी को लाना है। इससे पता चलता है कि हिंडाल्को भारत सरकार के उत्कृष्ट घरेलू विनिर्माण क्षमताओं के दृष्टिकोण को सच बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

एल्युमीनियम मैन्यूफैक्चरिंग में हिंडाल्को के लंबे अनुभव और एल्युमीनियम एक्सट्रूजन, मशीनिंग और वेल्डिंग में मेट्रा की अत्याधुनिक जानकारी को मिलाकर



देखें तो यह साझेदारी भारत में उस विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी को लाने की दिशा में बड़ा कदम है, जो अभी यूरोप, चीन, जापान और कुछ अन्य देशों तक सीमित है. यह पार्टनरशिप हिंडाल्को को दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क चलाने वाली भारतीय रेलवे के महत्वाकांक्षी अपग्रेडेशन को आगे बढ़ाने का लॉन्चिंग पैड मुहैया कराती है. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने कहा, हम भारत में यात्री ट्रेनों के लिए एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन के एक नए दौर की शुरुआत करने के लिए मेट्रा के साथ जुड़कर खुश हैं। यह कमर्शियल व्हीकल्स, फ्रेट वैगन्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और पैसेंजर ट्रेन अप्लिकेशन्स के लिए एल्यूमीनियम मुहैया कराने की हमारी कैपेसिटी बिल्डिंग का हिस्सा है। हमारी संयुक्त विशेषज्ञता निश्चित तौर पर इन ट्रेनों की एफिशिएंसी, ड्युरेबिलिटी और सस्टेनेबल परफॉर्मेंस को बढ़ाएगी और भारतीय रेल उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करेगी।

रेलवे सेक्टर में एक्सट्रूडेड एल्युमीनियम की भूमिका काफी अहम है, क्योंकि यह वजन को कम करता है और मैकेनिकल स्ट्रेंथ को बढ़ाता है। मेट्रा 60 साल से ट्रांसपोर्ट सेक्टर के लिए एल्युमीनियम एक्सट्रूजन बना रही है। मेट्रा एसपीए के सीईओ एनरिको जम्पेड्री ने कहा, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ से हमें वैश्विक स्तर पर एल्युमीनियम एक्सट्रूजन की अपनी क्षमताओं को दिखाने का मौका मिल रहा है।

# किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, बाजरे की सरकारी खरीद जल्द शुरू कराने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**क्षेत्र** के किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बाजरे की सरकारी खरीद को एक अक्तूबर से जल्द शुरु कराने की मांग की है। किसानों की मांग है कि किसान अपने बाजरें को बरसात की डर से निजी एजेंसियों को मनमर्जी भाव से बेचने को मजबूर हो रहा है। जिससे किसान को एक क्विंटल बाजरें पर 700 से लेकर 800 रुपये का आर्थिक घाटा हो रहा है।

मंगलवार को क्षेत्र के किसानों ने एसडीएम प्रदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बाजरे की सरकारी खरीद को जल्द से जल्द शुरु करने की मांग की है। गांव खरौदा, बालूदा, सोहना, नूनेरा आदि से आए किसानों ने एसडीएम को बताया कि राज्य सरकार ने एक अक्तूबर से बाजरे की सरकारी खरीद शुरु करने की घोषणा की है। लेकिन जिन किसानों ने अपनी बाजरे की फसल को निकाल लिया है। उनकी फसल खेतों में पड़ी है। किसाना रमेश का कहना है किसान खेत से बाजरे को मंडी में लाकर



सोहना में किसाना एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बाजरे की फसल को जल्द से जल्द खरीदने की मांग करते हुए।

बेचना चाहता है। सरकार द्वारा बाजरे का इस वर्ष समर्थन मूल्य 2500 रुपये तय किया है। लेकिन सरकारी खरीद शुरु करने में अभी करीब 20 दिन है। मौसम खराब होने से किसानों को रातों की नींद उड़ी हुई है।

**निजी एजेंसियों मनमर्जी भाव** : किसानों का आरोप है कि निजी एजेंसियां बाजरें का सरकारी समर्थन मूल्य से 700 से लेकर 800 रुपये कम में खरीद कर रही है। किसान सुरेन्द्र का कहना है कि जिन किसानों को नकदी आवश्यकता है। उन्हे अपनी फसल को बेचने की जल्दी हो रही है। क्योकि उन्हे बैंक से लिया ऋण की किस्त जमा करानी है। फसल बिजाई के लिए दुकानदारा से लिया उधार में बीच का भुगतान करना है। जिसके लिए पैसे की आवश्यकता है।

**किसानों को दिय जाए भावतंर लाभ** : पिछले वर्ष सरकार ने किसानों को बाजरें की फसल पर भावतंर देकर लाभ पहुंचाया था। भाजपा के मंडल अध्यक्षत गौरव चुग का कहना है कि निजी एजेंसियों किसानों को बाजरें को खरीद कर ले। लेकिन समर्थन मूल्य व निजी एजेंसी द्वारा ,खरीद गई बाजरें के बीच का अंतर वाली नकदी का सरकार द्वारा भावंतर का लाभ किसानों का दे दे। किसानों की मांग को वह आज ही उच्चाधिकारियों को तुरन्त प्रभाव से भेज दिया है। किसानों की मांग को स्वीकार करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्हे जैसे ही आदेश मिलेगा। वैसे ही पालना करनी होगी।

**( प्रदीप सिंह-एसडीएम सोहना )**

# भारत के उद्योगों से सहयोग व सामूहिक विकास के लिए पीएफटीआई-एसएमएयू के बीच ऐतिहासिक करार

## व्यापार और उद्योग के उत्थान के लिए पीएफटीआई ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सिडकुल** मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (एसएमएयू) की ओर से उत्तराखंड के राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह की उपस्थिति में प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) और एसआइडीसीयूएल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन (एसएमएयू) के करार हुआ। भारत में व्यापार तथा उद्योगों से सहयोग और सामूहिक विकास के उद्देश्य से एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गये।



व्यापार और उद्योग के उत्थान के लिए पीएफटीआई ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर। बाद में फाइलों का आदान-प्रदान करते सिडकुल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारी।

पीएफटीआई की ओर से समझौता पत्र पर चेयरमैन दीपक मैनी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल ने कहा कि देश के विकास में उद्योगपतियों का अहम योगदान है। उद्योगपति जहां आर्थिक विकास को गति देते हैं, वहीं रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन करते हैं। उत्तराखंड के राजभवन में आयोजित उद्योगपतियों के सम्मान समारोह में प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने अहम भूमिका निभाई। व्यापारिक तथा औद्योगिक सामूहिक विकास को लेकर सहयोग के मूल विश्वास के प्रति प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने जोर दिया। इस दिशा में यह एमओयू एक यादगार साझेदारी की शुरुआत है।

एक दूरदर्शी कदम उठाते हुए पीएफटीआई ने हिमालय की गोद में बैठे उत्तराखंड के शीर्ष औद्योगिक एसोसिएशन एसआईडीसीयूएल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के साथ इसके आर्थिक प्रभाव और मजबूती को ध्यान में रखते हुए यह समझौता किया है। आज के दौर में संयुक्त प्रयास से प्रभावी परिणाम मिलते हैं। दीपक मैनी ने कहा कि यह एमओयू हमारे उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में गतिमान प्रभाव दिखाने में सक्षम है। इस मौके पर उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल ने इस अभूतपूर्व पहल की सराहना की और आशा व्यक्त किया कि यह अपने उद्देश्य में पूर्ण सफल होगा। उन्होंने दोनों संगठनों को अपनी शुभकामनाएं दीं। माननीय राज्यपाल के प्रति टीम पीएफटीआई ने भारतीय परंपराओं से ओत-प्रोत कार्यक्रम के आयोजन के लिए एसएमएयू के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। पीएफटीआई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चेयरमैन दीपक मैनी ने किया। इस प्रतिनिधिमंडल में पीएफटीआई के वाइस चेयरमैन डॉ. एसपी अग्रवाल, निदेशक अधिवक्ता आरएल शर्मा निदेशक, डॉ. अंशुल ढींगरा पीएफटीआई गुरुग्राम के अध्यक्ष पीके गुप्ता, गुरुग्राम के महासचिव राकेश बत्रा, एसएमएयू के अध्यक्ष हरिंद्र गर्ग महासचिव राज अरोड़ा सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कम पानी में कपास की फसल का अधिक उत्पादन कर सकते हैं किसान : सुंदर सिंह

## किसान मेले में किसानों को फसल प्रबंधन के लिए जागरूक किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**कृषि** एवं किसान कल्याण विभाग पलवल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र मंडकौला में कपास की फसल के उत्पादन को लेकर एक दिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया। मेला में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को कपास की फसल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

खंड तकनीकी प्रबंधक सुंदर सिंह ने बताया कि कपास की फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया गया है। कपास की फसल में पानी की खपत कम होती है। किसान कम पानी में कपास की फसल का अच्छा उत्पादन कर सकते हैं। बाजार में कपास का अच्छा रेट मिलता है और किसान को अधिक मुनाफा होता है। उन्होंने कहा कि कपास में चुनाई करते समय सावधानियां बरतनी जरूरी है। कपास की चुनाई ओस सूखने के बाद ही करनी चाहिए। अविकसित, अधखिले या गिले टिंडे की चुनाई नहीं करनी चाहिए। चुनाई करते समय कपास के साथ सूखी पत्तियां, मिट्टी आदि नहीं आना चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनाई के पश्चात कपास को धूप में सुखा लेना चाहिए, क्योंकि अधिक नमी से कपास में रुई तथा बीज दोनों की गुणवत्ता में कमी आती है। कपास को सुखाकर ही भंडारित करें, क्योंकि नमी होने पर कपास पीला पड़ जाएगा वह फफूंद भी लग सकती है।

अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि खंड हथीन में कपास की फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा भी कपास की फसल को प्रमोट किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को कपास की वैरायटी के बारे में जानकारी दी गई है। कपास की फसल का उत्पादन करने से पानी की बचत होती है। पानी की बचत के लिए कपास की फसल किसानों के लिए वैकल्पिक फसल है। फसल में एक दो बार सिंचाई करने के बाद ही कपास का उत्पादन शुरू हो जाता है। कपास की फसलों में कीटनाशकों एवं रासायनिक खादों का भी प्रयोग कम किया जाता है जिसकी वजह से किसानों को आर्थिक बोझ कम पड़ता है। कपास की फसल किसानों की आमदनी बढ़ाने का मुख्य स्रोत है।

उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम के जरिये किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करने के बारे में भी जानकारी दी गई है। गांव महेशपुर के किसान ज्ञान सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि विभाग के अधिकारियों ने कपास की फसल के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई है। किसानों को कपास की फसल में लगने वाले बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई है।

किसान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार खेती कर फसल के उत्पादन को बढ़ा सकते है और लाभ प्राप्त कर सकते हैं। गांव मंडकौला के किसान सादीराम ने बताया कि किसानों को कपास की फसल के बारे में बताया गया है कि फसल में कितनी मात्रा में खादों का प्रयोग करना है। फसल में लगने वाली बीमारियों की रोकथाम कैसे की जाए और फसल की तुड़ाई समय समय पर करने के बारे में जानकारी दी गई है। किसानों से अपील की गई है कि धान की बजाय कपास की फसल उगाए ताकि पानी की बचत हो सके।

# शराब तस्करों ने एसएचओ पर किया जानलेवा हमला

## पुलिस कर्मियों से मारपीट की, गाड़ियों को तोड़ा, तीन नामजद सहित 15 पर केस

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**चांदहट** थाना पुलिस अवैध शराब पकड़ने पहुंची तो तस्करों ने जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए मारपीट कर दी। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। चांदहट थाना पुलिस ने तीन नामजद सहित 10-12 अन्य के खिलाफ हत्या का प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना ने दी तहरीर में कहा है कि वह अपनी गाड़ी व पीसीआर के साथ माइनिंग चेकिंग से वापस थाना लौटकर आ रहे थे। उसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बडौली गांव निवासी जुगन, दीपक व जयंत अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करते हैं। फिलहाल उनके पुस्तैनी मकान में काफी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है। सूचना पर उनकी दोनों गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। वहां जुगन, दीपक व जयंत सहित 10-12 अन्य लोग एकत्रित हो गए। आरोप है कि वे लोग पुलिस की ड्यूटी में बाधा डालने लगे, पुलिस चेकिंग के लिए आगे बढ़ी तो आरोपी जुगन ने एसएचओ को जान से मारने की नीयत से हाथ में लिए देसी कट्टा से सीधी गोली चला दी, जो एसएचओ के कान के पास से गुजर गई। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस टीम के साथ मारपीट व सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे आरोपियों से जान बचाई और जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो सभी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मौके से अवैध शराब को भी दूसरे स्थान पर छिपा दिया। चांदहट थाना पुलिस ने थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना की शिकायत पर तीन नामजद सहित 15 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## अग्रवाल कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्राओं को कपड़े के कैरी बैग बनाने की कला सिखाने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। यह शिविर एसडीजी क्लब के बैनर तले 29 अगस्त को शुरू किया गया था। विभिन्न कक्षाओं से 20 छात्रों ने भाग लिया और उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए बदलाव लाने की मानसिकता के साथ सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया। उन्होंने पुराने और इस्तेमाल किए हुए कपड़ों जैसे चादर, पर्दे वगैरह से कपड़े के कैरी बैग बनाना सीखा। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्रों को प्लास्टिक बैग की बजाय कपड़े के कैरी बैग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि कपड़े के बैग पर्यावरण के लिए गैर विषैले होते हैं और कई बार उपयोग किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कपड़े के कैरी बैग सूक्ष्मजीवों द्वारा विघटित हो जाते हैं, इसलिए पृथ्वी पर कोई प्रदूषण नहीं होता है। विद्यार्थियों ने कपड़े के कैरीबैग बनाकर अपनी रचनात्मकता और उत्साह दिखाया। शविर डॉ. गीता गुप्ता की देखरेख में आयोजित हुआ।

# आईटीआई में कल लगेगा अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में फरीदाबाद व पलवल के औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न उद्योग भाग ले रहे हैं। विभिन्न उद्योगों ने अपनी मांग आईटीआई पलवल की शिक्षुता एवं प्लेसमेंट सेल को दी है।

आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य भगत सिंह ने बताया कि इस मांग में उनको अधिकतर आईटीआई पास फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, कोपा इत्यादि ट्रेडों के अभ्यर्थियों की रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए जरूरत है। जिन उद्योगों ने अपनी डिमांड आईटीआई पलवल को भेजी है, उनमें मुख्यत: हैवेल्स इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद, गुड ईयर लिमिटेड फरीदाबाद, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड फरीदाबाद, एबीबी इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद, डी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड पृथला, शिवानी लॉक प्राइवेट लिमिटेड पृथला, बायोमेड हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड पृथला, साधु ऑटो पार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला, न्यू टेक ग्रुप सीकरी इत्यादि शामिल है। रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप पाने के इच्छुक अभ्यार्थी 14 सितंबर को आईटीआई पलवल की शिक्षुता एवं प्लेसमेंट सेल में आकर सुबह नौ बजे संपर्क कर सकते हैं। इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक छात्रों को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार दिलवाया जाएगा और भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।

# सरस्वती महिला कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सरस्वती** महिला महाविद्यालय में प्रबंधन विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. वंदना त्यागी व समस्त प्रबंधन विभाग की प्राध्यापिकाओं द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विषय से संबंधित विचार छात्राओं से सांझा किए। इस प्रतियोगिता में बीबीए व एमबीए की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर रुचिका तुली व मैडम प्रियंका जैन की रही। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-लक्षिका बीबीए तृतीय वर्ष प्रथम स्थान, प्रिया कुंडू बीबीए द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, वैशाली सोनी बीबीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान, ममता बीबीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान, सांत्वना पुरस्कार श्वेता बीबीए प्रथम वर्ष व ज्योति रानी एमबीए द्वितीय वर्ष को मिला। कार्यक्रम में मंच का संचालन रचना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉली भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों व स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया।

# एमवीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एलाएड हेल्थ साइंसेज ने किया शैक्षणिक विजिट

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**एमवीएन** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ अलाएड हेल्थ साइंस में कुलपति डॉ. अरुण गर्ग के निर्देश में शैक्षणिक यात्रा आयोजित की गई। डॉ. महेश सिंह दानु, हेड स्कूल ऑफ अलाएड हेल्थ साइंस एवं डॉ. स्वाति चित्रांशी, असिस्टेंट प्रोफेसर के सह तत्वावधान में ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रोफेसर प्रमोद कुमार गर्ग, डायरेक्टर की अनुमति से इंडस्ट्रियल विजिट आयोजन किया गया।

उनके द्वारा छात्रों को कोरोना जैसी महामारी में कैसे योगदान दें, इस पर प्रकाश डाला गया। इस विजिट में बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी और मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी जैसे विभिन्न क्षेत्रों से नेशनल एवं इंटरनेशनल विद्यार्थियों को विजिट करवाया गया। इस विजिट में 30 विद्यार्थी गए थे, जिसमें अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी भी शामिल थे। इस विजिट में विद्यार्थी को बायोस्से लैब, इम्यूनोकोर लैब एवं बीएसएल तीन लैब का भ्रमण करवाया गया। डॉ. रमन दीप सिंह ने बीएसएल3 से संबंधित जानकारी दी। सोमा पटनायक ने विजिट प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। डॉ. श्रीवर्धन धीमान, हेड ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रॉबायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी के सहयोग में आयोजित ये विजिट विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभकारी साबित हुई। संस्थान के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सभी उपकरणों एवं टेक्नोलॉजी से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने भी बहुत रुचि दिखाते हुए विजिट का आनंद उठाया।

इस विजिट में शामिल एलाइड हेल्थ साइंस के शिक्षकगण मिस शीतल भल्ला, मिस प्रिया शर्मा, प्रोफेसर अश्वनी कुमार सांघी एवं नीरज भारद्वाज का धन्यवाद करते हे। इसमें डिपार्टमेंट के सभी शिक्षकगणों असिस्टेंट प्रोफेसर रितिका जग्गी, असिस्टेंट प्रोफेसर हिमानी रावत, असिस्टेंट प्रोफेसर रजनीश कुमार, दर्शन पायला का विशेष योगदान रहा।

# रेल की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**पलवल।** रेल की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत असावटी-बल्लभगढ़ के बीच प्याला रेलवे फाटक के पास हुई है।

असावटी स्टेशन मास्टर ने बताया कि प्याला फाटक पर मेन रेलवे लाइन के ऊपर एक 60-65 वर्षीय बुजुर्ग का शव पड़ा है। इसकी जानकारी असावटी जीआरपी पुलिस इंचार्ज भीमसिंह को दी गई। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को बरामद किया और शव को पलवल सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

मृतक की तलाशी में कोई भी सामान बरामद नहीं हुआ है। जीआरपी पुलिस मृतक की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। जिससे मृतक के शव को उनके परिवार वालों को सौंपा जा सके।

# अमतानंदमायी की युवा शाखा ने हाइवे के पास 40 हजार सीडबॉल फैलाए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**माता** अमृतानंदमयी मठ की युवा शाखा अयुद्ध के युवाओं और श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) के अनुयायियों ने साथ मिलकर 40 हजार सीडबॉल फैलाए। यह सीडबॉल हाइवे के पास नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ग्रीन बेल्ट में फैलाए गए। साथ ही 45 हजार सीडबॉल वन विभाग को सौंपे गए, जो इनका उपयोग राजमार्गों के आसपास हरित क्षेत्र में पेड़ उगाने के लिए करेंगे।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भारत वन सेवा और शहरी पर्यावरण, जीएमडीए और एफएमडीए के सीईओ सुभाष यादव मौजूद रहे। इनके अलावा अयुद्ध के नेशनल कोऑर्डिनेटर स्वामी मोक्षामृता चैतन्य, रीजनल कोऑर्डिनेटर स्वामी हर्षामृत, अनंत पसारी समेत अमृता अस्पताल से वॉलंटियर, माता अमृतानंदमयी देवी के अनुयायियों के साथ-साथ अयुद्ध के युवा और अमृता अस्पताल के स्वंयसेवक भी शामिल रहे। इस साल अयुद्ध दिल्ली एनसीआर ने लगभग एक लाख से ज्यादा सीडबॉल बनाए थे। यह चरण सीडबॉल फैलाने की श्रृंखला में आखिरी चरण होगा।

इस अवसर पर सुभाष ने कहा अम्मा का संगठन इतने स्थानों पर बीज के गोले बिखेर कर पर्यावरण की मदद करने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अद्भुत काम कर रहा है। हर छोटा प्रयास मायने रखता है। हमें प्रदूषण को कम करने और पेड़ और पानी की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाना चाहिए। अयुद्ध के नेशनल कोऑर्डिनेटर स्वामी मोक्षामृता चैतन्य ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा युवाओं को पर्यावरण के बारे में जागरुक होना बेहद आवश्यक है और इन अभियानों द्वारा हम समाज में खासकर, युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरुकता पैदा कर रहे हैं।

साथ ही उनके मन में भी बीज बो रहे हैं, जिससे युवा प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। अम्मा के इस अभियान द्वारा जितने भी सीडबॉल फैलाए जा रहे हैं, हमें उम्मीद है कि इनमें से अधिक से अधिक अंकुरित होंगे।

अमृता विश्व विद्यापीठम के वैश्विक सीडबॉल अभियान ने इस साल अप्रैल में लांच होने के बाद से दुनिया भर में 1.3 मिलियन से अधिक सीडबॉल का उत्पादन किया है। यह अभियान सस्टेनेबल और रेजिलिएंट कम्युनिटी जलवायु, पर्यावरण और नेट जीरो लक्ष्य पर सी20 वर्किंग ग्रुप के बैनरतले आयोजित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य इस वर्ष के अंत तक 10 लाख से अधिक सीडबॉल का उत्पादन और वितरण करके पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली को बढ़ावा देना है। अमलतास, बेल, कनेर, कचनार आदि के बीजों से गर्मी के दिनों में अमृता अस्पताल, फरीदाबाद, श्री माता अमृतानंदमयी देवी मठ वसंत कुंज दिल्ली व अन्य स्थानों पर सीडबॉल बनाए गए थे। लगभग छह माह से अधिक चले इस अभियान में कई लाख बीज मिट्टी व खाद के पोषण मिश्रण में रखे गए। उन्हें निर्देशित ढंग से सुखाकर सरंक्षित किया गया था।

# कृष्णपाल गुर्जर व मूलचंद शर्मा ने किया सड़कों के जीर्णोद्धार का शिलान्यास



**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व प्रदेश परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने ढाई करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों के कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मंत्रियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्रियों ने ग्रामीणों से नारियल तुड़वाकर सड़कों के कार्य का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए गुर्जर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व स्तर की पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि भारत देश विश्व में आर्थिक रूप से एक महाशक्ति के रूप में बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम के बाद सड़कों का पुनर्निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। जल्द ही जाजरू व मलेरना की सड़कों का पुणर्निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा। सड़कें बनने के बाद जनता का आवागमन शुगम होगा। सड़कों का निर्माण दो करोड़ 50 लाख की लागत से करवाया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ में चहुंमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सरकार के खजाने के दरवाजे क्षेत्र के लिए हमेशा खुले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाजरू जाने वाली सड़क का निर्माण आरएमसी से करवाया जाएगा। वहीं मलेरना की सड़क काली बनाई जाएगी। इस अवसर पर शर्मा ने बल्लभगढ़ में बन रहे ऑडोटेरियम का निरीक्षण भी किया। यह छह महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## मंडी में कपास की आवक शुरू, समर्थन मूल्य से अधिक बिक्री



**पलवल।** पलवल मंडी में कपास की आवक शुरू हो गई है। मंडी में अभी तक 14 हजार क्विंटल कपास की खरीद की जा चुकी है। मार्केट कमेटी के ऑक्शन रिकॉर्डर सतीश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा कपास का समर्थन मूल्य 6650 निर्धारित किया है। मंडी में कपास की खरीद एमएसपी से अधिक रेट पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि पलवल मंडी में कपास की आवक शुरू हो गई है। मार्केट कमेटी द्वारा कपास की खरीद को लेकर आढ़तियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंडी में कपास न्यूनतम समर्थन मूल्य 6650 से अधिक 7350 रूपए तक बिक रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसल को सुखाकर और साफ करके मंडी में लेकर आएं, ताकि कपास का उचित रेट मिल सके। मंडी में पीने के स्वच्छ पानी, बिजली व सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया गया है। गांव बढ़ा निवासी किसान राजेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने 15-20 एकड़ भूमि में कपास की खेती की हुई है। फसल की पैदावार अच्छी हुई और फसल को लेकर मंडी में लेकर आए हैं। मंडी में कपास का उचित मूल्य मिल रहा है।

## अतिक्रमण हटाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करते हुए गांव कोंडल में पंचायती जमीन पर पैडी बनाकर किए गए अनाधिकृत अतिक्रमण को हटाने के दौरान कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए हथीन के बीडीपीओ परमिंदर सिंह को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

## सत्यप्रकाश का स्कूल में किया स्वागत




**पलवल।** दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल विद्यार्थी रहे सत्यप्रकाश तंवर पुत्र धर्मबीर गांव जटोला को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन कुलदीप कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीश कौशिक, प्रिंसिपल गोपाल चौहान व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## खेल मंत्री संदीप सिंह के इस्तीफे की मांग



**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज के आदेश अनुसार जिला महिला कांग्रेस की ओर से खेल मंत्री संदीप सिंह के इस्तीफा की मांग की है। जिसमें कहा गया है कि मंत्री ने कोच के साथ बदसुलुकी की है। इस अवसर पर सविता चौधरी, सत्यवती, बबीता, संता कुंडू, ब्लॉक अध्यक्ष बबीता धनखड़, रीना, कमलेश आदि मौजूद थे।

## नगर निगम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा है कि यदि उनकी मांगें जल्द ही नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। मंगलवार की सुबह नगर निगम कर्मचारियों ने अपनी मांगों के लिए नगर निगम कार्यालय पर जोरदार प्रर्दशन किया। यह धरना प्रदर्शन मयूनिस्पिल कॉरपोरेशनल इंपलाईज फेडरेशन फरीदाबाद के आह्वान पर किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी नेता रमेश जगनाल ने कहा कि नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों की एसीपी को तुरंत लगाने का काम करें। इसका एरियर बनाकर तुरंत कर्मचारियों को भुगतान करें। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने एसीपी लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। उसके बाद भी कर्मचारियों की एसीपी नहीं लगाई जा रही है। जिससे कर्मचारियों को हर रोज अधिकारियों के कार्यालयों के धक्के खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। एसीपी नहीं लगाने की वजह से उनको कम वेतन मिल रहा है। यदि सरकार ने नगर निगम कर्मचारियों की मांगें तुरंत नहीं मानीं तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार व विभाग के अधिकारियों की होगी। इस अवसर पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर कर्मचारी नेता नरेश कुमार, दर्शन, सतीश कुमार, शिवकुमार शर्मा, रामधन, भगतसिंह आदि मौजूद थे।

## विश्वकर्मा जयंती पर होने वाले स्थल का दौरा किया



**पलवल।** एसवीएसयू परिसर में 17 सितंबर को श्री विश्वकर्मा जयंती को राजकीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाए जाने के संबंध में डीसी नेहा सिंह ने मंगलवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय दूधौला का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के जरूरी निर्देश दिए। डीसी नेहा सिंह ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी में लगाई जाने वाली स्टॉल, लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्टेज, साउंड, डी-एरिया, फायर सेफ्टी, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की लेबलिंग, साफ-सफाई, पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, टेंटेज, बिजली, सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, सीटीएम द्विजा, उप पुलिस अधीक्षक साकिर हुसैन, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, डीएलसी अजयपाल डूडी, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव, डीआईओ डीपी कुलश्रेष्ठ, जनस्वास्थ्य विभाग कर्मी मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 13 सितम्बर, 2023



## सफल जी20
### मोदी की प्रशंसा

**जी20** की शानदार सफलता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सारी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। नई दिल्ली में आयोजित द्वि-दिवसीय जी20 सम्मेलन समाप्त हो गया है और इसमें शामिल होने वाले प्रतिनिधि सम्मेलन की आनन्ददायक यादों के साथ अपने देशों को वापस चले गए हैं। प्रबंधन से लेकर परिणामों तक, दिल्ली सम्मेलन की यादें लंबे समय तक उनके दिलो-दिमाग पर छाई रहेंगी। दिल्ली को इस विशाल आयोजन के प्रबंधन में मिली सफलता को विश्व नेताओं तथा अंतरराष्ट्रीय प्रेक्षकों से व्यापक प्रशंसा प्राप्त हुई है। यह सम्मेलन वैश्विक राजनय व सहयोग में मील का पत्थर है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं ने 'भारत मंडपम' में एकत्र होकर महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों पर विचार कर सहयोग के नए अवसर खोजे। दिल्ली आयोजन के शानदार प्रबंधन से विश्व मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका व प्रभाव स्पष्ट होता है। सम्मेलन का एजेंडा दूरगामी रहा जिसमें जलवायु परिवर्तन, आर्थिक बहाली, व्यापार एवं वैश्विक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किया गया। अपने सम्मान व उम्मीदों पर खरा उतर कर भारत ने सम्मेलन को विकासशील देशों के नेताओं के प्रति सचमुच समावेशी व संवेदनशील बनाया। केवल इतना ही नहीं, सम्मेलन में अफ्रीका को जी20 का सदस्य बनाने का फैसला किया गया तथा अनेक विवादास्पद व जटिल मुद्दों पर सहमति बनाई। भारत की संगठन के प्रति प्रतिबद्धता तथा समझाने-बुझाने की भावना के कारण 'दिल्ली घोषणा' पर पूर्ण सहमति बनी। पहले खासकर 'यूक्रेन अनुच्छेदों' पर संदेह था क्योंकि रूस व चीन की इन पर आपत्तियां थीं। बाली सम्मेलन के बाद यह खतरा गहरा गया था जहां अमेरिका और




यूरोपीय देशों ने यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की कठोर आलोचना पर जोर दिया था, हालांकि भारत ने उस समय भी संतुलन बनाए रखा था।
दुनिया भर के नेताओं ने एकमत से भारत की सम्मेलन की योजना बनाने तथा उसके सटीक व सहज क्रियान्वयन के लिए प्रशंसा की है। विश्वस्तरीय अतिथि सत्कार की अद्यतन सुविधाओं के साथ ही भारत ने सम्मेलन को पूर्णत: सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आतिथेय शहर के रूप में नई दिल्ली के चयन ने बहुपक्षीयता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व क्षमता उजागर की है। भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता के समय अनेक महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त करने के बाद पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उनके 'निर्णायक नेतृत्व' तथा 'वैश्विक दक्षिण' की पैरवी के लिए प्रशंसा कर रही है। सहभागी नेताओं ने अनुभव किया कि भारत के 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' संदेश को व्यापक स्वीकार्यता मिली है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, 'भारत के नेतृत्व में हमने दिखा दिया कि हम वर्तमान समय में महत्वपूर्ण मुद्दों पर एकसाथ आए।' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मोदी की ओर संकेत कर कहा, 'अफ्रीकी संघ महत्वपूर्ण साझीदार है। आप हमें एकसाथ लाए, एकसाथ रखा तथा याद दिलाया कि हमारे भीतर चुनौतियों से एकसाथ निपटने की क्षमता है।' जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने जी20 को 'महान नेतृत्व' देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की, जबकि रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव ने 'भारतीय अध्यक्षता के समय रखी नीव' के आधार पर जी20 में सहयोग मजबूत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन का समापन शांति की प्रार्थना 'स्वस्ति अस्तु विश्व' से किया, अर्थात पूरी दुनिया में आशा एवं शांति बनी रहे।

# आध्यात्मिक इतिहास का महत्वपूर्ण क्षण

**धर्मों की विश्व संसद में स्वामी विवेकानंद का भाषण एकता, सहिष्णुता व न्याय की भावनाओं पर केन्द्रित था। यह भारत के आध्यात्मिक इतिहास का अविस्मरणीय क्षण है।**



बंडारू दत्तात्रेय
(लेखक, हरियाणा के राज्यपाल हैं)



हम विश्व धर्म संसद आयोजन के 130 वर्ष पूरे होने को याद कर रहे हैं। यह आयोजन शिकागो में कोलम्बियन पर्मानेंट आर्ट पैलेस में हुआ था जिसे अब शिकागो आर्ट इंस्टीट्यूट कहा जाता है। इसकी शुरुआत 11 सितंबर को हुई थी जिसमें दुनिया के विभिन्न धर्मों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि उपस्थित थे। भारतीय प्रतिनिधि स्वामी विवेकानंद थे जो महान हिंदू संन्यासी, चमत्कारी भाषणकर्ता, कवि तथा भारत के सर्वाधिक प्रगतिशील समाज सुधारक थे। उन्होंने उपस्थित स्रोताओं को धार्मिक सहिष्णुता तथा कट्टरपन छोड़ने के आह्वान से चमत्कृत कर दिया था। अगले कई सप्ताह तक हजारों प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद तथा अन्य धर्म गुरुओं के भाषण सुने और इस प्रकार यह संसद अंतर-धार्मिक संवाद में मील का पत्थर साबित हुई। स्वामी विवेकानंद 19वीं शताब्दी के अंत में भारतीय आध्यात्मिक व धार्मिक परिदृश्य के एक प्रमुख व्यक्ति थे। उनके लिए महान सनातन परंपराओं में दुनिया के साथ अध्यात्मक की संगति विश्वास का मामला था। उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण शिक्षाओं तथा अपने करिश्माई व्यक्तित्व से दुनिया पर अमिट छाप छोड़ी है। उनको भारत में हिंदूवाद को पुनर्जीवित करने वाली प्रमुख शक्ति माना जाता था जो हिंदूवाद को दुनिया के अधिकांश धर्मों के समान स्तर पर लाए। 1863 में कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानन्द अपने गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस से अत्यधिक प्रभावित थे। वे पश्चिम में वेदांत, हिंदू दर्शन व आध्यात्मिकता के प्रमुख प्रचारक सिद्ध हुए। शिकागो की धर्म संसद में 1893 में दिए गए अपने प्रख्यात भाषण से उन्होंने हिंदूवाद तथा धार्मिक सहिष्णुता की अवधारणा से सारी दुनिया का परिचय कराया।

श्री रामकृष्ण परमहंस के संपर्क में आने के बाद उनके जीवन में आमूल परिवर्तन आया और वे निरंतर खोज में लग गए। उनके दैवी निर्देशन में स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिक पथ पर असाधारण प्रगति की। उनके लिए स्वतंत्रता गुण तथा निर्भरता पाप थी तथा दूसरों से प्रेम करना गुण व दूसरों से घृणा करना पाप था। शिकागो की विश्व धर्म संसद में 11 सितंबर, 1893 को दिया उनके भाषण ने दुनिया भर में विभिन्न धर्मों से आने वाले धार्मिक व आध्यात्मिक व्यक्तित्वों पर अमिट छाप छोड़ी। अपने भाषण का प्रारम्भ 'अमेरिका की बहनों और भाइयों' से कर उन्होंने फौरन स्रोताओं को चमत्कृत कर दिया। इस प्रकार उन्होंने सांस्कृतिक सीमायें तोड़ दीं।

विवेकानंद ने विस्तार से सभी धर्मों की सार्वभौमिकता तथा सहिष्णुता व स्वीकार्यता के महत्व पर जोर दिया। स्वामी विवेकानंद ने कहा, 'मुझे ऐसे धर्म का होने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता तथा सार्वभौमिक स्वीकार्यता की शिक्षा दी। हमारा विश्वास न केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता पर है, बल्कि हम सभी धर्मों को सच्चा मानते हैं। मुझे ऐसे देश का होने पर गर्व है जिसने सभी धर्मों के उत्पीड़ितों तथा शरणार्थियों व धरती के सभी देशों के लोगों को शरण दी है।' उनका संबोधन एक धार्मिक वक्तव्य की तुलना में समझ में आने वाली देशभक्ति अधिक था। उन्होंने नस्लवाद, अंधविश्वास तथा कट्टरपन की निन्दा की और पश्चिमी दुनिया में अपने अनेक प्रशंसक बनाए। अपने भाषणों और बयानों से उन्होंने अमेरिकन सोच का समृद्ध करने का प्रयास किया। वे पूरब और पश्चिम के बीच सेतु थे। स्वामी विवेकानंद को जनता के पिछड़ेपन से भी बहुत चिन्ता थी। उन्होंने भयानक गरीबी, अश्पृश्यता तथा जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ राष्ट्रीय पुनर्जागरण का पक्ष लिया। एक विद्वान टिप्पणीकार के रूप में उन्होंने वंचितों का पक्ष लिया तथा स्वयं को जनता को ऊपर उठाने तथा उनमें गौरव व आत्मसम्मान की भावना पैदा करने के लिए समर्पित कर दिया। वे भारत माता तथा सनातन परंपरा का पुनर्जीवत करने के लिए समर्पित थे।

उन्होंने सभी लोगों व खासकर नौजवानों से आत्मावलोकन का आह्वान किया क्योंकि उनसे उनको बहुत उम्मीदें थीं। उनके अनुसार देश के नौजवान उस परिवर्तन के सबसे महत्वपूर्ण वाहक हैं जिसे वे समाज में देखना चाहते थे।

स्वामी विवेकानंद के लिए भारतीय सांस्कृतिक विरासत शक्तिशाली व शानदार थी, लेकिन जनता पीड़ित थी। यह ऐसी स्थिति थी जैसे कोई सिंह भेड़ों के झुंड में रह रहा हो और अपने बचपन से उनके साथ रहने के कारण भेड़ों जैसा व्यवहार करने लगा हो। सिंह अपनी शक्ति का अनुभव तभी कर सकता है जब वह स्वयं को सिंह माने तथा दूसरा सिंह उसे स्वीकार करे। वह किसी तालाब पर ले जाकर भेड़ों के बीच रहने वाले सिंह को उसका स्वरूप दिखा सकता है। इससे सिंह को फौरन समझ में आ जाता है कि वह दूसरे सिंह जितना ही बड़ा और शक्तिशाली है। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद ने भारतीयों में सांस्कृतिक व राष्ट्रवादी जागरण की आवश्यकता अनुभव की थी। वे भारत के पहले राष्ट्रनायक थे जिन्होंने समय की आवश्यकता पहचान कर हमारे देश की महान सांस्कृतिक संपदा व विरासत पुनर्जीवित करने और बहाल करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर देते हुए उनमें विद्यमान सार्वभौमिक सत्य को उजागर किया। प्रत्येक व्यक्ति में एकता, सद्भावना और ईश्वरीय शक्ति की स्वीकार्यता ने व्यापक प्रभाव छोड़ा। इससे अंतर-धार्मिक समझदारी के नए युग को बढ़ावा मिला।

इस प्रकार शिकागो ने न केवल एक भाषण सुना, बल्कि वैश्विम आध्यात्मिक राजदूत का जन्म भी देखा जिन्होंने दुनिया भर में शांति व सार्वभौमिक बंधुत्व का संदेश प्रसारित किया। स्वामी विवेकानंद ने इस विचार को प्रोत्साहित किया कि सच्ची आध्यात्मिकता से विभिन्न पृष्ठभूमियों व विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच सहिष्णुता, सम्मान तथा समझदारी पैदा होती है। उनके लिए नौजवानों में दृढ़ चरित्र व इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे ही सारी दुनिया में बदलाव आ सकता था। स्वामी विवेकानंद का पक्का विश्वास था कि शिक्षा की कमी जनता की पीड़ा का मुख्य कारण है। उन्होंने पश्चिम की वैज्ञानिक शिक्षा की प्रशंसा की, पर उनका विचार था कि भारतीय शिक्षा को उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अलग नहीं किया जाना चाहिए। उनके लिए आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखना समान रूप से महत्वपूर्ण था। मुझे प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बार फिर दुनिया को 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश दे रहा है जो 18वें जी20 सम्मेलन की थीम है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 सम्मेलन के माध्यम से दुनिय के नेताओं को 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश दिया है।

स्वामी विवेकानंद की शिक्षायें अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं और उनके जीवनकाल के बाद भी इनकी गूंज सभी जगह सुनाई दे रही है। उनका दर्शन सभी धर्मों के बीच सामंजस्य, सभी जीवों के बीच एकता तथा आत्म-अभिव्यक्ति की शक्ति पर केन्द्रित है। उन्होंने आत्मविश्वास, आत्मानुशासन तथा निस्वार्थ सेवा का आह्वान किया जो आज भी लोगों को व्यक्तिगत प्रगति के साथ ही समाज में सकारात्मक योगदान की प्रेरणा देता है। उनकी शिक्षाओं ने न केवल आधुनिक हिंदूवाद को स्वरूप प्रदान किया, बल्कि आध्यात्मिकता, अंतर-धार्मिक संवाद तथा सार्थक व सोद्देश्य जीवन की खोज के वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित किया। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि आदर्शवाद हमें व्यापक कल्याण व मानवता की प्रगति के लिए प्रेरित कर सकता है। उन्होंने समाज के लिए निस्वार्थ सेवा की पैरोकारी की। जब हम विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के प्रेरक भाषण की 130वीं वर्षगांठ मना रहे हैं तब हमें धार्मिक सहिष्णुता व विविधता बढ़ाने में हुई प्रगति का आंकलन करना चाहिए।

हमें विभिन्न धर्मों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए हो रहे काम को भी स्वीकार करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद की शिक्षायें आशा की किरण बनी हुई हैं। उनमें हमारी साझा मानवता की समझ बढ़ाने तथा आध्यात्मिक जागरूकता पैदा करने की क्षमता है। स्वामी विवेकानंद का दृष्टिकोण एकता, सहिष्णुता और न्याय पर केन्द्रित है जो सामाजिक समावेशन तथा सद्भावना के आवश्यक तत्व हैं। उनके विचार हमें ज्यादा समावेशी व सद्भावनापूर्ण समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

# महिलानीत रूपांतरण का आह्वान

"भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास एजेंडे को बढ़ावा मिला है। अब समय आ गया है कि महिलाएं विकास की अगुवा बनने के लिए आगे आएं।"

संगीता रेड्डी
(लेखिका, फिक्की की पूर्व अध्यक्ष हैं)



जी20 एम्पावर एक वैश्विक पहल है जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक साथ लाती है।

महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने %महिला-नेतृत्व वाले विकास% की अवधारणा पेश की। भारत के लिए विशिष्ट यह नवोन्मेषी दृष्टिकोण अब जी20 एम्पावर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इसने अपना ध्यान केवल महिलाओं को सशक्त बनाने से हटाकर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केंद्रित कर दिया है जहां महिलाएं न केवल लाभार्थी हों बल्कि विकास की नेता भी हों। भारत की जी20 एम्पावर अध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और इस कथा परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन स्तरों पर है- शिक्षा, महिला उद्यमिता, और सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना है कि डिजिटल समावेशन इन क्षेत्रों में एक क्रॉस-कटिंग विषय है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरणों और संसाधनों तक समान पहुंच प्राप्त हो।

शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों तक पहुंच बढ़ाने की वकालत कर रहे हैं। हम निगमों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्य के लिए तैयार, समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम सरकारों से स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे के साथ संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं जो महिलाओं और लड़कियों के लिए निरंतर सीखने को प्रोत्साहित करते हैं।

महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में सक्षम बनाना एक जीत-जीत परिदृश्य है – बढ़ी हुई लैंगिक समानता के साथ एक संपन्न अर्थव्यवस्था। हम निजी क्षेत्र को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, न केवल फाइनेंसर और खरीददार के रूप में, बल्कि सलाहकार और विकास को सक्षम करने वाले के रूप में भी।

हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने के स्तर पर महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल नीतियों को पेश कर रहे हैं, लिंग विविधता मेट्रिक्स की नियमित समीक्षा और प्रकाशन कर रहे हैं, और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित कर रहे हैं। महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने में उनकी भूमिका को पोषित करने की आवश्यकता है।

हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत छह ठोस परिणामों पर प्रकाश डालने पर विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है।

दूसरे, हमने एक केपीआई डैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण और प्रतिनिधित्व प्रगति को ट्रैक करने के लिए एक मापने योग्य और व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नज़र रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पैटर्न, मूल कारणों और संभावित हस्तक्षेप की पहचान कर सकते हैं।

तीसरा, हमने एक सर्वोत्तम अभ्यास प्लेबुक बनाई है, जो एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है जो सर्वोत्तम अभ्यासों को संकलित करता है और दुनिया भर से प्रभावी रणनीतियों और प्रथाओं को साझा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्लेबुक के 2023 संस्करण में 19 जी20 और अतिथि देशों की 149 सर्वोत्तम प्रथाएं शामिल हैं।

चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को उजागर करने के लिए जी20 एम्पावर वेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों पर एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पावर वेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियाँ प्रदर्शित की गई हैं। पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने अधिवक्ताओं के नेटवर्क का विस्तार करने और प्रतिज्ञा को अपनाने के लिए जी20 सशक्त पहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पावर के एडवोकेट्स नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार जारी रखा है और जी20 देशों में 500 से अधिक अधिवक्ताओं तक पहुंच गया है। इन पहलों के अलावा, हमने गांधीनगर उद्घोषणा भी पेश की है, जो निजी क्षेत्र की ओर से लैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है।

इस उद्घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनके कार्यबल में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं होंगी। उन क्षेत्रों के लिए जहां पहले से ही 30 प्रतिशत महिला कार्यबल है, प्रतिज्ञा यह सुनिश्चित करने तक फैली हुई है कि संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं हों।

यह शक्तिशाली 30 गुणा 30 घोषणा, जिसका लक्ष्य 2030 तक हासिल करना है, अधिक न्यायसंगत और समावेशी कार्यबल बनाने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

## आप की बात

### हिन्दी की स्थिति

**महात्मा गाँधी** ने भारत में हिंदी को जनभाषा बताया था। आजादी के बाद इसे राजभाषा का दर्जा भी मिला। हिंदी भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है मगर अनेक कारणा से अंग्रेजी के मुकाबले यह भाषा आज दोयम दर्जे से ऊपर नहीं उठ पायी है। हिंदी की अपेक्षा अंग्रेजी का प्रभुत्व आज भी कायम है। शिक्षा व रोजगार में अंग्रेजी के आगे हिंदी कहीं नहीं ठहरती है। आजादी के इतने साल बाद भी जनमानस की धारणा यह है कि हिंदी वाला चपरासी या क्लर्क बनेगा और अंग्रेजी जानने वाला अफसर। हम हर साल 14 सितम्बर को हिंदी दिवस, 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस व हिंदी पखवाड़ा मनाते हैं। हम हिंदी दिवस जरूर मनाएं मगर वास्तविकता से मुहं नहीं मोड़ें। हिंदी की सच्चाई जानें, उस पर मंथन करें ताकि जमीनी हकीकत से वाकिफ हो सकें। भारत में आज भी कई ऐसे राज्य है जिनमें हिंदी नहीं बोली जाती।आश्चर्य है कि अनेक लोग हिंदी का नाम लेना पसंद नहीं करते। सच तो यह है कि अनेक हिंदीभाषी स्वयं अनावश्यक रूप से अंग्रेजी का उपयोग करते हैं। वर्तमान मोदी सरकार हिंदी समेत देश की सभी क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में अनेक कदम उठा रही है। इन कदमों की समीक्षा, प्रोत्साहन व जागरूकता जरूरी है।

– **मदन वर्मा,** इंदौर

### वी.के.सिंह का बयान

**केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री** जनरल वी.के. सिंह ने कहा कि पराधीन जम्मू-कश्मीर स्वत: भारत में आ जाएगा। उनकी बात में दम है। एक तो वे सेना में उच्चतम पदों पर रहे, केंद्रीय मंत्री भी हैं और पाक के वर्तमान हालत से भी पूरी तरह वाकिफ हैं। यह बात भी सच है कि पाक की स्थिति नाजुक चल रही है, बलूचिस्तान में आंदोलन भी चल रहे हैं, चीन पाक को अनावश्यक मदद करके उसपर आँख गढ़ाए बैठा है क्योंकि उसके मन में भारत के लिए मैल भरा हुआ है। वह अनेक बार हमसे दोनों तरफ की सीमा पर भिड़ चुका है और उसे विस्तारवादी नीति का भूत चढ़ा हुआ है। इसलिए वो हिन्द महासागर में भी हीन हरकतें कर रहा है जिसे अमेरिका पैनी नजर से देख रहा है। चीन की नीयत साफ नहीं है और वह पाक में जगह बनाकर हमपर भारी होने के प्रयास में रत है। संभव है कि चीन पाकिस्तान को दिए कर्ज के बदले उसे पाक-अधिकृत कश्मीर छीन ले, जैसा उसने श्रीलंका में हंबनटोटा बंदरगाह मामले में किया है। ऐसे में पीओके की जनता पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह कर बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन जैसा आंदोलन खड़ा कर सकती है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### क्रिकेट को प्रोत्साहन

**खबर** है कि घरेलू टूर्नामेंटो के लिए नकद इनाम बढ़ा दिया गया है। यह एक स्वागत योग्य समाचार है जिससे देश में क्रिकेट को प्रोत्साहन मिलेगा। बीसीसीआई दुनिया का सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड है उस से भी इसी प्रकार के फैसले की उम्मीद है कि वह अपनी कमाई में से एक अच्छी धनराशि अपने क्रिकेटरों को दे। वैसे तो महिला क्रिकेटरों के इनाम में 8 गुना से भी ज्यादा की वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी पुरुषों और महिलाओं की कमाई में बहुत बड़ी खाई है। उम्मीद करने चाहिए कि आने वाले समय में महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मिलने वाली धनराशि में मौजूद यह खाई धीरे धीरे पटेगी। इसके अतिरिक्त बीसीसीआई को महिलाओं के क्रिकेट को निचले स्तर से लेकर युवा प्रतिभावान लड़कियों को ठीक से प्रशिक्षित करने की आवशयकता है। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि राज्य स्तर पर भी युवतियों को अच्छा पैसा मिले ताकि परिवार वाले अपने घर की लड़कियों को क्रिकेट में करियर बनाने से रोकें नहीं और वित्तीय रूप से सुरक्षित महसूस कर सकें। सरकार को ऐसा ही प्रोत्साहन अन्य खेलों को देने पर भी विचार करना चाहिए।

**बाल गोविंद,** नोएडा

### राहुल का विलाप

**जी20 सम्मेलन** का सफलतापूर्वक संपन्न होना भारत की शान में चार चांद लगा गया है। निर्विरोध संयुक्त बयान भी जारी हुआ और भारत से यूरोप तक बनाने जा रहे नए कॉरिडोर ने पूरे विश्व के लिए व्यापार के नए रास्ते खोल दिए हैं। अफ्रीकी महासंघ को जी 20 के साथ जोड़कर जी21 बनाना भी बहुत बड़ी उपलब्धि है। विडंबना है कि जहां पूरी दुनिया जहां इस आयोजन की प्रशंसा कर रही है। वहीं हमारे देश के विपक्ष ने तरह-तरह के मीन-मेख निकाल कर इन उपलब्धियों पर पानी फेरने का प्रयास किया है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर राहुल गांधी का देश छोड़कर जाना और कई नेताओं का भोज में शामिल न होना उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। जब दुनिया भर के नेता भारत की सभ्यता, संस्कृति, विविधता व उसकी राजनयिक क्षमता का परिचय प्राप्त कर रहे थे तब राहुल गांधी भारत में लोकतंत्र के कथित पतन पर विदेशों में विलाप कर रहे थे। राहुल के विलाप से कांग्रेस ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है क्योंकि ऐसे कृत्य से देश के अनेक अराजनीतिक नौजवान भी उससे नाराज हो गए हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# लखनऊ में वीरांगना ऊदादेवी महिला पुलिस बटालियन की होगी स्थापना

**मंत्रिपरिषद के निर्णय**

- पुलिस कर्मियों का साइकिल भत्ता मोटरसाइकिल में परिवर्तित कर 200 से 500 रुपए किया गया
- विभिन्न जिलों में पुलिस के आवासीय व अनावसीय भवनों के निर्माण के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति

## पुलिस महकमे को मिलीं कई सौगातें



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राजधानी लखनऊ में वीरांगना ऊदादेवी महिला पुलिस बटालियन की स्थापना के लिए आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में 39156.10 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की गई है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, वर्तमान चुनौतियों का सामना करने तथा महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत वीरांगना ऊदादेवी महिला पुलिस बटालियन की स्थापना हेतु आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया है।

प्रदेश पुलिस बल में नियुक्त आरक्षी/मुख्य आरक्षी को प्रदत्त साइकिल भत्ते को मोटर साइकिल भत्ते में परिवर्तित कर इसे 200 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 500 रुपए प्रतिमाह अनुमन्य कर दिया गया है। साइकिल भत्ते के स्थान पर मोटर साइकिल भत्ता 500 रुपए प्रतिमाह किए जाने पर 6.78 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार अनुमानित है। इसके अलावा जनपद जनपद लखनऊ में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय तथा 1वीं वाहिनी विशेष सुरक्षा बल की स्थापना के लिए आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में 65541.98 लाख रूपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की गई है। इसके साथ ही जनपद गोरखपुर में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की 2वीं वाहिनी की स्थापना के लिए आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण में प्रयुक्त उच्च विशिष्टियों एवं आवासीय तथा अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जनपद शामली में एक नई पीएसी वाहिनी की स्थापना के लिए आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण में प्रयुक्त उच्च विशिष्टियों एवं आवासीय भवनों तथा अनावासीय भवनों निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

जनपद सम्भल की पुलिस लाइन में आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में 37217'47 लाख रूपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जनपद औरैया की पुलिस लाइन में आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में 40941.40 लाख रूपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की गई। जनपद उन्नाव में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय के आवासीयव अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में 43402.86 लाख रूपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### सहारनपुर, अयोध्या और फिरोजाबाद में भी चलेंगी एसी इलेक्ट्रिक बसें



**कैबिनेट** में सहारनपुर, अयोध्या और फिरोजाबाद में एसी इलेक्ट्रिक बसों से संचालन से संबंधित प्रस्ताव को भी ग्रीन सिग्नल मिल गया। इन शहरों में इलेक्ट्रिक बसों से संचालन, प्रबंधन एवं अनुरक्षण के लिए कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत संबंधित मंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में नए एसपीवी के गठन का निर्णय लिया गया है। एसपीवी को नगरों में बसें चलाने के लिए मार्ग निर्धारित करने का अधिकार होगा। साथ ही मार्गों पर किराए के निर्धारण के साथ ही यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विचार विमर्श करने का भी अधिकार होगा। उल्लेखनीय है कि अभी प्रदेश के 14 शहरों में कुल 740 एसी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन 13 एसपीवी के माध्यम से कराया जा रहा है।

### आगरा एयरपोर्ट पर नवीन सिविल एन्क्लेव स्वीकृत

**मंत्रिपरिषद** ने आगरा एयरपोर्ट पर नवीन सिविल एन्क्लेव के विकास हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके तहत आगरा एयरपोर्ट के विकास के लिए अतिरिक्त प्रस्तावित कुल भूमि 37.4336 हेक्टेयर के क्रय हेतु कुल अनुमानित 1,235927574 रुपये पर अनुमोदन प्रदान करते हुए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ व्यय किये जाने का भी अनुमोदन कर दिया है। साथ ही मंत्रिपरिषद ने परियोजना क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न शासकीय विभागों की परिसम्पत्तियों यथा वृक्षों, सड़कों, नहरों, बिजली के खम्भों, विद्युत लाइन्स, सब स्टेशनों, विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों इत्यादि तथा विभिन्न अवरोधों के विस्थापन, डायवर्जन तथा नव.निर्माण से सम्बन्धित कार्य सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने विभागीय बजट से वहन किए जाने तथा शासकीय विभागों द्वारा अपनी भूमि एवं परिसम्पत्तियाँ इत्यादि निःशुल्क एवं भारमुक्त रूप से नागरिक उड्डयन विभाग को उपलब्ध कराए जानेध्अन्तरित किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है।

### पीपीपी मोड पर संचालित होंगे पर्यटन विभाग के बन्द व घाटे में चल रहे अतिथि गृह

**मंत्रिपरिषद** ने पर्यटन विभाग के बन्द/घाटे में चल रहे असंचालित पर्यटक आवास गृहों एवं टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेन्टर को पीपीपी मोड पर विकसित व संचालित किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। पर्यटन विभाग के बन्द व घाटे में चल रहे असंचालित 5 पर्यटक आवास गृहों राही पर्यटक आवास गृह फरुर्खाबाद, राही पर्यटक आवास गृह नरौरा बुलन्दशहर, राही पर्यटक आवास गृह देवकली औरैया, राही पर्यटक आवास गृह गोकुल रेस्टोरेण्ट मथुरा तथा राही पर्यटक आवास गृह बिठूर कानपुर के सापेक्ष शार्टलिस्टेड निविदा कर्ताओं (बिडर्स) में से उच्चतम निविदाकर्ता फर्म को इकाई लीज पर दिये जाने एवं फर्म से अनुबन्ध किये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया है। पर्यटन विभाग के 7 पर्यटक आवास गृहों राही पर्यटक आवास गृह मुंशीगंज अमेठी, राही पर्यटक आवास गृह देवाशरीफबाराबंकी, राही पर्यटक आवास गृह सोरों एटा, राही पर्यटक आवास गृह कान्धला शामली, राही पर्यटक आवास गृह खुर्जा बुलन्दशहर, राही पर्यटक आवास गृह हरगांव सीतापुर तथा राही पर्यटक आवास गृह पटना पक्षी विहार एटा निविदा कर्ताओं को शॉर्टलिस्ट करते हुए सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति (पीपीपीबीईसी) द्वारा अन्तिमीकृत आरएफपी प्रपत्रों को मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है। जनपद अयोध्या में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेन्टर अयोध्या की आरएफक्यू. की प्रकाशित ई निविदा के सापेक्ष शॉर्टलिस्टेड निविदा कर्ताओं के मध्य जारी आरएफपी के सापेक्ष प्राप्त पृच्छाओं को समाहित करते हुए सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति (पीपीपीबीईसी) द्वारा अन्तिमीकृत आरएफपी प्रपत्रों को मंत्रिपरिषद का अनुमोदित किया गया है।

### गुड़ व खांडसारी इकाइयों के लिए समाधान योजना का प्रस्ताव स्वीकृत

**मंत्रिपरिषद** ने गुड़/खांडसारी इकाइयों के लिए चीनी वर्ष 2022-2023 के लिए समाधान योजना लागू किए जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। खाण्डसारी उद्योग को बढ़ावा देने एवं मण्डी शुल्क की प्रभावी वसूली के उद्देश्य से वर्ष 1995-96 में गुड़/खांडसारी की क्रेशर इकाईयों के लिए मण्डी शुल्क समाधान योजना लागू की गयी थी, जिसका समय-समय पर विस्तार होता रहा है।

चीनी वर्ष 2021-2022 में 2 प्रतिशत मण्डी शुल्क एवं 0.5 प्रतिशत विकास सेस के आधार पर निर्धारित प्रशमन राशि के स्थान पर चीनी वर्ष 2022-23 में 1 प्रतिशत मण्डी शुल्क एवं 0.5 प्रतिशत विकास सेस के आधार पर पूर्व निर्धारित प्रशमन राशि, जिसमें मण्डी शुल्क को आधा करते हुए तथा विकास सेस को पूर्व निर्धारित प्रशमन राशि के समान रखते हुए 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ चीनी वर्ष 2022-23 के लिए के लिए गुड़/खाण्डसारी की क्रेशर इकाईयों हेतु मण्डी शुल्क समाधान योजना लागू की जा रही है।

# 25 गायों की डेयरी की स्थापना पर 50 प्रतिशत अनुदान देगी सरकार



- प्रदेश में गौवंशीय नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए योगी सरकार ने 'नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना' की लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेश में गौवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार व दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए नन्द बाबा मिशन के तहत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शासनादेश जारी कर दिया है। इससे जहां प्रदेश में उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता के गौवंश में सुधार होगाए वहीं दूसरी ओर पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। योजना के पहले चरण में योगी सरकार लाभार्थी को 25 दुधारू गायों की 35 इकाइयां स्थापित करने के लिए गायों की खरीद से लेकर उनके संरक्षण एवं भरण पोषण जैसे मदों में सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी तीन चरणों में दी जाएगी। वहींए शुरुआती चरण में यह योजना प्रदेश के दस मंडल मुख्यालयों के शहरों क्रमशः अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा और बरेली में संचालित की जाएगी।

दुग्ध आयुक्त और मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है जबकि प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता कम है। इसकी मुख्य वजह प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त दुधारू पशुओं की कमी होना है। इसी कमी को पूरा करने एवं उन्नत नस्ल के अधिक से अधिक दुधारू गौवंश की इकाइयों की स्थापना के लिए नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ किया गया है।

योजना के तहत दुधारू गायों में साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी प्रजाति की गायों को ही शामिल किया गया है। योगी सरकार ने योजना के तहत 25 दुधारू गायों की एक इकाई स्थापित करने में 6250000 रुपए के खर्च का आंकलन किया है। ऐसे में योगी सरकार लाभार्थी को कुल व्यय पर 50 प्रतिशत अनुदान यानी अधिकतम 3125000 रुपए देगी। योगी सरकार इस योजना का लाभ तीन चरणों में देगी। पहले चरण में इकाई के निर्माण पर परियोजना लागत का 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में 25 दुधारू गायों की खरीद, उनके 3 वर्ष के बीमा और यातायात पर परियोजना लागत का 12.5 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा जबकि तीसरे चरण में परियोजना लागत की शेष 12.5 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा।

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास कम से कम 3 वर्षों का गौपालन का अनुभव होना चाहिये। वहीं, गौवंशों की ईयर टैंगिंग होना अनिवार्य है। इसके साथ ही इकाई की स्थापना के लिए 0.5 एकड़ भूमि होना आवश्यक है। साथ ही लाभार्थी के पास लगभग 1.5 एकड़ भूमि हरित चारा के लिए होना चाहिये। यह जमीन उसकी खुद की (पैतृक) हो सकती है या फिर उसने उसे 7 वर्षों के लिए लीज पर लिया हो। इस योजना का लाभ पूर्व में संचालित कामधेनु, मिनी कामधेनु एवं माइक्रो कामधेनु योजना के लाभार्थी नहीं उठा सकेंगे। लाभार्थी का चयन ऑनलाइन और ऑफ लाइन आवेदन के माध्यम से किया जाएगा। वहीं आवेदन की संख्या अधिक होने पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा ई-लॉटरी के जरिए चयन किया जाएगा।

# पर्यटन विभाग व वाराणसी विकास प्राधिकरण के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में आज पर्यटन भवन के सभागार कक्ष में पर्यटन विभाग तथा वाराणसी विकास प्राधिकरण के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसी के दृष्टिगत आज यह समझौता किया गया है, जिससे कि पर्यटन को और अधिक बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज गर्व का विषय है कि डोमेस्टिक पर्यटकों की दृष्टि से यूपी देश में प्रथम स्थान पर है। काशी कॉरिडोर बनने से पर्यटन के क्षेत्र में वाराणसी में गुणात्मक रूप से वृद्धि हुई है। छोटे-बड़े सभी व्यवसाय उन्नति कर रहे हैं। काशी मॉडल को अयोध्या एवं मथुरा में भी लागू किया जायेगा। काशी कॉरिडोर के तर्ज पर मथुरा में भी कॉरिडोर का निर्माण किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में इस एमओयू से सहायता मिलेगी। निजी क्षेत्र के लिए पूंजी निवेश के द्वार खोले जाते हैं तो इससे न केवल प्रदेश में निजी पूंजी निवेश को आकर्षित किया जायेगाए बल्कि इससे रोजगार सृजनए पर्यटकों की संख्या में वृद्धि एवं सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि राज्य पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत अनुमन्य लाभ एवं प्रोत्साहन भी निवेशकों को प्रदान किया जायेगा।

पर्यटन उद्योग, उत्पादों एवं सेवाओं के क्षेत्र में बढ़ोत्तरी होने से पर्यटन के क्षेत्र में यूपी को एक उत्कृष्ट गन्तव्य के रूप में जाना जायेगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा योजना के संबंध में नालेज पार्टनर के रूप में परियोजना की ब्राण्डिंगए प्रचार.प्रसार एवं निविदा प्रपत्र तैयार किये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा तथा निवेश प्रोत्साहन को भी बढ़ावा दिये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

# कांग्रेस मुख्यालय पर जुटे पार्टी के दिग्गज नेता लोकसभा चुनाव की रणनीति पर हुआ विमर्श

- सभी पूर्व सांसदों-विधायकों ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष पेश किए अपने सुझाव
- 2024 में हम भाजपा को सत्ता से करेंगे बाहरः अजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में पार्टी के सभी पूर्व सांसदों एवं विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत हुई।

बैठक में 50 से अधिक की सुख्या में आए पूर्व सांसद एवं विधायकों ने इस बात पर बल दिया कि किसी भी हालत में 2024 में और 2027 के चुनाव में देश और प्रदेश में भाजपा को हराकर इस आता-ताई सरकार को बदल देंगे। बैठक में उपस्थित सभी पूर्व सांसदों तथा विधायकों ने एक-एक कर अपने सुझावों में कांग्रेस संगठन की मजबूती पर विशेष रूप से बल दिया। बैठक में सांसदों एवं विधायकों ने भरोसा जताया कि जब भी पार्टी का आदेश आएगा तथा पार्टी किसी भी कार्यक्रम में वह बढ़-चढ़ कर सहयोग करेंगे और जरूरत पड़ने पर जेल जाने से भी पीछे नहीं रहेंगे। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र सुनील शास्त्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्या बहन, 95 वर्ष के पूर्व विधायक चन्द्रभाल मणि तिवारी ने विशेष रूप से ध्यान खींचा। बैठक का संचालन पूर्व विधायक हरीश बाजपेई ने किया। बैठक में उपस्थित सभी पूर्व सांसदों एवं विधायकों का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मैं आप सभी के अनुभवों एवं आशीर्वाद का आकांक्षी हूं और उससे प्राप्त ऊर्जा से निश्चित रूप से प्रदेश संगठन को नई दिशा प्राप्त होगी। आप सभी ने जो सुझाव प्रस्तुत किए हैं उन पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। हम आपको प्रत्येक लिए जाने वाले निर्णयों की जानकारी आवश्यक रूप से प्रदान कराएंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में डंके की चोट पर भारतीय जनता पार्टी को करारी शिकस्त देकर उसे सत्ता से बाहर कर देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाएंगे।

### सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 का दूसरा चरण शुरू

- सीएम ने की सफल बनाने की अपील

**लखनऊ।** गर्भवती महिलाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और पांच वर्ष तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का दूसरा चरण प्रदेश में शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों के शहरी और ग्रामीण इलाकों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों, एनजीओ, प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं और अभिभावकों से सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि बच्चों के शत.प्रतिशत पूर्ण प्रतिरक्षण के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण बीते 7 से 12 अगस्त को संपन्न हो चुका है। वहीं दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर तथा तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

# मच्छर जनित व संक्रामक बीमारियों की चपेट में है पूरा प्रदेशः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता से पूरा प्रदेश मच्छर जनित और संक्रामक बीमारियों की चपेट में है। राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मिर्जापुर समेत अन्य जिलों में डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड बुखार के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इन शहरी इलाकों में सैकड़ों मरीज मिल चुके हैं। राजधानी लखनऊ में सरकरी आंकड़ों के अनुसार एक ही दिन में 23 डेंगू के मरीज मिले हैं। लखनऊ में अब तक सिर्फ डेंगू के ही सैकड़ों मरीज मिल चुके हैं। डेंगू के बढ़ते प्रकोप से लोगों में दहशत है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इसी तरह से अन्य नगरों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नगरों में साफ-सफाई नहीं है। मच्छरों से बचाव का कोई उपाय नहीं है। नगर निगम लापरवाह बने हुए हैं। बरसात के मौसम, जलभराव और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए भी सरकार की कोई तैयारी नहीं है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में डेंगू, मलेरिया के मरीज सरकारी आंकड़ों से कई गुना ज्यादा है। बड़ी संख्या में मरीज निजी अस्पतालों में लक्षणों के आधार पर इलाज कराने पर मजबूर हैं। यादव ने कहा कि सरकार का नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग हाथ पर हाथ रखे बैठा हुआ है। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग को निष्क्रिय बना दिया है। जनता एक तरफबारिश और जलभराव से बेहाल है वहीं दूसरी तरफ बीमारियों और बुखार से संकट का सामना कर रही है। अस्पतालों में इलाज के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। सरकारी आदेश बेअसर है। कई जिलों में अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं। बेड नहीं मिल पा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है।

# विधानभवन के ऊपर हेलीकाप्टर मंडराता देख हैरत में पड़े लोग

- एनएसजी व यूपीएसएसएफ के कमांडो आज करेंगे सुरक्षा को लेकर फुल मॉकड्रिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानभवन** के ऊपर मंगलवार को अचानक वायुसेना का हेलीकाप्टर मंडराता रहा। इतना नजदीक हेलीकाप्टर उड़ते देख हड़कंप मचा। उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। विधानभवन कर्मी भी हैरत में पड़ गए कि आखिर हाई सिक्योरिटी जोन में यह हेलीकाप्टर क्यों मडरा रहा है।

विधानसभा, मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन, बापू भवन, पुराना मुख्यमंत्री कार्यालय शास्त्री भवन (लाल बहादुर शास्त्री भवन) योजना भवन के आसपास के लोगों में अफरातफ री मच गई। बाद में पता चला कि वायुसेना के हेलीकॉप्टर का उड़ना सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉकड्रिल है, तब जाकर स्थिति सामान्य हुई। उच्च स्तर से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को लोकभवन में शाम चार बजे से एनएसजी जवानों की मॉकड्रिल शुरू होगी। इस संबंध में एनएसजी के अधिकारियों ने मंगलवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से मुलाकात की। श्रीराम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। साथ ही दिल्ली के बाद देश के सबसे महत्वपूर्ण सूबे की सुरक्षा को लेकर के केंद्र सरकार भी गंभीर है। इन कारणों से एनएसजी और यूपी एसएसएफ (उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स) की ये साझा मॉकड्रिल हो रही है। इस मॉकड्रिल में यूपी एसएसएफ के जवान भी रहेंगे। आतंकी हमलों से निपटने के लिए यूपी एसएसएफ की मुस्तैदी और फु ल प्रूफ प्लान को लेकर बुधवार को लोकभवन में जो मॉकड्रिल होनी है, ये उसका रिहर्सल बताया जा रहा है। एनएसजी के उच्च अधिकारियों ने यूपी के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से मुलाकात की और मॉकड्रिल की जानकारी दी। मॉकड्रिल में एनएसजी द्वारा गोलियों और बमों की आवाज निकालकर आतंकी हमले का सीन क्रिएट किया जाएगा और यूपी एसएसएफ के जवानों द्वारा हमले को काउंटर करने के तरीके और टाइमिंग पर विशेष फोकस होगा।

# माफिया व पेशेवर अपराधियों का चिन्हांकन कर करें प्रभावी वैधानिक कार्रवाईः डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** विजय कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जोनल एडीजी और पुलिस आयुक्त के साथ अपराध नियंत्रण के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

डीजीपी ने निर्देश दिए कि लूट, डकैती व अन्य गम्भीर प्रवृत्ति के अपराधों की समीक्षा कर अनावरित प्रकरणों का शीघ्र अनावरण कराते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। महिला सम्बन्धी अपराधों को और अधिक गम्भीरता से लेते हुए संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध त्वरित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अवैध धर्म परिवर्तन आदि से सम्बन्धित घटित घटनाओं में तत्काल समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तत्परता पूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पॉक्सो एक्ट के अभियोग की विवेचना के दौरान फारेन्सिक साक्ष्य संग्रह कराते हुए निर्धारित समयावधि में विवेचना का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए तथा न्यायालय में अभियुक्तों को दंडित कराने के लिए प्रभावी पैरवी की जाए। गोतस्करी व गोकसी की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा उक्त घटना में सम्मलित अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी विधिक निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। अपराध नियन्त्रण एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जनपदीय वरिष्ठ अधिकारी, थाना प्रभारी, बीट आरक्षी की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। माफियाओं तथा पेशेवर अपराधियों का चिन्हाकंन कर उनके विरुद्ध योजनाबद्धतरीके से प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ना हैः भूपेन्द्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा मंगलवार को 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत आयोजित अमृत कलश यात्रा एल्डिको ग्रीन स्थित परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के आवास से मिट्टी लेकर प्रारम्भ हुई। अमर बलिदानियों के पुण्य स्मरण से प्रारम्भ हुई अमृत कलश यात्रा ने भारत माता के जयघोष के साथ घर-घर से मिट्टी तथा चावल अमृत कलश में एकत्र किये। अमृत कलश यात्रा में प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश अभियान अमृत काल में देश के विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ने का आवाह्न है। उन्होंने कहा कि अमृत कलश यात्रा के उद्देश्य में राष्ट्र भक्तों का पुण्य स्मरण तथा उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प निहित है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता पूर्णमनोयोग के साथ 'मेरी माटी.मेरा देश' अभियान से जुड़कर हर शहर, गांव, गली, मोहल्ले के हर घर तक राष्ट्र चेतना का संदेश लेकर पहुंच रहे है।

# वेयरहाउस पहुंचे डीएम-सीडीओ, अफसरों संग देखी फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया

**● एफएलसी में आयोग की मानक परिचालन प्रक्रिया का कराया जाय पालन : डीएम**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में उपलब्ध ईवीएम एवं वीवी पैंट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य प्रचलित है। उक्त कार्यो के पर्यवेक्षण के लिए मंगलवार की सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उपस्थित अफसरों एवं बी ई एल इंजीनियर को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक ईवीएम एवं वीवी पैंट की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जॉच भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के इंजीनियरों के माध्यम से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित किया कि तैनात सुरक्षा कर्मी यह सुनिश्चित कराए कि किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति बिना पहचान पत्र के प्रवेश नहीं करे और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मोबाइल या ज्वलनशील पदार्थ एफएलसी हाल में प्रवेश नहीं किया जाएगा। इसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन करके संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी एफएलसी अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख प्रथम, एडीईओ तौसीफ अहमद व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवागत थानाध्यक्ष ने बैकों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी



**नवांगत** थानाध्यक्ष ने क़स्बे की प्रमुख बैंकों का किया निरीक्षण, बैंक के बाहर बेवजह घूम रहे लोगों को दी हिदायत।

सिंगाही थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को नगर पंचायत के इंडियन बैंक, जिला सहकारी बैंक, समेत अन्य प्रमुख बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंकों में हो रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लोगों को सुविधाजनक तरीके से लाइन में खड़े होकर लेन-देन करने की हिदायत दी गई। साथ ही बैंक के सीसीटीवी कैमरे, गार्ड ड्यूटी, पुलिस ड्यूटी आदि की जांच की गई। इसके बाद बैंकों के बाहर खड़ी दोपहिया वाहनों की भी चेकिंग की गई। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की खड़ी गाड़ियों की तलाशी भी ली गई। बैंक ड्यूटी पर तैनात लोगों को बिना नंबर की खड़ी व दोपहिया वाहनों की जानकारी पुलिस को देने की बात कही गई। इस मौके पर पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर मनमानी ढंग से मोटरसाइकिल बैंक के बाहर खड़ी करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैंक के अंदर जो भी व्यक्ति बेवजह के घूमते हुए पाए गए, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# सघन मिशन इंद्रधनुष के द्वितीय चरण का हुआ आगाज, सीएमओ ने पिलाई खुराक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**सघन** मिशन इंद्रधनुष के द्वितीय चरण का शुभारंभ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौरंगाबाद पर किया गया। इस दौरान उनके द्वारा एक बच्चे को स्वयं विटामिन ए की खुराक पिलाई गई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 सितंबर से 18 सितंबर तक सघन मिशन इंद्रधनुष का द्वितीय चरण चलाया जाएगा। इसके लिए 3040 सेशन जिले भर में चलाए जाएंगे और निर्धारित लक्ष्य गर्भवती



माताएं 5474 और लक्ष्य के सापेक्ष बच्चे 19623 को इस अभियान के अंतर्गत टीकाकरण किया जाएगा।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के द्वितीय चरण में सभी गर्भवती माता और बच्चों को पूर्ण टीकाकरण किए जाने हेतु जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है और इसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा सहित डब्ल्यूएचचो, यूनिसेफ और चाई संस्था द्वारा की जाएगी। इससे पहले अगस्त माह में प्रथम चरण चलाया गया था और अब संघन मिशन इंद्रधनुष का तृतीय चरण अक्टूबर माह में चलाया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील करी कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करें और छुटे हुए गर्भवती माता और बच्चों को टीकाकरण करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान अर्बन नोडल डॉ अमितेश द्विवेदी, एसएमओ डब्ल्यूएचओ विकास सिंह, पीएससी नौरंगाबाद प्रभारी डॉ कृतिका वर्मा, डीपीएम अनिल यादव, यूनिसेफ कोऑर्डिनेटर मुकेश चौहान डॉ अक्षत सहित आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित है।

# संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण को डीएम ने दिए ईओ को दिशा निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**संचारी** रोग के प्रसार की संभावना के दृष्टिगत् नगरीय निकायों में साफ-सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित करते हुये सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर नियमित रूप से दिन में एण्टीलार्वा स्प्रे के छिड़काव, शाम के समय फॉगिंग कराये जाने के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी नगरीय निकाय के ईओ को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। जारी निर्देशों का कड़ाईपूर्वक अनुपालन करते हुए ईओ संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाना सुनिश्चित करे।

डीएम ने ईओ को निर्देश दिए कि वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों की रोकथाम, साफ-सफाई के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का संवेदीकरण, नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए। शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग, हाई रिस्क क्षेत्रों में सघन वेक्टर नियंत्रण, संवेदीकरण गतिविधियाँ सम्पादित की जाए।

डीएम ने निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों वातावरणीय, व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग, मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित किए जाए। खुली नालियों को ढ़कने की व्यवस्था, नालियों, कचरों की सफाई, उथले हैंडपम्पों का प्रयोग रोकने के लिए उन्हें लाल रंग से चिन्हीकरण, हैंडपम्पों के पाइप को चारों ओर से कंक्रीट से बंद करने, हैंडपम्पों के पास अपशिष्ट जल के निकलने हेतु सोक-पिट निर्माण, शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिए बैक्टीरियोलॉजिकल/वायरोलॉजिकल जाँच, आबादी में पब्लिक वॉटर सप्लाई टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट की मानकों के अनुसार स्थापना व अनुरक्षण, जल भराव तथा वनस्पतियों की वृद्धि को रोकने के लिए सड़कों तथा पेवमेन्ट का निर्माण, सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाने, संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर खुले में शौच से मुक्त करना।

# आनलाइन उपस्थिति का विरोध, सफाईकर्मियों ने निकाला जुलूस

**● विकास भवन व कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सीएम को भेजा ज्ञापन**

**संवाददाता।** फतेहपुर




**जिलाधिकारी** व जिला पंचायत राज अधिकारी ने पंचायती राज निदेशक के पत्र पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति को आनलाइन जियो फेसिंग के माध्यम से कराये जाने का विरोध मंगलवार को सफाई कर्मियों ने किया। नहर कालोनी प्रांगण से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कर्मचारी विकास भवन व कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां प्रदर्शन करते हुए प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आदेश को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की। संघ के पदाधिकारी नहर कालोनी प्रांगण में एकत्र हुए। जहां स्लोगन लिखे बैनर लेकर जुलूस की शक्ल में विकास भवन व कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। रास्ते पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने आनलाइन उपस्थिति का विरोध दर्ज कराते हुए आदेश को तुगलकी फरमान बताया। सफाई कर्मचारियों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मी जो साक्षर व अशिक्षित हैं और पंचायत घर में पंचायत सहायक द्वारा हाजिरी में सहयोग हेतु आदेश दिया गया है लेकिन पंचायत घर अधिकतर राजस्व ग्रामों से एक-पांच किलोमीटर दूर स्थित है और पंचायत सहायक की ड्यूटी दस बजे सुबह की होती है लेकिन सफाई कर्मी की ड्यूटी सात बजे ग्रीष्मकाल व आठ बजे शीतकाल में होती है इसलिए सफाई कर्मी की उपस्थिति प्रमाणित होना एक बड़ा विषय है। सफाई कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर दूसरे जगहों पर टीक के द्वारा कार्य कराया जाता है। चुनाव का कार्य भी लिया जाता है। अधिकारियों व बाढ़, महामारी व अनेक जनप्रतिनिधियों के यहां भी लगाया जाता है। जिससे सफाई कर्मचारियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सीएम से मांग किया कि इस तरह के आदेश को तत्काल निरस्त किया जाये। इस मौके पर शिव प्रकाश पाल, प्रेरणा देवी, अतुल पटेल, अमर सिंह, रामधनी, अजय मिश्रा, बालकरन, महेश पाल, नीरज बाल्मीकि, ममता देवी, शिव भोला सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, सुधीर बिंदेश्वरी, महेंद्र यादव, प्रमोद पटेल, राममूरत भी मौजूद रहे।

# आयकर अधिकारियों ने बैठक कर अधिवक्ताओं को दी अग्रिम आयकर की जानकारी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**आयकर** कार्यालय में आयकर अधिकारी नितिन शुक्ला की अध्यक्षता में आज अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आहूत की गई, जिसमें सभी अधिवक्ताओं को अग्रिम आयकर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि आयकर अधिनियम की धारा दो हजार आठ के अंतर्गत जिस व्यक्ति य संस्था पर आयकर की दस हजार रुपए से अधिक की कर देयता बनती है तो इस वित्तीय वर्ष की अवधि में अनुमानित कर का 45 फीसदी 15 सितंबर को एवं शेष 15 मार्च तक अग्रिम आयकर जमा कराया जाएगा, ऐसा न करने की दशा में ब्याज वरदान देना पड़ेगा। इस आयोजन में आयकर अधिकारी श्री शुक्ला समेत आयकर निरीक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव व श्रीमती रीना श्रीवास्तव, कर सहायक कृष्णा दयाल, रामचंद्र पाल यादव एवं आयकर अधिवक्ता श्रवण गणेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह, अमित रस्तोगी, उमेश मौर्य, रवि प्रकाश त्रिवेदी, आराधना, मनोज सिंह, मनीष दुबे एवं अन्य मौजूद रहें। इस आयोजन का उद्देश्य आयकर दाताओं को आयकर की अग्रिम किस्त जमा करने के लिए जागरुक एवं प्रसारित करना है।

# जागरूकता कार्यशाला व भृगु आर्गेनिक उत्पादों के बिक्री केंद्र का शुभारंभ

**संवाददाता।** फतेहपुर

**मलवां** विकास खंड के चौडगरा कस्बे में कृषक उत्पादक संगठनों की जनपद स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाई द्वारा कृषकों को समृद्ध बनाने के लिए जागरूकता कार्यशाला पीजीएस प्रमाणित भृगु आर्गेनिक उत्पादों के बिक्री केन्द्र का जिलाधिकारी श्रुति ने फीता काटकर कर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठनों के माध्यम से कृषकों की आय बढ़ाकर समृद्ध बनाना इस जागरूकता कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ रही बीमारियों से निजात पाने के लिए हमे सकारात्मक सोच के साथ जैविक खेती की ओर बढ़ना होगा। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों, तकनीकी रूप से सहयोग करके कृषको की आय बढ़ाना है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि कृषको की आय दोगुना करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। बस जरूरत है जमीनी स्तर पर कार्य करने की। इसके लिए लाभांवित होने वाली योजनाओं की जानकारी हो जिसके माध्यम से अपने ज्ञान को कर्म में परिवर्तित कर अपने क्षेत्र में विशेषता हासिल की जा सकती है। उप कृषि निदेशक, डीडीएम नाबार्ड, कृषि वैज्ञानिकों, तकनीकी सलाहकारों आदि ने कृषि क्षेत्र में विकास संबंधी और तकनीकी का प्रयोग, योजनाओं, कार्यक्रमों आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। एफपीओ ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, उप कृषि निदेशक को अंग वस्त्र, मिलेट्स की टोकरी व इलायची का पौध भेंट कर सम्मानित किया।

डीएम ने पांच प्रगतिशील कृषकों सौरभ श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार मौर्य, संतोष सिंह बाबुन, रामबली पाल, अर्जुन पासवान को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिंदकी मनीष कुमार, नायब तहसीलदार बिंदकी, उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार, डीडीएम नाबार्ड प्रसून चंद्रा, जिला उद्यान अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक डा. जितेन्द्र सिंह, डा. साधना वैश्य, सहकार फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के संचालनकर्ता रमाकांत त्रिपाठी, पूर्व प्रधानाचार्य सर्वोदय इंटर कॉलेज गोपालगंज स्वयंबर सिंह, रामप्रकाश सिंह चौहान सहित एफपीओ के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

# भारत माता के नारों से गूंजा नगर दक्षिणी

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के हुसैनगंज संयोजक अजय सिंह उर्फरिंकू लोहारी के नेतृत्व में नगर दक्षिणी में भी कलश में मिट्टी व चावल एकत्र किए गये। भारत माता के नारों से नगर दक्षिणी गूंजता रहा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षिणी नगर अध्यक्ष जय प्रकाश फौजी व युवा भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी के नेतृत्व में सैदाबाग वार्ड में भारत माता के जयकारे के साथ घर-घर जाकर लगभग दो सौ घरों से मिट्टी एवं चावल कलश में लेकर देश प्रेम का संदेश जनता ने दिया।

बताया कि इस अभियान में गांव एवं शहर की जनता के अंदर देश प्रेम की भावना और मजबूत हो रही है। इस मौके पर जिला महामंत्री कुलदीप भदौरिया, सभासद सुनील गुप्ता, हरिराम लोधी, जसवंत गिहार, रईस अहमद, गुफरान, इकबाल सिंह, अनीस मौर्य, महिला मोर्चा से ज्ञाना पासवान, उमा लोधी भी मौजूद रहीं।

# बिजली कर्मी से मारपीट करने वाले सभासद पर कार्रवाई की मांग

**संवाददाता।** फतेहपुर

**कोड़ा** जहानाबाद के सभासद पर नगर पालिका के बिजली कर्मी के साथ अभद्रता व मारपीट किये जाने को लेकर स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंगठन उप्र के तत्वाधान में कर्मियों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया। प्रांतीय संगठन मंत्री व मंडल अध्यक्ष मंसूर अहमद के नेतृत्व मे कर्मचारियो ने जहानाबाद कस्बे में सभासद प्रयाग सिंह यादव द्वारा नगर पालिका के बिजली कर्मी मनोज कुमार के साथ मारपीट की घटना का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया। कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी को ज्ञापन देते हुए दोषी सभासद पर कार्रवाई किये जाने की मांग किया। डीएम व एसपी को दिये ज्ञापन में कर्मचारियो ने बताया कि छह सितंबर को बिजली कर्मी मनोज कुमार अपने कार्यक्षेत्र में कार्य कर रहे थे। उसी दौरान वार्ड नं. 13 लालागली के सभासद प्रयाग सिंह यादव द्वारा फोन से लाइट संबंधी कार्य करने को कहा गया। बिजली कर्मी मनोज कुमार ने कुछ देर में करने की बात पर सभासद ने फोन पर गालियां व देख लेने धमकी दी। घटना की थाने में शिकायत करने पर सभासद ने मनोज व विभाग के अन्य कर्मचारियों को फंसाने को धमकाया। साथ ही बताया कि पीड़ित कर्मी द्वारा घटना की सूचना थाने में देने के बाद भी कार्रवाई नही की गई। कर्मचारियों ने दोषी सभासद के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग किया। इस मौके पर मनोज कुमार, संतोष, अनीस, जयकरन, बबलू, विनोद, मकसूद आदि रहे।

# रथ यात्रा निकालकर साहू समाज को एकजुटता का दिया संदेश

**फतेहपुर।** भगवान जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी एवं साहू राठौर जन जागृति अधिकार यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के शहर भ्रमण के पूर्व आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने साहू समाज को एकजुट होकर समाज के लिए यह कार्य करने के आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राकेश राठौर ने शिरकत की। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर का साहू समाज के जिलाध्यक्ष मनोज गांधी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात आयोजित गोष्ठी मे वक्ताओं ने साहू राठौर जन जागृति अधिकार की बात करते हुए समाज को एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिये कार्य करने का आह्वान किया।

गोष्ठी के पश्चात जिलाध्यक्ष मनोज गांधी के नेतृत्व में रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा पक्का तालाब से बाकरगंज, नगर पालिका, पत्थरकटा, पटेल नगर, वर्मा चौराहा, ज्वालागंज होते हुए वापस पक्का तालाब स्थित मैरिज हॉल में पहुँचकर समाप्त हुई। इस मौके पर सह संयोजक राजेश गांधी, विजय लक्ष्मी साहू, भारती गांधी, राजकुमार साहू, राजू साहू, विक्की साहू भी मौजूद रहे।

# मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो कराएगा पांच सौ यूनिट रक्तदान

**● प्रदेश में सर्वाधिक रक्तदान करेगा फतेहपुर युवा मोर्चा : सुनील**

**संवाददाता।** फतेहपुर

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा द्वारा आगामी 18 सितंबर को समूचे विश्व में भारत को अग्रणी श्रेणी में लाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों हेतु कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू एवं जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा रहें। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदेश सुनील साहू ने बताया कि आगामी 18 सितंबर को समूचे जनपद के चार स्थानों पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

बताया कि लगभग पांच सौ रक्तदानियों का रजिस्ट्रेशन जारी है। फतेहपुर के युवाओं में रक्तदान के प्रति उत्साह चरम पर है। लक्ष्य रहेगा कि फतेहपुर जनपद में रक्त संग्रहण की कैपेसिटी को पूर्ण किया जा सके। बताया कि फतेहपुर एवं अयाह शाह विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं का रक्तदान फतेहपुर सदर अस्पताल में किया जाएगा। बिंदकी एवं जहानाबाद के कार्यकर्ताओं हेतु रक्तदान शिविर बिंदकी सीएचसी लगाया जाएगा। वहीं खागा में रक्तदान शिविर खागा सीएचसी में लगेगा। हुसैनगंज विधानसभा के कार्यकर्ताओं हेतु शिविर हथगाम सीएचसी में लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु समस्त विधानसभाओं से प्रभारियों को भी जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी है। जिला महामंत्री प्रसून तिवारी ने बताया कि फतेहपुर सदर विधानसभा संयोजक एवं सह संयोजक क्रमशः शुभम त्रिपाठी एवं सुयश गौतम, हुसैनगंज विधानसभा से गौरव अग्रहरी एवं सौरभ अवस्थी, खागा विधानसभा से विमलेश पांडेय एवं उत्कर्ष जयसवाल, अयाह शाह विधानसभा से ऐश्वर्य सिंह चंदेल एवं सत्यम बाजपेई, बिंदकी विधानसभा से आशीष तिवारी एवं कोमल सिंह तथा जहानाबाद विधानसभा से रोहित उत्तम एवं शिवा गुप्ता को रक्तदान संबंधित पूर्ण जिम्मेदारियां निर्वाहन किए जाने की बात कही। बताया गया कि दो अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा। स्वच्छता अभियान से कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। बैठक के उपरांत बिंदकी स्थिति बवानी इमली से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी कलश में भरी गई। रक्तदान शिविर हेतु सीएमओ/सीएमएस से भी चर्चा परिचर्चा की गई।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य ऋतिक पाल, जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रहरी, आशीष तिवारी, जिला मंत्री शुभम त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष किशन शुक्ला, आयुष अग्रहरी, रोहित मौर्य, सचिन पांडे, सत्यम अग्रवाल, जुगेश सिंह, हिमांशु, नीरज निषाद, गौरव चौहान, सचिन विश्वकर्मा, गौरव अग्रहरी, अभिषेक सिंह, अंकित जायसवाल, सुयश सिंह, अजीत भदौरिया, नवनीत सिंह, अभिषेक सैनी, संदीप विश्वकर्मा, आशुतोष विश्वकर्मा, सौरभ अवस्थी, आशीष तिवारी आदि मौजूद रहें।

# वैश्य रत्न गंगा प्रसाद साहू की मूर्ति का हुआ अनावरण

**फतेहपुर।** समाजसेवी एवं वैश्य रत्न विभूषित स्व. गंगा प्रसाद साहू की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों का मंगलवार को समापन हो गया। जमालपुर स्थित श्री पराग साहू इंटर कालेज के प्रांगण में वैश्य रत्न की मूर्ति का विधि विधानपूर्वक अनावरण किया गया। तत्पश्चात सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा के समापन पर परिसर में ही विशाल भंडारा हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्री पराग साहू इंटर कालेज में पूर्व ब्लाक प्रमुख अनीता साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबली साहू ने परिसर में ही परिवार के सभी सदस्यों के साथ स्व. साहू की प्रतिमा का अनावरण किया। तत्पश्चात परिवारीजनों ने मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उधर श्रीमद भागवत महापुराण का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। राजकुमार साहू व राजू साहू ने बताया कि उनके बताये गये रास्ते पर चलकर भविष्य में भी गरीब व दीन-दुखियों की परिवारीजन मदद करते रहेंगे। इस मौके पर देवरती, पूनम साहू, गायत्री साहू, पूजा, प्रीती, राधा, कृष्णा, राजकुमारी, आयूषी, शुभी साहू, शकुंतला, राजकुमार, डा. राकेश साहू, दिनेश चंद्र, रामचंद्र, बिंदा प्रसाद, महेश, बिंदेश, रामशंकर के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# इन गांवों में होगी चकबंदी क्रियाएं

**फतेहपुर।** बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि जनपद के कई ग्रामों में चकबंदी क्रियाएं आरंभ करने का निश्चय किया गया है। उन्होने बताया कि किशोई मुस्तकिल, कल्यानपुर कसार, कस्बा सोहन, कूरा, काशिमपुर, कृपालपुर, खरगसेनपुर, खेमकरन बसई, खासमऊ, गनेशदासपुर, गंगारामपुर, गोपालपुर तेल्हाई, टेसाही खुर्द, टेनी, तुलसीदासपुर, देवारा, फतेहपुर टेकारी, चक बिचपरा, शाहपुर, शाहजहांपुर सेलरहा, हरीरामपुर गोबरौरा, त्रिलोचनपुर में चकबंदी क्रियाएं होंगी। इसी तरह खागा तहसील के सूदनपुर गांव में भी कार्यक्रम किया जायेगा।

# युवक ने पंखे में दुपट्टा बांधकर लगाई फांसी

**मोहम्मदी खीरी।** नगर मे रह रहे परिवार सहित एक युवक ने घर के एक कमरे मे पखे मे दुपट्टा बाध कर लगाई फासी,पुलिस ने पचनामा भर कर शव भेजा पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर खीरी। जानकारी के अनुसार रमन शुकलापुर मगदापुर का रहने बाला है तथा एक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी के पद पर नौकरी करते थे नगर के बारा रोड पर एक मकान पर किराए पर परिवार सहित रहते थे आज सुबह एक कमरे में पंखे से दुपट्टा लटका कर फांसी लगाकर अपनी जान देती जानकारी के अनुसार रमन शुक्ला शराब पीने के काफी आदी थे तथा इस बजह से लगातार पत्नी से विवाद होता रहा है,जिस समय रमन ने फासी लगाई पत्नी दूसरे कमरे मे पूजा कर रही थी, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया की जानकारी होने पर पुलिस वहां पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा विवेचना जारी है।

# सामूहिक विवाह के लिए करायें आनलाइन आवेदन

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जिला** समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन एवं जोड़ो के आवेदन हेतु वेबसाइट पर आवेदन किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। विवाह में सम्मिलित होने के लिए जिला समिति से निर्धारित तिथि से सात दिवस के पहले तक किये गये आवेदन पत्रों पर बजट की सीमा तक समिति द्वारा विचार किया जायेगा। शेष आवेदन पत्रों को अगली तिथि हेतु अग्रणीत किया जायेगा। विवाह हेतु तिथि का निर्धारण शीघ्र किया जायेगा। इच्छुक लाभार्थी वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक जोड़े विवाह पर व्यय होने वाली धनराशि इक्यावन हजार रूपये है। जिसमें पैंतीस हजार रूपये की धनराशि ई-कुबेर प्रणाली से कोषागार के माध्यम से कन्या के खाते एवं दस हजार की सीमा तक प्रत्येक जोड़े को वैवाहिक सामग्री वस्त्र, बर्तन, पायल, बिछिया, दिवाल घडी आदि परित्यक्ता/तलाकशुदा पुर्नविवाह का प्रकरण में वैवाहिक सामग्री पांच हजार होगी एवं छः हजार प्रति जोड़े की दर से सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किया जाने का प्रावधान है।

# बारिश बनी काल, कच्ची दीवार गिरने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** जिले में रूक-रूक कर हो रही बारिश अब लोगों के लिए मुसीबते भी खड़ी कर रही है। कच्चे मकानों में रहने वाले लोग दहशत के साये में जी रहे हैं। सोमवार की देर रात असोथर थाना क्षेत्र के बिलारीमऊ गांव निवासी भगमनिया रैदास पत्नी स्व. राम मनोहर रैदास अपने तीन पुत्रों अमित कुमार रैदास, विनय कुमार रैदास व सोनू रैदास के साथ कच्चे मकान के छप्पर के नीचे सो रही थी। देर रात अचानक कच्ची दीवार भर-भराकर ढह गई। जिसके मलबे के नीचे दबकर सोनू की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गये और मलबे को हटाकर शव को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सदर, संबंधित लेखपाल व असोथर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उन्होने कहा कि पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाई जायेगी।

# इंडियन रेडक्रास सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर

**संवाददाता।** फतेहपुर

**इंडियन** रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ आरपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पीके सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने अतिथियों को बैज अलंकृत कर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

रक्तदान करने वालों में बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, समाजसेवी महेंद्र शुक्ल, रेडक्रास सोसाइटी के सचिव अजीत सिंह, दीपिका श्रीवास्तव ने पहली बार, प्रशांत चतुर्वेदी, सुशील कुमार, हिमांशु शुक्ल, डॉ नवीन श्रीवास्तव, रजनीश कुमार अवस्थी, मोहम्मद अमजद, प्रवीण कुमार सिंह रहे। कुल 11 लोगों ने रक्तदान किया। 25 लोगों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया। सभी रक्तदानियों को माल्यार्पण व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी को जलसंरक्षण जागरूकता पत्रक भी दिये गये।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन, विभागाध्यक्ष डॉ वरदवर्धन बिसेन, डॉ मनीषा राज, प्रहलाद सिंह गौतम, नीरज सिंह चौहान, रेडक्रास सोसाइटी सलाहकार संजय श्रीवास्तव, सदस्यता प्रमुख सुरेश श्रीवास्तव, अनुज कुमार श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, रक्तकेंद्र से कौशल श्रीवास्तव, दीपाली वर्मा, अशोक शुक्ल, कमला प्रसाद, बृज किशोर आदि उपस्थित रहे।

# भदई अमावस्या मेला सम्पन्न कराने की तैयारी में जुटा प्रशासन, बैठक में बनाई गई कार्य योजना





● मेले के चलते बंद रहेगें सभी विद्यालय

● धर्म नगरी को सजाने में जुटी नगर पालिका

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में भाद्र पद अमावस्या मेला के संबंध में बॉर्डर बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट की सभागार में हुआ। बैठक में रोड डायवर्जन व सुरक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की सुरक्षा में लगे पुलिस प्रशासन की सूची आपस में शेयर कर समन्वय बनाए। उन्होंने यह भी कहा कि परिक्रमा मार्ग में वर्षों की भांति इस बार भी अगरबत्ती व धूप नहीं जलाई जाएगी। कहा कि परिक्रमा मार्ग पीली कोठी के पास रोड बनाया जा रहा है जो समस्या ग्रस्त है इसमें विशेष सावधानी बरतें।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने भादों माह की अमावस्या मेला तैयारी बाबत पार्किंग स्थल, परिक्रमा मार्ग व रामघाट का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दुर्गादास का पुरवा, पोद्दार इंटर कॉलेज, रामायण स्थल आदि पार्किंग स्थलों को देखा।

भदई अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन चित्रकूट धार्मिक क्षेत्र में आवश्यक सुख-सुविधाएं जुटाने में लगा हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के सौजन्य से अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव और सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला अपनी टीम के साथ तीर्थ क्षेत्र में व्यवस्थाएं कर रहे हैं। अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि मेला क्षेत्र में चार खोया पाया केंद्र बनाए जा रहे हैं। भीड़ में तमाम श्रद्धालु एक दूसरे से बिछड़ जाते हैं उन्हें आपस में मिलाने के लिए खोया पाया केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

जिलाधिकारी ने कहां की अग्नि शमन की समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए। कहा कि यूपी व एमपी में गोताखोरों व कंट्रोल रूम का कनेक्ट नंबर एक दूसरे में शेयर करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति निर्वाध रहने के लिए जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं व संपूर्ण मेले में 24 घंटे में तीन बार साफ-सफाई भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्राली से आने वाले श्रद्धालुओं को क्षेत्रीय थाना में रोक ले। आज शाम से ही ट्रैक्टर ट्राली मेला क्षेत्र में नहीं आनी चाहिए। यह सभी उप जिला अधिकारी सुनिश्चित कराएं।

## पबजी खेलने से रोकने पर मंत्री के पेशकार के बेटे ने की आत्महत्या

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में पबजी गेम को मना करने पर मंत्री के पेशकार के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नगर के छोटी बाजार की इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी छोटी बाजार में स्थित हनुमान मंदिर के समीप दिलीप गुप्ता जो कि वर्तमान में राज्य मंत्री रामकेश निषाद के सहयोगी हैं और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। रात करीब साढ़े 12 बजे पिता दिलीप जब घर पहुंचे तो अरुण अपने कमरे में नही था छत जाकर देखा तो अरुण फंदे पर लटक रहा था। 14 वर्षीय पुत्र अरुण अपने पिता की एकलौती सन्तान था और बांदा के एक विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र था एक इंग्लिश स्कूल सेंट मैरी में पढ़ रहा था इन दिनों उसकी छमाही परीक्षा चल रही थी रात्री में मोबाईल पर पबजी गेम खेल रहा था इस पर मा ने उसे डांट दिया जिससे वह नाराज हो गया और अपने ही घर की तिमंजले में जा कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य समिति बैठक की अध्यक्षता

● आयुष्मान भवः अभियान के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश

● टीकाकरण शत प्रतिशत पूर्ण कराने पर दिया जोर



**संवाददाता।** बांदा

**जिलाधिकारी** श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुष्मान भवः अभियान के दिनांक 17 सितम्बर, 2023 से 02 अक्टूबर, 2023 तक सफलतापूर्वक आयोजन किये जाने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने हेतु चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस अभियान की तिथिवार कार्य किये जाने की योजना बनाकर एवं विशेष रूचि लेकर कार्य करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही व कमी नही रहने पाये।

आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में दिनांक 17 सितम्बर से स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत पीएचसी/सीएचसी एवं सभी स्वास्थ्य सुविधाओं पर स्वच्छता अभियान चलेगा तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में कराये जाने के साथ अंग दान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोंगो को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के अन्तर्गत 17 सितम्बर को आयुष्मान मेला का आयोजन जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा तथा प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एवं वेलनेश सेन्टर में किया जायेगा।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के अन्तर्गत टीकाकरण के कार्य को दिनांक 11 से 16 सितम्बर तक शत-प्रतिशत रूप से पूर्ण करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी एमओआईसी आशाओं की प्रातः बैठक कर टीकाकरण एवं अन्य कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा करें तथा कार्यों में आपेक्षित सुधार लायें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन आशा एवं आंगनबाडी के द्वारा कार्य नही किया जा रहा है, ऐसी आशाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

# एक और हत्यारोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, आलाकत्ल बरछी बरामद



**चित्रकूट।** अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की टीम ने एकराय होकर मारपीट कर हत्या के एक और आरोपी को आलाकत्ल बरछी समेत गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि नौ सितम्बर को पहाडी थाना क्षेत्र के चौरा गांव के मजरा सड का पुरवा की तुलसा पुत्री विजय बहादुर ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि विपक्षियों ने एकराय होकर लाठी-डंडा व बरछी से उसके पिता विजयबहादुर (48) व चाचा भुजवल पुत्र निर्पत यादव को घेरकर हत्या करने की गरज से गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व बरछी से हमलाकर विजय बहादुर की हत्या कर दी थी। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग गये थे। पहाडी थाने में घटना का मुकदमा हरीशचन्द्र आदि 15 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ था। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामानन्द पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी चौरा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरछी बरामद की। इसके पहले इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर, दीवान श्यामकरन कुशवाहा, सिपाही विनोद कुमार, गुड्डू यादव शामिल रहे।

## पति की प्रताड़ना से तंग वृद्ध पत्नी पहुंची पुलिस की शरण में

**जालौन, उरई।** पति की प्रताड़ना से तंग पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर पति के खिलाफकार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा खुर्द निवासी विरमा पत्नी रमेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके पति आए दिन उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट करते रहते हैं। उसने कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन उनकी आदतों में सुधार नहीं हो रहा है।

# नवागंतुक डीएम ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ कार्यभार संभाला



**उरई, जालौन।** नवागत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कोषागार कार्यालय में गार्ड आफ आनर के साथ विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। जिलाधिकारी ने जनपद के अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक में प्रति एक अधिकारी से परिचय प्राप्त करते हुये उनकी सेवा संबंधी अनुभव की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में सभी अधिकारी अपने कार्यो का भलीभांति निवर्हन करे, किसी भी कार्य में अनावश्यक बिलम्ब न करें, सभी कार्यो को समय सीमा के अंदर पूर्ण करें, साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कर आच्छादित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अरूण मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार, मांगे पूरी न होने तक करेंगे कार्य का बहिष्कार

● हापुड़ कांड पर वकीलों का विरोध प्रदर्शन जारी

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**बीते** दिनों हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट के तत्वावधान में मंगलवार को भी अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया। अधिवक्ता मांगें पूरी होने तक कार्य बहिष्कार की बात कर रहे हैं।

बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट के अध्यक्ष जंगबहादुर सिंह ने बताया कि हापुड़ में जिस तरह अधिवक्ताओं पर बर्बरतापूर्ण तरीके से लाठीचार्ज हुआ है, वह निंदनीय है। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए बार काउंसिल द्वारा कुछ मांगे रखी गई हैं। लेकिन उन मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक अधिवक्ता न्यायायिक कार्य से विरत रहेंगे। सोमवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी और घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिलाने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश में तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की भी मांग की।



## कोंच में वकीलों ने नारे लगा दिखाई एकजुटता

**कोंच, जालौन।** हापुड़ में वकीलों के साथ किए गए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की घटना से पूरे प्रदेश के अधिवक्ता उद्वेलित हैं और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर उनका आंदोलन जारी है। वकीलों की मांग है कि लाठीचार्ज के दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मियों पर कार्यवाही हो और पीड़ित वकीलों को मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा कई अन्य मांगों को लेकर जारी आंदोलन के क्रम में मंगलवार को बार कोंच के वकीलों ने अध्यक्ष हरीसिंह निरंजन की अगुवाई में न्यायिक कार्य नहीं किए। और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद तथा बार एकता जिंदाबाद के नारे लग एकता व एकजुटता प्रदर्शित की।

## क्विक न्यूज

### 5 किलो से अधिक गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** मूसानगर थाना पुलिस ने 5 किलो 2 सौ ग्राम गॉजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उपनिरीक्षक शोभित कटियार व एसआई वीरेन्द्र सिंह सोमवार की रात्रि गश्त पर थे तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल ने ग्राम सरॉय मूसानगर निवासी महराज सिंह यादव की मुगल रोड सडक के बायी ओर रक्खी गुमटी पर छापा माकर कर अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया, पूँछतॉछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपनी गुमटी से पान मसाले के साथ 20,50,100 रुपये की गांजे की पुड़िया बेचता है, उसने आगे बताया कि घाटमपुर की ओर आने वाले एक ट्रक से वह गॉजे की खरीद करता है। अभियुक्त के खिलाफअवैध गॉजे की बरामदगी पर एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया है।

### फैक्ट्री में चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**कानपुर देहात।** रनियॉ के जेके पॉलीमर्स फैक्ट्री में चोरी की घटना को ॲंजाम देने वाले 2 अभियुक्तों को एसआई देवेन्द्र कुमार पाल, हरिओम सिंह व रनियॉ पुलिस बल ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अभियुक्तों रामजी पाल निवासी ग्राम चिरौरा व नीलेश पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम रामायन भरथना इटावा के खिलाफजनपद इटावा के भरथना थाने में संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज है, गिरफ्तार अभियुक्तों से चोरी किये गये दो डाई बनाने वाले पाईप बरामद किये गये है।

### भण्डारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया



**रूरा, कानपुर देहात।** भादों के दूसरे मंगल को कस्बे के मुख्य तिराहा पर ओवब्रिज पुल के नीचे बीते पॉच वर्षो से आयोजित किये जा रहे भण्डारे पर भारी सॅख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजन समिति सहित अन्य लोग मौजूद रहे। भादों के दूसरे मॅगलवार को मुख्य तिराहे के प्रमुख मिष्ठान्न व्यवसायी महेशचन्द्र गुप्ता व साउण्ड एवॅ लाइट व्यवस्था के सॅचालक ओम जी मिश्रा द्वारा स्थानीय व्यवसायियों के सहयोग से पांच वर्षो से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है।

# पेज एक का शेष

## सनातन पर...

हैं, लेकिन क्या वे अन्य धर्मों और उनके पवित्र व्यक्तित्वों की आलोचना करने का साहस जुटा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत का हर रोज अपमान किया जा रहा है और भाजपा इस मुद्दे को लेकर देश भर के गांवों में जाएगी और विकास तथा विरासत की भी बात करेगी। प्रसाद ने विपक्षी नेताओं से सवाल किया कि सनातन धर्म का यह शर्मनाक अपमान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने हाल ही में भारत द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन की बैठक के दौरान कोणार्क चक्र और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय को दी गई प्रमुखता के बारे में भी बात की। नड्डा के पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ये रंगे हुए लोगों का गठबंधन है, लेकिन जैसे ही ये बोलते हैं, इनकी सच्चाई सामने आ जाती है। सच्चाई कि ए सनातन विरोधी हैं, सच्चाई कि ये चुनाव के वक्त राम नाम जपते हैं, लेकिन राम नाम से चिढ़ते हैं। सच्चाई यह है कि बात मोहब्बत की दुकान की करते हैं लेकिन सामान नफरत का बेचते हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन की सारथी कांग्रेस के युवराज विदेश में जाकर ऐसे समय भारत का अपमान करते हैं, जब जी20 के शानदार और सफल आयोजन के बाद भारत विश्व पटल पर चमक रहा है। उन्होंने कहा, उसी समय पर घमंडिया गठबंधन की सहयोगी द्रमुक के नेता भारत में रहकर शाश्वत सनातन धर्म का बार-बार अपमान करते हैं तथा बांटो और राज करो की नीति के तहत नफरत के बीज बोते हैं। मोहब्बत की दुकान के नाम पर इन लोगों की नफरती विचारधारा को ए देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस सनातन धर्म को भारत से मुगल, अंग्रेज एवं पुर्तगाली शासक नहीं मिटा पाए, उसे मिटाने की बात विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया वाले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया पुरानी बोतल में नई शराब जैसा है। केवल संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का नाम बदला गया है और नाम बदलने से नीति व नीयत नहीं बदलती है। उन्होंने आरोप लगाया, इनका (विपक्षी गठबंधन इंडिया का) एजेंडा सनातन हिंदू धर्म को खत्म करना है। इसका विरोध हिंदू धर्म मानने वाले हर व्यक्ति को करना चाहिए और इस गठबंधन को इनकी जगह दिखाई जानी चाहिए। इस बीच कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। भाजपा नेताओं के बयान के बारे में पूछे जाने पर सुप्रिया श्रीनेत ने मीडिया से बातचीत में कहा भाजपा से हमें राष्ट्रवाद, सनातन धर्म और आजादी के आंदोलन में योगदान पर प्रमाणपत्र नहीं चाहिए क्योंकि इन सब पर उसका स्कोर निल बटे सन्नाटा है। कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। कांग्रेस को किसी से भी, खासतौर पर ढोंगियों से प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की एक टिप्पणी से जुड़े सवाल पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सनातन धर्म में इस तरह की भाषा और आचरण की उम्मीद नहीं की जाती।

## एलएसी पर...

बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गईं। उन्होंने बताया कि अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों, भारी उपकरणों और मशीनीकृत वाहनों को तेजी से भेजने की सुविधा के लिए बीआरओ ने इन परियोजनाओं का काम तेजी से पूरा किया। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। बीआरओ के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री द्वारा समर्पित 89 परियोजनाओं में से 36 अरुणाचल प्रदेश में, 25 लद्दाख में, 11 जम्मू और कश्मीर में, 5 मिजोरम में, 3 हिमाचल प्रदेश में, सिक्किम, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में दो-दो, राजस्थान, नागालैंड, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक-एक परियोजना शामिल हैं। राजनाथ सिंह ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान 89 अन्य परियोजनाओं के अलावा सांबा जिले में बिश्नाह-कौलपुर-फूलपुर रोड पर अत्याधुनिक 422.9 मीटर देवक पुल का भी उद्घाटन किया। प्रवक्ता ने कहा कि बीआरओ ने महत्वपूर्ण रणनीतिक परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा किया और उनमें से कई का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके एक ही कार्य सत्र में किया गया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चारदुआर-तवांग रोड पर 500 मीटर लंबी नेचिफू सुरंग, निर्माणाधीन सेला सुरंग के साथ, रणनीतिक तवांग क्षेत्र को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और यहां तैनात सशस्त्र बलों और तवांग क्षेत्र का दौरा करने वाले पर्यटकों के लिए लाभकारी होगी। इस समारोह में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू वर्चुअली शामिल हुए। प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बागडोगरा और बैरकपुर हवाई क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और पुनरुद्धार से न केवल सीमाओं पर भारतीय वायु सेना की रक्षात्मक और आक्रमण कुशलता में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र में वाणिज्यिक उड़ान संचालन की भी सुविधा होगी। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईआईटी जम्मू परिसर में नॉर्थ टेक संगोष्ठी 2023 के आयोजन स्थल का भी दौरा किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए, राजनाथ सिंह ने घरेलू रक्षा निर्माताओं से लगातार विकसित हो रही दुनिया के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए भारत के लिए अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) में अधिक निवेश करने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम 21वीं सदी में अपने कार्यबल को 19वीं सदी की मानव संसाधन नीति के आधार पर नहीं चला सकते। आज, काम की गुणवत्ता काम के घंटों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण है। बुद्धि और नवप्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करने की जरूरत है जहां वरिष्ठ और कनिष्ठ की अवधारणा हो, श्रेष्ठ और निम्न नहीं महिलाओं को अधिक प्रभावशीलता के साथ अनुसंधान एवं विकास में शामिल करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर, रक्षा मंत्री ने भारत फोर्ज लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड और आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड सहित कई उद्योग भागीदारों को एसआईडीएम चैंपियन पुरस्कार 2023 भी प्रदान किए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी और प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग, डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और एसआईडीएम अध्यक्ष एसपी शुक्ला भी शामिल थे।

## राजद्रोह कानून...

124ए की संवैधानिकता को बरकरार रखा गया था और इसे अनुच्छेद 19(1)(ए) के अनुरूप माना गया था। पीठ ने कहा कि उस समय इस आधार पर कोई चुनौती नहीं दी गई थी कि आईपीसी की धारा 124ए संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का उल्लंघन करती है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील की इस दलील पर गौर किया कि आईपीसी की धारा 124ए की वैधता की फिर से समीक्षा करना आवश्यक होगा क्योंकि प्रावधान की समीक्षा केवल संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के संबंध में की गई थी। पीठ ने अपने पंजीयन कार्यालय को प्रधान न्यायाधीश के समक्ष कागजात पेश करने का निर्देश दिया ताकि कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के गठन के लिए प्रशासनिक स्तर पर उचित निर्णय लिया जा सके। इससे पहले न्यायालय ने इन याचिकाओं पर सुनवाई केंद्र के यह कहने के बाद एक मई को टाल दी थी कि सरकार दंडात्मक प्रावधान की पुनः समीक्षा पर परामर्श के अग्रिम चरण में है। इसके बाद केंद्र सरकार ने 11 अगस्त को औपनिवेशिक काल के इन कानूनों को बदलने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने के लिए लोकसभा में तीन नए विधेयक पेश किए। इसमें राजद्रोह कानून को रद्द करने और अपराध की व्यापक परिभाषा के साथ नए प्रावधान लागू करने की बात की गई है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 11 मई को एक ऐतिहासिक आदेश में इस दंडात्मक कानून पर तब तक के लिए रोक लगा दी थी जब तक कि उचित सरकारी मंच इसकी समीक्षा नहीं करता। उसने केंद्र और राज्यों को इस कानून के तहत कोई नई प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि देशभर में राजद्रोह कानून के तहत जारी जांच, लंबित मुकदमों और सभी संबंधित कार्यवाही पर भी रोक रहेगी। सरकार के प्रति असंतोष पैदा करने से संबंधित राजद्रोह कानून के तहत अधिकतम आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। इसे स्वतंत्रता से 57 साल पहले और भारतीय दंड संहिता के अस्तित्व में आने के लगभग 30 साल बाद 1890 में लाया गया था।

## इंडिया की...

कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी के इस बैठक में शामिल होने की संभावना नहीं हैं, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें समन जारी कर 13 सितंबर को ही पूछताछ के लिए बुलाया है। बनर्जी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा था, इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की पहली बैठक 13 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होने जा रही है, मैं भी इस समिति का सदस्य हूं, लेकिन ईडी ने समन जारी कर इसी दिन मुझे पेश होने के लिए कहा है। पवार और बनर्जी के अलावा, समन्वय समिति में कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, टीआर बालू (द्रमुक), हेमंत सोरेन (झामुमो), संजय राउत (शिवसेना-यूबीटी), तेजस्वी यादव (राजद), राघव चड्ढा (आप), जावेद अली खान (सपा), ललन सिंह (जदयू), डी राजा (भाकपा), उमर अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस), महबूबा मुफ्ती (पीडीपी) और माकपा के एक नेता शामिल हैं।

## उप्र के...

माध्यम से कृषकों के बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद की जायेगी। धान खरीद वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत कृषक हित के दृष्टिगत हाइब्रिड धान विक्रय हेतु कृषक का घोषणा पत्र अथवा हाइब्रिड बीज खरीद प्रमाण पत्र में से एक ही प्रपत्र लिये जाने की व्यवस्था की गयी है। कृषकों से धान खरीद कम्प्यूटराइज्ड सत्यापित खतौनी तथा आधार कार्ड के आधार पर की जायेगी। रेवेन्यू रिकॉर्ड के माध्यम से कृषकों द्वारा बोए गए रकबे का सत्यापन। क्रय केन्द्र का समय प्रातः 09 बजे से सायं 05 बजे तक निर्धारित किया गया है। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर, शेष कार्य दिवसों में क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जिलाधिकारी क्रय केन्द्र के खुलने व बन्द होने के समय में आवश्यक परिवर्तन कर सकेंगे। खरीद विपणन वर्ष 2023-24 धान खरीद हेतु फॉरमर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन एवं फॉरमर्स प्रोड्यूसर कम्पनी को मण्डी परिषद उत्तर प्रदेश से सम्बद्ध होकर खरीद कार्य करने की अनुमति प्रदान की गयी है।

## नोएडा की...

योजना के अंतर्गत झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। परियोजना के पहले चरण में झांसी के 33 राजस्व ग्रामों की 35 हजार एकड़ जमीन को अधिग्रहीत कर औद्योगिक शहर की स्थापना की जाएगी। इस जमीन की कीमत 6312 करोड़ रुपए है। सुरेश खन्ना ने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार की ओर से 5 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई थी और इस वर्ष (2023-24)में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना मद के तहत ऋण के रूप में 5000 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। जो जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, उसमें 8 हजार एकड़ जमीन ग्राम समाज की है। वित्त मंत्री ने बताया कि यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बुंदेलखंड के बहुआयामी विकास को तेज गति मिलेगी। झांसी के आसपास का एरिया बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएगा। इसके माध्यम से कुल 14 हजार हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक शहर विकसित करने की योजना है। यह औद्योगिक शहर झांसी-ग्वालियर मार्ग पर प्रस्तावित है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों से भी जुड़ा होगी। यही नहीं यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से जालौन जनपद से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़कर प्रदेश के अन्य शहरों से अच्छी तरह जुड़ेगी। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत टाउनशिप समेत औद्योगिक स्थापना के लिए आवश्यक सभी आवश्यक सुविधाओं का यहां समावेश होगा। इसके गठन से क्षेत्र का सर्वागीण विकास होगा तथा बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। जन सामान्य को क्षेत्रीय विकास के साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह कदम प्रदेश के विकास में भी बहुत बड़ा योगदान देगा। सरकार ने जो वन ट्रिलियन इकॉनमी बनने का संकल्प लिया है, वो इसके माध्यम से पूरा हो सकेगा।

## जी20 के...

बानी और गारन जैसे मैंग्रोव फूलों का रस मिलाया जाता है। सुंदरबन शहद में फ्लेवोनोइड्स की मात्रा भी अधिक होती है। कश्मीरी पश्मीना शॉल दुनिया की सबसे अनोखी कश्मीरी बकरी के ऊन से बनी है जो समुद्र तल से केवल 14,000 फीट की ऊंचाई पर पाई जाती है। ऊन को बकरी के अंडरकोट में कंघी करके एकत्र किया जाता है। कुशल कारीगर सदियों पुरानी प्रक्रियाओं का उपयोग करके अपने नाजुक रेशों को हाथ से घुमाते, बुनते और कढ़ाई करते हैं। पश्मीना एक समय पद और कुलीनता का सूचक था और सम्मान प्रदान करने का प्रतीक था। कश्मीरी केसर, जिसे लाल सोना भी कहा जाता है, अपने पाक और औषधीय महत्व के लिए दुनिया का सबसे महंगा मसाला है। कश्मीरी केसर (फारसी में जाफरान हिंदी में केसर) दुनिया का सबसे महंगा मसाला है। इसके प्रत्येक धागे में केसर क्रोकस शामिल है। कश्मीरी केसर विशिष्टता और असाधारण गुणवत्ता से परिपूर्ण है। इसकी तीव्र सुगंध और बेजोड़ क्षमता इसे अन्य मसालों से अलग करती है। सुगंधित पेको दार्जिलिंग और नीलगिरि चाय भारत की चाय टेपेस्ट्री के दो शानदार रत्न हैं, जो चाय की खेती और जलसेक की नाजुक कला का प्रतीक हैं। पीको दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों पर 3000-5000 फीट की ऊंचाई पर और नीलगिरि चाय दक्षिण भारत के पहाड़ों में 1000-3000 फीट की ऊंचाई पर पाई जाती है। नीलगिरि चाय दक्षिण भारत की सबसे शानदार पर्वत श्रृंखला से आती है। 1000-3000 फीट की ऊंचाई पर पहाड़ों के हरे-भरे इलाके के बीच उगाई जाने वाली अराकू कॉफी दुनिया की पहली टेरोइर-मैप्ड कॉफी है जो मशीनों या रसायनों के उपयोग के बिना आंध्र प्रदेश के बागानों में उगाई जाती है। कॉफी जैविक है और खेती टिकाऊ है। उत्तर प्रदेश के कन्नौज से जिगराना इत्तर इत्र शिल्प की सदियों पुरानी परंपरा को प्रदर्शित करता है। कारीगर भोर में चमेली और गुलाब के दुर्लभ फूल इकट्ठा करते हैं जब उनकी सुगंध जल-आसवन से युक्त इत्र बनाने के लिए सबसे शक्तिशाली होती है। अधिकारियों ने कहा कि भारत सरकार ने नेताओं को हस्तनिर्मित कलाकृतियों और उत्पादों का एक क्यूरेटेड संग्रह उपहार में दिया जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में बताता है। अतिथियों को उपहार में दिए गए कुछ उत्पाद सदियों पुरानी परंपरा के हैं और उनकी अद्वितीय कारीगरी और गुणवत्ता के लिए दुनिया भर में पसंद किए जाते हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दौरे पर आए नेताओं को एक खादी स्कार्फ और जी20 स्मारक सिक्कों वाला बॉक्स भी उपहार में दिया गया। पीएम मोदी ने विश्व के नेताओं के जीवनसाथियों को भारत की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली वस्तुएं उपहार में दीं। यह शिखर सम्मेलन चार दशकों में भारत द्वारा आयोजित सबसे बड़ी सभा थी और इसने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह की भारत की साल भर की अध्यक्षता के समापन को चिह्नित किया।

# भारत की समृद्ध कृषि-जैव विविधता अनुपम निधिः राष्ट्रपति

**किसानों के अधिकारों के संरक्षण पर भारतीय कानून का पूरी दुनिया मॉडल के रूप में अनुसरण कर सकती है : द्रौपदी मुर्मू**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि पौधों की किस्मों और किसानों के अधिकारों के संरक्षण पर भारतीय कानून का पूरी दुनिया एक मॉडल के रूप में अनुसरण कर सकती है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन संबंधी चुनौतियों के बीच इसका महत्व बढ़ा है। उन्होंने कहा, भारत विविधता से भरपूर एक विशाल देश है, जिसका क्षेत्रफल विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत है। विश्व के पौधों की विभिन्न किस्मों और जानवरों की सभी दर्ज प्रजातियों का 7 से 8 प्रतिशत भारत में मौजूद है। मुर्मू ने कहा कि जैव विविधता के क्षेत्र में भारत पौधों और प्रजातियों की विस्तृत श्रृंखला से संपन्न देशों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की यह समृद्ध कृषि-जैव विविधता वैश्विक समुदाय के लिए अनुपम निधि रही है और देश के किसानों ने कड़े परिश्रम और उद्यमिता से पौधों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण किया है।

किसानों के अधिकारों पर यहां वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने पौधों की किस्मों एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम (पीपीवीएफआर) पेश करके बढ़त हासिल की है, जो खाद्य एवं कृषि के लिए पादप अनुवांशिकी संसाधन पर अंतरराष्ट्रीय संधि से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत ने पंजीकृत किस्मों के गैर ब्रांडेड बीजों के उपयोग, पुनः उपयोग, सुरक्षा, बिक्री और साझा करने सहित किसानों को विविध अधिकार प्रदान किए हैं। मुर्मू ने कहा कि इसके अलावा किसान अपनी किस्मों (बीजों की) का भी पंजीकरण करा सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, हमारा देश किसानों को कई प्रकार के अधिकार प्रदान करता है। भारतीय किसान खुद की किस्मों को पंजीकृत करा सकते हैं, जिन्हें सुरक्षा मिलती है। ऐसा अधिनियम पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय उत्कृष्ट मॉडल के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन द्वारा पेश चुनौतियों तथा संयुक्त राष्ट्र के टिकाऊ विकास लक्ष्यों को हासिल करने के बीच इसका महत्व काफी बढ़ गया है। राष्ट्रपति ने कहा, जैव विविधता, वन्य जीवन, विभिन्न विदेशी पौधों एवं प्राणियों की विस्तृत श्रृंखला ने हमेशा से हमारे जीवन को समृद्ध किया है और इस ग्रह को सुंदर बनाया है। सभ्यता की शुरुआत से ही हमारे किसान ही असली इंजीनियर और वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने मानवता की भलाई के लिए प्रकृति की ऊर्जा और उदारता का उपयोग किया है।

हमने कई पौधों-प्रजातियों को खो दिया है, फिर भी पौधों-प्रजातियों की कई किस्मों की रक्षा एवं उन्हें पुनर्जीवित करने के किसानों के प्रयास सराहनीय हैं, जिनका अस्तित्व आज हमारे लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर पौध प्राधिकरण भवन का उद्घाटन और एक ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत भी की। इस समारोह में कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय इसका अग्रणी संरक्षक है और वे फसल विविधता के सच्चे संरक्षक हैं। किसानों को असाधारण शक्ति और जिम्मेदारी दी गई है और सभी को पौधों और प्रजातियों की विभिन्न किस्मों की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास ने भारत को 1950-51 के बाद से खाद्यान्न, बागवानी, मत्स्य पालन, दूध और अंडे के उत्पादन को कई गुना बढ़ाने में योगदान दिया है, इससे राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है।

# मांडविया ने केरल में निपाह वायरस से दो लोगों की मौत होने की पुष्टि की

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि निपाह वायरस के कारण केरल के कोझिकोड जिले में दो लोगों की मौत हुई है। मांडविया ने कहा कि स्थिति का जायजा लेने और निपाह वायरस संक्रमण से निपटने में राज्य सरकार की सहायता के लिए विशेषज्ञों की एक केंद्रीय टीम केरल भेजी गई है। केरल स्वास्थ्य विभाग ने कल रात जारी एक बयान में कहा कि सोमवार को कोझिकोड में बुखार के कारण दो लोगों की अस्वाभाविक मौत होने की सूचना मिली और मृतकों में से एक के रिश्तेदार भी आईसीयू में भर्ती हैं।

मांडविया ने पत्रकारों से कहा कि यह पुष्टि हो गई है कि कोझिकोड में दो लोगों की मौत निपाह वायरस के कारण हुई। उन्होंने कहा कि स्थिति का जायजा लेने के लिए विशेषज्ञों की एक केंद्रीय टीम राज्य में भेजी गई है और इससे राज्य सरकार को संक्रमण से निपटने में भी मदद मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, केरल के चार और लोगों के नमूने घातक वायरस के परीक्षण के लिए पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान भेजे गए हैं। इससे पहले दिन में, केरल सरकार ने कोझिकोड में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया और लोगों को एहतियात के तौर पर मास्क का उपयोग करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार दो लोगों की मौत को गंभीरता से ले रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि चिंता की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि जो लोग मृतक के निकट संपर्क में थे उनमें से अधिकांश का इलाज किया जा रहा है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर कोझिकोड की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिले में पूरा स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। कोझिकोड में 2018 और 2021 में भी निपाह वायरस से मौत हुई थीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, निपाह वायरस संक्रमण जानवरों से लोगों में फैलता है। यह बीमारी दूषित भोजन या एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैल सकती है।


# पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था का विकास समय की मांगः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करना समय की मांग है। उन्होंने भारतीय वाहन उद्योग से अमृत काल के लक्ष्यों को हासिल करने के वास्ते एक मार्ग प्रशस्त करने को भी कहा। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन में अपने संदेश में मोदी ने देश की वृद्धि में ऑटो उद्योग की भूमिका को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा, आज वृद्धि को गति देने के लिहाज से भारत में परिवहन के विभिन्न साधन महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकलकर नव-मध्यम वर्ग में आते हैं, वहां सामाजिक तथा आर्थिक गतिशीलता आती है।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों के समक्ष सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री का संबोधन पढ़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जैसे ही वे अपनी आकांक्षाओं के माध्यम से देश की वृद्धि को आगे बढ़ाते हैं, वे हमारी अर्थव्यवस्था को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनने की शक्ति देते हैं। इससे ही भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जल्द ही हम शीर्ष तीन में पहुंचने के लिए तैयार हैं। मोदी ने दोहराया कि वाहन उद्योग मूल्य-निर्माण चक्र में उत्प्रेरक और लाभार्थी दोनों है। उन्होंने कहा कि उद्योग ने करोड़ों लोगों को रोजगार देकर आय वृद्धि में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने एथनॉल, फ्लेक्स फ्यूल (पेट्रोल के साथ एथनॉल का मिश्रण), सीएनजी, बायो-सीएनजी, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन जैसी कई वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों का हवाला देते हुए कार्बन उत्सर्जन तथा तेल आयात पर भारत की निर्भरता कम करने के लिए ठोस प्रयास जारी रखने और उन्हें अधिक बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

# डीजल वाहनों पर कर लगाने का कोई प्रस्ताव नहींः गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को उत्सर्जन में कटौती में मदद के लिए डीजल वाहनों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने की आवश्यकता की बात कही, लेकिन बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह का कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 63वें वार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा था कि बढ़ता प्रदूषण स्तर स्वास्थ्य के लिए चिंता का एक गंभीर विषय बन गया है और डीजल वाहनों की बिक्री को कम करने के लिए करों में बढ़ोतरी का मामला बनता है।



गडकरी ने संकेत दिया था कि इस मुद्दे पर उन्होंने एक पत्र तैयार किया है, जिसे वित्त मंत्री के साथ बैठक में उन्हें सौंपा जाएगा। गडकरी ने कहा, मैं वित्त मंत्री से डीजल इंजनावाहनों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने का अनुरोध करूंगा। केवल इसी तरह डीजल वाहनों धीरे-धीरे हटाया जा सकता है। हालांकि, इस बयान के थोड़ी देर बाद ही उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व नाम ट्विटर) पर इसको लेकर सफाई दी।

गडकरी ने एक्स पर लिखा, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि सरकार के समक्ष वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्सर्जन में कटौती के लिए स्वच्छ ईंधन को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने और डीजल जैसे ईंधन के कारण होने वाले वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के साथ-साथ वाहन बिक्री में तेजी से वृद्धि के लिए हमारी प्रतिबद्धताओं के अनुरूप, सक्रिय रूप से स्वच्छ तथा हरित वैकल्पिक ईंधन को अपनाना जरूरी है।

सियाम के वार्षिक सम्मेलन में उन्होंने आगाह किया कि सरकार कर इतना बढ़ा देगी कि डीजल की गाड़ियां बेचना मुश्किल हो जाएगा।देश में फिलहाल ज्यादातर वाणिज्यिक वाहन डीजल से चलते हैं। मारुति सुजुकी इंडिया और होंडा सहित विभिन्न कार कंपनियों ने यात्री वाहन खंड में डीजल से चलने वाली कारों का निर्माण पहले ही बंद कर दिया है।

गडकरी ने कहा कि देश में डीजल कारें पहले ही काफी कम हो गई हैं और विनिर्माताओं को इन्हें बाजार में बेचना बंद करना होगा। उन्होंने डीजल को खतरनाक ईंधन करार देते हुए कहा कि मांग को पूरा करने के लिए देश को ईंधन का आयात करना पड़ता है। गडकरी ने कहा, डीजल को अलविदा कहें...कृपया इन्हें बनाना बंद करें, नहीं तो हम कर इतना बढ़ा देंगे कि डीजल कार बेचना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह डीजल से चलने वाले जनरेटर पर भी अतिरिक्त जीएसटी का प्रस्ताव रखेंगे। वर्तमान में वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है, साथ ही वाहन के प्रकार के आधार पर एक प्रतिशत से 22 प्रतिशत तक अतिरिक्त उपकर लगता है।

# प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार को पार्टी कार्यालय में बंद कर दिया

**बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार को पार्टी कार्यालय में बंद कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जिला इकाई के संचालन में तानाशाही कर रहे हैं। शिक्षा राज्य मंत्री एवं बांकुड़ा के सांसद सरकार अपराह्न करीब। बजे एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, तभी भाजपा कार्यकर्ताओं का एक समूह नारे लगाते हुए पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचा और उन्हें बंद कर दिया।

प्रदर्शनकारियों में से एक मोहित शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं दे रहे हैं और अपने करीबी लोगों को जिला समिति का सदस्य बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, हममें से कुछ को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। हम पार्टी को बचाने के लिए विरोध कर रहे हैं। इस बार, उनकी अक्षमता के कारण भाजपा को बांकुड़ा नगरपालिका में एक भी सीट नहीं मिली, जबकि पिछले चुनाव में दो वार्ड में जीत मिली थी। वे पंचायत की कई सीट पर उम्मीदवार नहीं उतार सके। यह शर्म की बात है।

अफरा-तफरी के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं का एक और समूह मौके पर पहुंच गया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया पुलिस का एक बड़ा दल पार्टी कार्यालय पहुंचा और सरकार को वहां से निकाला गया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा, भाजपा जैसी अनुशासित पार्टी में ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं। अगर कोई शिकायत है, तो उसे उठाने के लिए उचित मंच है। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी। हालांकि, सरकार से इस मामले में उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क नहीं हो सका।

## गोवा में स्कूली छात्रों को मस्जिद ले जाकर मुस्लिम रीति रिवाजों का पालन कराया, प्राचार्य निलंबित

**पणजी।** एक दक्षिणपंथी संगठन की ओर से पुलिस में की गई शिकायत के बाद गोवा के एक निजी स्कूल के प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया गया। संगठन ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि कक्षा 11वीं के कुछ छात्रों को कथित तौर पर एक कार्यशाला के लिए एक मस्जिद में ले जाया गया जहां उनसे धार्मिक अनुष्ठान कराए गए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन के एक सदस्य ने सोमवार को प्रधानाचार्य के निलंबन की सूचना दी जबकि राज्य शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पिछले शनिवार को हुई इस घटना के संबंध में स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा है। एक अधिकारी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कुछ सदस्यों ने वास्को शहर में स्थित स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ कथित रूप से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए सोमवार को वास्को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# मणिपुर में तीन आदिवासियों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मंगलवार सुबह कांगपोकपी जिले में आदिवासी समुदाय के तीन लोगों की हत्या कर दी। इनपर प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों के कैडर होने का संदेह है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कांगगुई इलाके में स्थित इरेंग और करम वैफेई गांवों के बीच घात लगाकर हमला किया गया। तीनों लोगों ने कांगपोकपी जिले के पोनलेन से अपनी यात्रा शुरू की थी और पहाड़ी सड़क का उपयोग करते हुए लेमाकोंग की ओर बढ़ रहे थे, इसी दौरान उन्हें सिंघदा बांध के पास इरेंग में सशस्त्र हमलावरों ने रोका और गोलियां मारीं। हमलावरों ने स्वाचालित हथियारों का इस्तेमाल किया।

अधिकारियों ने बताया कि गोलियों की आवाज सुनकर सेना के जवान आसपास के स्थानों से पहुंचे, तो तीनों के शव खून से लथपथ पड़े देखे। उन्होंने कहा कि बाद में मणिपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। कुकी-जो आदिवासियों के संयुक्त संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने घटना की निंदा की और केंद्र से विद्रोही समूहों पर कार्रवाई करने और घाटी में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को फिर से लागू करने का आग्रह किया। कांगपोकपी के एक सामाजिक संगठन कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने हमले की निंदा की। सीओटीयू ने एक बयान में कहा, यदि केंद्र सरकार यहां सामान्य स्थिति की बहाली को लेकर की गई अपनी अपील के प्रति गंभीर है तो उसे तुरंत घाटी के सभी जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित कर देना चाहिए और अफस्पा लागू करना चाहिए। इससे पहले आठ सितंबर को मणिपुर में तेंगनोउपल जिले के पल्लेल इलाके में भड़की हिंसा में तीन लोग मारे गए थे और 50 से अधिक घायल हो गए थे।

## नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मिलीः सीबीआई

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि संबंधित प्राधिकारियों ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी प्रदान कर दी है। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को बताया कि तीन अन्य आरोपियों के संबंध में अभी मंजूरी नहीं मिली है। न्यायाधीश ने दलीलों पर गौर करने के बाद मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को तय की। सीबीआई ने तीन जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख प्रसाद (75), बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके पुत्र और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत अन्य के खिलाफ कथित घोटाले के संबंध में आरोप पत्र दायर किया था। लालू को इस मामले के साथ-साथ चारा घोटाला मामले में भी जमानत मिली हुई है।

# रोचक ढंग से प्राप्त की विज्ञान की जानकारी

**बलरामपुर।** विज्ञान जैसा कठिन विषय खेल - खेल में भी सीखा और समझा जा सकता है। सर सैयद मांटेसरी स्कूल, पचपेड़वा में ऐसे ही कार्यक्रम हुए। यहां के बच्चों ने वैज्ञानिक विषयों की जानकारी रोचक ढंग से प्राप्त की। बाद में विद्यार्थियों को जब प्रमाणपत्र मिले तो उनके चेहरे खिल उठे। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय बच्चों के लिए वैज्ञानिक गतिविधियां संबंधी दो दिवसीय कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अनूठी शैली में कई वैज्ञानिक विषयों को समझाया। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रख्यात विज्ञान संचार डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि विज्ञान सर्वत्र है। आवश्यकता है कि उसे अधिक से अधिक समाज के लिए उपयोगी बनाया जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में थारू जनजाति के विद्यार्थी भी वैज्ञानिक गतिविधियों से जुड़े। विज्ञान प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। इनमें राहुल, रघुवस, काजल, मनीष, अबू तालिब, कोमल, शाह आलम, मिसवा, नंदिनी, इरशाद, अमरेश, खुशी, मकसूद, विपिन, कुलदीप, आयज़ शामिल थे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक मो. नसीर खान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए। प्राचार्य अली हुसैन खान, शिक्षक मो. मुस्तफा खान, जगदीश प्रसाद गुप्ता, निरंजन लाल गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, संतोष कुमार यादव, जानिना खातून, शबाना खातून तथा विज्ञान के विशेषज्ञ राकेश चौधरी, लोकनायक, अभय कृष्ण, अनिल श्रीवास्तव और संतोष त्रिपाठी ने विशेष रूप से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



## तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में तीन इंजीनियरिंग छात्रों की मौत, आठ घायल

**भाषा।** संगारेड्डी (तेलंगाना)

**तेलंगाना** के सिद्दिपेट जिले में मंगलवार को सड़क दुर्घटना में तीन इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना चिन्ना कोदुर मंडल के अनंतसागर गांव के बाहरी इलाके की है। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल हुए आठ अन्य छात्रों को सिद्दिपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के छात्र एसयूवी में सवार होकर परीक्षा देने करीमनगर गए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना लौटते समय हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्रों की गाड़ी एक खड़ी लॉरी से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि एक मामला दर्ज किया गया है।

# तिरंगे के अपमान वाला ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद मौलवी को हिरासत में लिया गया

**भाषा।** पोरबंदर (गुजरात)

**गुजरात** के पोरबंदर शहर में एक मौलवी को ऑडियो क्लिप के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हिरासत में ले लिया गया, जिसमें उसने राष्ट्रीय ध्वज का कथित तौर पर अपमान किया था। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) भागीरथ सिंह जडेजा ने कहा कि आरोपी की पहचान वासिद रजा के रूप में हुई है। रजा के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद कीर्तिमंदिर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। जडेजा ने बताया कि मौलवी पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

एसपी ने कहा, पोरबंदर में नगीना मस्जिद के मौलवी से इस साल जनवरी में उसके व्हाट्सएप ग्रुप में पूछा गया था कि क्या मुसलमानों को राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए और उसे सलाम करना चाहिए तथा राष्ट्रगान गाना चाहिए। जडेजा ने कहा, एक ऑडियो प्रारूप में अपने जवाब में मौलवी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं, लेकिन उसे सलामी नहीं दे सकते। क्या मुसलमानों को राष्ट्रगान गाना चाहिए इस प्रश्न पर उसने कहा कि उन्हें राष्ट्रगान में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों के कारण ऐसा नहीं करना चाहिए।

मामले में आरोपी मौलवी बहार-ए-शरीयत नामक व्हाट्सएप ग्रुप का एडमिन है, जिसमें उससे राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान पर उसकी राय पूछी गई थी। जडेजा ने कहा, ग्रुप के एक ऑडियो क्लिप के आधार पर कीर्तिमंदिर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। मौलवी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153, 153 ए, 153 बी (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर किया गया कृत्य) और 505 तथा 505 ए (शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए बयान, अफवाह फैलाना) के साथ-साथ राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## गोत्र परम्परा के अनुसार राहुल का उपनाम फिरोज होना चाहिए, गांधी नहीं : निरंजन ज्योति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मंगलवार को राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए उनकी आस्था पर सवाल उठाया और कहा कि कांग्रेस नेता को हिंदू धर्म की गोत्र परंपरा के अनुसार अपने उपनाम के रूप में गांधी के बजाय फिरोज उपयोग करना चाहिए। मंत्री ने आरोप लगाया कि नेहरू-गांधी परिवार हिंदू धर्म को नहीं समझता है। उन्होंने सनातन धर्म के खिलाफ द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर चुप्पी साधे रखने को लेकर नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधा। द्रमुक नेता की टिप्पणी से उपजे विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए कहे जाने पर ज्योति ने कहा, हमारी संस्कृति में, व्यक्ति का धर्म पिता के धर्म से निर्धारित होता है। व्यक्ति का गोत्र उसके पिता के गोत्र पर आधारित होता है। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन, नेहरू परिवार के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है। कभी मां का गोत्र अपना लिया जाता है, तो कभी पिता का। तो फिर, वे हिंदू धर्म के बारे में क्या समझेंगे। मंत्री ने कहा कि राहुल यदि गोत्र परंपरा का पालन करते तो उनका उपनाम गांधी नहीं होता। उन्होंने कहा, उन्हें अपना उपनाम गांधी नहीं लिखना चाहिए। उन्हें अपना उपनाम फिरोज लिखना चाहिए। उनके दादा फिरोज थे...उन्हें सच बताना चाहिए। उन्होंने कहा, अपनी हकीकत बताइए कि आप किस धर्म के हैं। लोगों को बताइए कि क्या आप हिंदू, पारसी या ईसाई हैं। फिरोज गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति थे। दंपति के दो बेटे थे, संजय और राजीव गांधी। राजीव के बेटे राहुल गांधी हैं। भाजपा नेता ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य घटक दलों पर भी हमला किया और कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनमें से किसी ने भी अब तक उदयनिधि की टिप्पणी की निंदा नहीं की है।

# सरकार जब तक मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं करती तब तक धरना स्थल नहीं छोड़ेंगेः जरांगे

**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को कहा कि वह अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल वापस लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन वह धरना स्थल से तब तक नहीं हटेंगे, जब तक कि राज्य सरकार मराठवाड़ा क्षेत्र से मराठा समुदाय को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती है। उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार को एक महीने का समय दे रहे हैं ताकि राज्य द्वारा नियुक्त समिति मराठा आरक्षण पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर सके। मराठा समुदाय के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर करीब 40 वर्षीय जरांगे मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले के अंतरवाली सराती गांव में 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

राज्य सरकार ने निजाम-युग के दस्तावेजों में कुनबी (अब ओबीसी का हिस्सा) कहे जाने वाले मराठा समुदाय के सदस्यों को जाति प्रमाण पत्र देने के लिए कानूनी और प्रशासनिक ढांचे सहित मानक संचालन प्रक्रियाओं को निर्धारित करने के लिए न्यायाधीश संदीप शिंदे (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में पांच सदस्ईय समिति का गठन किया है। इससे मराठवाड़ा क्षेत्र के मराठों को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण प्राप्त करने की अनुमति मिल जाएगी। मराठवाड़ा क्षेत्र में आठ जिले औरंगाबाद, बीड, हिंगोली, जालना, लातूर, नांदेड़, उस्मानाबाद और परभणी शामिल हैं। जरांगे ने मंगलवार को एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, "मैं राज्य सरकार को एक महीने का समय देने के लिए तैयार हूं ताकि समिति एक रिपोर्ट तैयार करे। मैंने राज्य सरकार को स्पष्ट कर दिया है कि उसकी रिपोर्ट सकारात्मक हो या नकारात्मक, इसे मराठा समुदाय को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। उन्होंने कहा, मैं दो कदम पीछे हट रहा हूं ताकि मेरे समुदाय की बदनामी बंद हो। मैं अपना अनशन वापस लेने को तैयार हूं, लेकिन मैं यह जगह खाली नहीं करूंगा। मराठा आरक्षण विरोध का चेहरा बन चुके जरांगे ने कहा, हमने राज्य सरकार को 40 साल दिए हैं, लेकिन उसने कभी भी हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया। यदि राज्य सरकार अपना वादा लागू नहीं करती है, तो वह औंधे मुंह गिर जाएगी।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को जरांगे के नेतृत्व में चल रहे मराठा आरक्षण आंदोलन के मद्देनजर मुंबई में आयोजित एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की थी। शिंदे ने बाद में कहा कि बैठक में भाग लेने वाले सभी दलों ने एक प्रस्ताव पारित कर जरांगे से अपना अनशन वापस लेने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने जालना जिले में मराठा आरक्षण समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज पुलिस मामलों को वापस लेने तथा आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज में शामिल तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की भी घोषणा की। जरांगे ने इससे पहले पत्रकारों से कहा, मैं अपना अनशन तब तक जारी रखूंगा, जब तक राज्य सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने का आदेश जारी नहीं करती। मैं एकमात्र ऐसा प्रदर्शनकारी बन जाउंगा, जिसने राज्य सरकार को अपना दोषपूर्ण आदेश वापस लेने के लिए मजबूर किया हो। मैं इस गलती का स्थाई समाधान चाहता हूं।

